लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आश्विन शुक्ल पक्ष दशमी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 200, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, साइबर धोखाधड़ी का नया तरीका डिजिटल अरेस्ट व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

31 साल के एक्टर से इश्क लड़ाएंगी वामिका गब्बी...15

www.amritvichar.com

आज का मौसम 32.0° अधिकतम तापमान 19.0° न्यूनतम तापमान आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय 06 : 15 सूर्यास्त 05 :47

मुरादाबाद, रविवार, 13 अक्टूबर 2024

भारत को अस्थिर करने के प्रयास हो रहे तेज

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा- भारत को बांग्लादेश के लिए खतरा बताया जा रहा, देश के संकल्प की परीक्षा ले रहे मायावी षडयंत्र

नागपुर में आरएसएस की वार्षिक विजयादशमी रैली को किया संबोधित, कहा- पिछले कुछ वर्षों में भारत अधिक सशक्त हुआ

नागपुर, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत अधिक सशक्त हुआ है तथा विश्व में उसकी साख भी बढ़ी है, लेकिन मायावी षडयंत्र देश के संकल्प की परीक्षा ले रहे हैं। भागवत ने बांग्लादेश की स्थिति के संदर्भ में कहा कि बांग्लादेश में यह बात फैलाई जा रही है कि भारत एक खतरा है और उन्हें बचाव के लिए पाकिस्तान से हाथ मिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र की दृढ़ता धर्म की विजय के लिए शक्ति का आधार बनती है, चाहे स्थिति अनुकूल हो या नहीं। वह नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक विजया दशमी रैली को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा हर किसी को लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत अधिक सशक्त हुआ है तथा विश्व में उसकी साख भी बढ़ी है। कोई भी देश लोगों के राष्ट्रीय चरित्र से महान बनता है। संघ के शताब्दी वर्ष में कदम रखने के कारण यह साल महत्वपूर्ण है। भागवत ने कहा कि भारत में आशाओं और आकांक्षाओं के अलावा चुनौतियां और समस्याएं भी मौजूद हैं। संघ प्रमुख ने कहा हमें अहिल्याबाई होलकर, दयानंद सरस्वती, बिरसा मुंडा और कई ऐसी हस्तियों से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने अपना जीवन देश के कल्याण, धर्म, संस्कृति और समाज के प्रति समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में इजराइल के साथ हमास का संघर्ष अब कहां तक फैलेगा, यह चिंता सबके सामने उपस्थित है। भागवत ने कहा अपने देश की परिस्थितियों में आशा व आकांक्षाओं के साथ चुनौतियां व समस्याएं भी हैं। गत वर्षों में भारत एक राष्ट्र के तौर पर विश्व में सशक्त और प्रतिष्ठित हुआ है। विश्व में उसकी साख बढ़ी है। भागवत ने संतोष जताया कि जम्मू कश्मीर में हाल में हुआ विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने विश्वास जताया कि देश की युवा शक्ति, मातृशक्ति, उद्यमी, किसान, श्रमिक, जवान, प्रशासन, शासन सभी प्रतिबद्धतापूर्वक अपने कार्य में डटे रहेंगे।

परोक्ष ताकतें और सांस्कृतिक मार्क्सवादी सभी के घोषित शत्रु

भागवत ने कहा कि सरकार को नियंत्रित करने वाली परोक्ष ताकतें (डीप स्टेट) और सांस्कृतिक मार्क्सवादी सभी सांस्कृतिक परंपराओं के घोषित शत्रु हैं। उन्होंने कहा कि बहुदलीय प्रजातांत्रिक शासन प्रणाली में सत्ता प्राप्त करने के लिये दलों के बीच स्पर्धा होती है। उन्होंने कहा अगर समाज में विद्यमान छोटे स्वार्थ, परस्पर सद्भावना अथवा राष्ट्र की एकता व अखंडता से अधिक महत्वपूर्ण हो गए या दलों की स्पर्धा में समाज की सद्भावना व राष्ट्र का गौरव व एकात्मता गौण माने गए तो ऐसी दलीय राजनीति में एक पक्ष की सहायता में खड़े होकर पर्यायी राजनीति के नाम पर अपनी विभाजनकारी कार्यसूची को आगे बढ़ाना इसकी कार्यपद्धति है।

नागपुर में विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजा करते संघ प्रमुख मोहन भागवत।

नई पीढ़ी के संस्कारों के क्षरण पर जताई चिंता

भागवत ने संस्कारों के क्षरण पर चिंता जताते हुए कहा कि विभिन्न तंत्रों तथा संस्थानों के द्वारा कराए गए विकृत प्रचार व कुसंस्कार भारत में, विशेषत: नई पीढ़ी के मन-वचन-कर्मों को बहुत बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। बड़ों के साथ बच्चों के हाथों में भी मोबाइल फोन पहुंच गया है, वहां क्या दिखा रहे हैं और बच्चे क्या देख रहे हैं, इस पर नियंत्रण नहीं के बराबर है। युवा पीढ़ी में जंगल की आग की तरह फैलने वाली नशीले पदार्थ की आदत भी समाज को अंदर से खोखला कर रही है। अच्छाई की ओर ले जाने वाले संस्कार पुनर्जीवित करने होंगे। भागवत ने कोलकाता में चिकित्सक से दुष्कर्म-हत्या की घटना को शर्मनाक बताया और कहा कि अपराधियों को बचाने की कोशिशें की गयीं।

आरएसएस है राष्ट्रसेवा में समर्पित : मोदी

नई दिल्ली। आरएसएस के स्थापना के सौवें साल में प्रवेश करने के ऐतिहासिक अवसर पर स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि आरएसएस राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत द्वारा दिए गए वार्षिक विजयादशमी उद्घबोधन का लिंक साझा किया और कहा कि इसे अवश्य सुना जाना चाहिए। इस हिंदुत्व संगठन की प्रशंसा करते हुए मोदी ने कहा कि मां भारती के लिए संघ का संकल्प और समर्पण हर पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में नई ऊर्जा भरने वाला है। भाजपा में आने से पहले मोदी संघ के प्रचारक थे। आरएसएस को भाजपा का वैचारिक मातृ संगठन समझा जाता है। आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी। आरएसएस के पदाधिकारी अनिवार्य तौर पर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन एवं प्रदेश इकाइयों में महासचिव (संगठन) पद पर होते हैं। जो यह सुनिश्चित करते हैं कि संगठन (भाजपा) वैचारिक तालमेल एवं अनुशासन कायम रखते हुए काम करे।

ओटीटी मंच की सामग्री नैतिक भ्रष्टाचार का कारण

नागपुर। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि ओटीटी (ओवर-द-टॉप) मंच पर उपलब्ध सामग्री नैतिक भ्रष्टाचार के कारणों में से एक है और इसे कानून के माध्यम से विनियमित करने की आवश्यकता है। भागवत ने यहां रेशमबाग मैदान में आरएसएस की पारंपरिक विजया दशमी रैली में मूल्य आधारित शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ओटीटी मंच पर जिस तरह की चीजें दिखाई जाती हैं, वे इतनी घिनौनी हैं कि उनके बारे में बात करना भी अशोभनीय होगा इसलिए मैंने कहा है कि इसे कानून के माध्यम से विनियमित करने की आवश्यकता है क्योंकि यह भी नैतिक भ्रष्टाचार के बड़े कारणों में से एक है।

राज्यों को मदरसों की फंडिंग बंद करने की सिफारिश

- एनसीपीसीआर ने कहा- आरटीई मानदंडों का नहीं कर रहे पालन
- इनका फोकस धार्मिक शिक्षा पर बेसिक शिक्षा नहीं दी जा रही

नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष बाल अधिकार संस्था ने मदरसों के कामकाज की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि जब तक कि वे शिक्षा का अधिकार कानून का अनुपालन नहीं करते, उन्हें राज्यों की ओर से दी जाने वाली धनराशि पर रोक लगा देनी चाहिए। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने अपनी ताजा रिपोर्ट आस्था के संरक्षक या अधिकारों के उत्पीड़क? में कहा है कि आरटीई अधिनियम, 2009 के दायरे से बाहर संचालित धार्मिक संस्थानों का नकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि आरटीई अधिनियम से मदरसों को छूट दिए जाने से इन संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करते हैं ताकि उनकी संस्कृति को संरक्षित किया जा सके और शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना की जा सके। रिपोर्ट में कहा गया है कि मदरसों का प्राथमिक जोर धार्मिक शिक्षा पर है, लेकिन कई मदरसे औपचारिक शिक्षा के आवश्यक घटक जैसे पर्याप्त बुनियादी ढांचा, प्रशिक्षित शिक्षक और उचित शैक्षणिक पाठ्यक्रम प्रदान नहीं करते हैं।

मिड-डे मील, ड्रेस और किताबें तक नहीं देते

रिपोर्ट में ऐसे मामलों का भी उल्लेख किया गया है जहां मदरसा के छात्रों को पाठ्यपुस्तकों, वर्दी और मध्याह्न भोजन योजना तक पहुंच जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है। आयोग ने कहा कि यूडीआईएसई 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार, बड़ी संख्या में मुस्लिम बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं और करीब 1.2 करोड़ मुस्लिम बच्चे औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कई मदरसों में जवाबदेही की कमी है, जहां खराब बुनियादी ढांचे और बाल अधिकारों के उल्लंघन के मामलों जैसी चिंताएं सामने आई हैं।

एक नजर

1.47 करोड़ की ठगी के आरोप में 10 गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस के क्षेत्रीय साइबर प्रकोष्ठ ने पांच मामलों में संलिप्तता और पीड़ितों से 1.47 करोड़ रुपये ठगने के आरोप में देश के विभिन्न हिस्सों से 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पीड़ितों को एक फिनटेक कंपनी के माध्यम से शेयर बाजार में निवेश करने का लालच दिया गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद हवाला चैनल और धोखाधड़ी से बनाए गए बैंक खातों के माध्यम से धन की हेराफेरी की गई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है और इस ऑनलाइन गिरोह की आगे की जांच जारी है।

एसआईटी ने अभिनेता सिद्दीकी से की पूछताछ

तिरुवनंतपुरम। मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी से उनके खिलाफ दर्ज दुष्कर्म के एक मामले की जांच के सिलसिले में विशेष जांच दल(एसआईटी) ने शनिवार को फिर से पूछताछ की। युवा अभिनेत्री द्वारा दर्ज कराए गए मामले की जांच के सिलसिले में अभिनेता सिद्दीकी से दूसरी बार पूछताछ की गई। सिद्दीकी से तिरुवनंतपुरम में छावनी पुलिस थाने में अधिकारियों ने करीब दो घंटे तक पूछताछ की। वह सुबह करीब 10.40 बजे पूछताछ के लिए पहुंचे और करीब 12.30 बजे चले गए।

बुराई पर विजय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार शाम लाल किला के परेड ग्राउंड में दशहरा कार्यक्रम में शामिल होकर रावण दहन देखा। धार्मिक लीला समिति के आयोजकों ने राष्ट्रपति को त्रिशूल और प्रधानमंत्री को गदा भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। उन्हें शक्ति और सुशासन के प्रतीक के रूप में धनुष और बाण भी भेंट किए गए। ● एजेंसी

हरियाणा में 17 को शपथ ग्रहण करेगी नई सरकार

- समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी होंगे शामिल

चंडीगढ़। हरियाणा में नई भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 17 अक्टूबर को पंचकूला में होगा। पार्टी ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। समारोह मेंप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता और कुछ अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा हमें प्रधानमंत्री की मंजूरी मिल गई है और 17 अक्टूबर को पंचकूला में मुख्यमंत्री तथा उनके मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

बांग्लादेश में दुर्गा पूजा पर 35 जगह उपद्रव

- 17 लोग गिरफ्तार, 12 से अधिक मामले दर्ज

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में दुर्गा पूजा उत्सव से संबधित करीब 35 अप्रिय घटनाओं के बाद 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 12 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब एक दिन पहले ही पता चला था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उपहार में दिया गया एक हस्तनिर्मित स्वर्ण मुकुट दुर्गा पूजा समारोह के दौरान बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा जिला स्थित एक हिंदू मंदिर से चोरी हो गया था। चोरी की इस घटना पर भारत ने चिंता व्यक्त की थी। पांच-दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव बुधवार को देवी दुर्गा के आह्वान के साथ शुरू हुआ, जिसे

महाषष्ठी के नाम से जाना जाता है। यह उत्सव रविवार को देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ समाप्त होगा।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं को 5 अगस्त को शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ होने के बाद भड़की हिंसा के दौरान उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा संपत्तियों में तोड़फोड़ की गई और मंदिरों को क्षतिग्रस्त किया गया। बांग्लादेश की 17 करोड़ की आबादी में महज आठ फीसदी हिंदू हैं।

सख्त कार्रवाई करेंगे

पुलिस महानिरीक्षक मोहम्मद मोइनुल इस्लाम ने बताया कि देशभर में जारी दुर्गा पूजा उत्सव से संबंधित 35 घटनाएं हुई हैं। उन्होंने सोने का मुकुट चोरी होने की घटना पर आश्वस्त किया कि पुलिस के पास घटना के लिए जिम्मेदार लोगों का रिकॉर्ड है। ऐसे व्यवधानों में शामिल लोगों को सजा दिलाई जाएगी। अगर कोई दुर्गा पूजा के दौरान अराजकता पैदा करेगा तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे।

नहर में गिरी कार, परिवार के आठ लोगों की गई जान

- हरियाणा के कैथल की घटना दशहरा मेला देखने जा रहे थे सभी

कैथल (हरियाणा), एजेंसी

हरियाणा के कैथल में शनिवार को एक कार के नहर में गिर जाने से एक ही परिवार की तीन महिलाओं और पांच लड़कियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चालक को बचा लिया गया, लेकिन कार में सवार 8 लोग डूब गए। ये लोग दशहरा के मौके पर आयोजित बाबा राजपुरी मेले में जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार, चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण मुंदरी गांव के पास कार नहर में गिर गई। ये सभी कैथल के डीग गांव के रहने वाले थे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर

इस दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और पीड़ितों के परिजन के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की मदद के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है।

देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सरकार ने की व्यापक तैयारियां

महाकुंभ में सड़क मार्ग यात्रा होगी सुगम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: महाकुंभ 2025 के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के देशभर से प्रयागराज पहुंचने की उम्मीद है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने 7 प्रमुख मार्ग चिह्नित किए हैं। इन मार्गों पर यातायात के सुगम प्रवाह के लिए विशेष योजनाएं बनाई जा रही हैं, ताकि श्रद्धालु बिना किसी अवरोध के कुंभ नगरी तक पहुंच सकें।

जिन सात प्रमुख मार्गों को चिन्हित किया गया है उसमें जौनपुर मार्ग से 21%, वाराणसी मार्ग से 16%, मिर्जापुर मार्ग से 12%, रीवां मार्ग से 18%, कानपुर मार्ग से 14%, लखनऊ मार्ग से 10% और अयोध्या-प्रतापगढ़ मार्ग से 9% श्रद्धालुओं के आवागमन की संभावना है। इन सात मार्गों को केंद्र में रखकर सरकार ने यातायात के लिए अलग-अलग योजनाएं बनाई हैं। सामान्य दिनों व प्रमुख पर्वों के लिए व्यवस्थाएं अलग होंगी। इन मार्गों पर एकल मार्ग (वन-वे) की व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे जाम की समस्या नहीं होगी।

पार्किंग की समग्र व्यवस्था

महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए पार्किंग के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार ने 101 पार्किंग स्थलों का निर्माण सुनिश्चित किया है, जिनमें 5 लाख वाहनों के खड़ा होने की क्षमता होगी। इसमें 30 पार्किंग स्थल भारी वाहनों के लिए और 71 पार्किंग स्थल हल्के वाहनों के लिए चिह्नित किए गए हैं। इसके साथ ही, 20 पार्किंग स्थलों को सैटेलाइट टाउन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां श्रद्धालुओं को सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इस कदम से वाहनों की भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखा जा सकेगा। इसके अलावा, 67 जनपदीय पार्किंग स्थल और 34 मेला पार्किंग स्थल भी बनाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को पार्किंग के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

17 नवंबर को बंद किए जाएंगे बद्रीनाथ धाम के कपाट

ब्यूरो देहरादून

अमृत विचार : चारधामों में एक प्रमुख धाम बद्रीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगे। पौराणिक परंपराओं के अनुसार विजयदशमी पर्व के अवसर शनिवार को बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद करने की तिथि की घोषणा की गई।

मुख्य पुजारी (रावल) अमरनाथ नंबूदरी, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी की मौजूदगी में धाम के धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट ने पंचांग गणना की और इसके बाद बताया कि 17 नवंबर की रात 9:07 बजे

बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होंगे। इसी दौरान अगले वर्ष की यात्रा अवधि में भंडार की व्यवस्थाओं के लिए कमदी, भंडारी, मेहता थोक के हक-हकूक धारियों को बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति की ओर से सम्मान स्वरूप पगड़ी भी भेंट की गई। वहीं चार नवंबर को तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट बंद होंगे। इसके अलावा भगवान मदमहेश्वर के कपाट 20 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगे।

मौलाना मसूद ने कराया था छात्रा का धर्मांतरण

- पुलिस ने एफआईआर में बढ़ाई धारा, आरोपी को भेजा जा चुका जेल

संवाददाता, बेहजम

अमृत विचार : छात्राओं को ब्लैकमेल कर शोषण करने के मामले में एक और खुलासा हुआ है। आरोपी मौलाना मसूद ने एक छात्रा का धर्म परिवर्तन भी कराया था। पुलिस ने एफआईआर में धर्मांतरण कराने की धारा बढ़ाई है।

थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव अछनिया निवासी मौलाना मसूद ने एक कांवेट स्कूल में पढ़ाने वाली अपनी महिला दोस्त के साथ मिलकर उसकी तीन सहेलियों को ब्लैकमेल कर शोषण किया। तीनों छात्राओं के परिजनों ने मौलाना मसूद, उसकी दोस्त और कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक मसूद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एक अन्य छात्रा के भाई ने भी आरोपी मौलाना के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसके मोबाइल में कई छात्राओं के अश्लील फोटो और वीडियो मिले। पुलिस के मुताबिक एक छात्रा ने मौलाना पर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है। एसओ सुनीता कुशवाहा ने बताया कि पुलिस ने एफआईआर में धर्म परिवर्तन की धारा बढ़ाई है।

महिला की लज्जा भंग करने पर तीन अभिनेता व अभिनेत्रियों पर रिपोर्ट

कोच्चि। यूट्यूब चैनल के माध्यम से एक महिला कलाकार की कथित रूप से लज्जा भंग करने को लेकर तीन मशहूर मलयालम अभिनेता-अभिनेत्रियों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक उसने बताया कि टेलीविजन-सिनेमा अभिनेत्री बीना एंटनी, उनके अभिनेता पति मनोज और अभिनेत्री स्वासिका पर सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से उक्त महिला की कथित रूप से लज्जा भंग करने को लेकर मामले दर्ज किए गए हैं। नेदुम्बस्सेरी पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता वह इंसान है जिसने न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट जारी होने के बाद हाल में मलयालम सिनेमा के कुछ प्रमुख अभिनेताओं के खिलाफ आरोप लगाए थे।

वैश्विक भूख सूचकांक में 127 देशों में 105वें स्थान पर भारत

पड़ोसी देशों में बांग्लादेश, नेपाल व श्रीलंका बेहतर जीएचआई स्कोर के साथ मध्यम श्रेणी में

लंदन, एजेंसी

वैश्विक भूख सूचकांक (जीएचआई) की 127 देशों की सूची में भारत को 105वें स्थान के साथ गंभीर श्रेणी में रखा गया है। अंतर्राष्ट्रीय मानवीय एजेंसियां भूख के स्तर को मापने के लिए कुपोषण और बाल मृत्यु दर संकेतकों के आधार पर जीएचआई स्कोर प्रदान करती हैं, जिसके आधार पर यह सूची तैयार की जाती है।

साल 2024 की रिपोर्ट इस सप्ताह आयरलैंड के मानवीय संगठन कंसर्न वर्ल्डवाइड और जर्मन सहायता एजेंसी वेल्थहंगरहिल्फ ने प्रकाशित की है, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भूख के मुद्दे से

निपटने के उपायों में अधिक प्रगति नहीं होने से दुनिया के कई सबसे गरीब देशों में भूख का स्तर कई दशकों तक उच्च बना रहेगा।

भारत उन 42 देशों में शामिल है जिन्हें पाकिस्तान और अफगानिस्तान के साथ गंभीर श्रेणी में रखा गया है जबकि अन्य दक्षिण एशियाई पड़ोसी देश जैसे बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका बेहतर जीएचआई स्कोर के साथ मध्यम श्रेणी में हैं। सूचकांक प्रविष्टि में कहा गया है कि 2024 के वैश्विक भूख सूचकांक में 27.3 के स्कोर के साथ भारत में भूख का स्तर गंभीर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का जीएचआई स्कोर चार घटक संकेतकों के मूल्यों पर आधारित है: 13.7 प्रतिशत जनसंख्या कुपोषित है, पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे अविकसित हैं, जिनमें से 18.7 प्रतिशत दुर्बल हैं, तथा 2.9 प्रतिशत बच्चे पैदाइश के पांच साल के अंदर मर जाते हैं। रिपोर्ट में विश्लेषण के आधार पर कहा गया है कि 2030 तक भूख मुक्त दुनिया बनाने के संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने की संभावना बहुत कम है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पर्याप्त भोजन के अधिकार के महत्व पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के बार-बार जोर देने के बावजूद, स्थापित मानकों और इस वास्तविकता के बीच एक चिंताजनक असमानता बनी हुई है। दुनिया के कई हिस्सों में भोजन के अधिकार की खुलेआम अवहेलना की जा रही है।

2023 में था 111 वां स्थान

वैश्विक भूख सूचकांक-2023 में भारत को 111वें स्थान पर रखा गया था। हालांकि सूचकांक में भारत के स्थान को लेकर केंद्र सरकार ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भूख का त्रुटिपूर्ण माप बताया। सरकार ने कहा कि यह देश की सही स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करते हुए गलत छवि को प्रस्तुत करती है। जीएचआइ क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर भूख को व्यापक रूप में मापने और उसकी निगरानी करने का साधन है।

आज का मौसम

मौसम साफ रहेगा।

32.0°	19.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:14	सूर्यास्त 05:48

शहर में आज

☞ प्राचीन श्री रामलीला कमेटी पुराना दसवां घाट के रामलीला महोत्सव में रामलीला मंचन में रावण वध व पुतला दहन रात 10:00 बजे।

☞ दुर्गा पूजा के अन्तर्गत सिंदूर खेला मनोरंजन सदन में 11:00 बजे।

☞ साईं सेलीब्रेशन में सिंदूर पूजन 11:00 बजे।

☞ लाजपत नगर में रामलीला के मंचन में राजगद्दी शोभायात्रा शाम 6:00 बजे।

☞ लाइनपार रामलीला समिति की ओर से रामलीला में विभीषण राजतिलक, भरत मिलाप रात 8:00 बजे।

एक नजर

पाकबड़ा में जलता रावण का पुतला।

असत्य पर सत्य की हुई जीत, धू-धू कर जला रावण

पाकबड़ा, अमृत विचार : असत्य पर सत्य की जीत हुई। धू-धू कर रावण जल गया। रावण के जलते ही जय श्रीराम के जयकारे गूंजने लगे। सुरक्षा की दृष्टि से सीओ हाईवे कुलदीप कुमार गुप्ता, तहसीलदार सदर एवं थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे। शनिवार को दशहरा पर पाकबड़ा के रामलीला ग्राउंड बुधबाजार में मेले का आयोजन किया। श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शरण गुप्ता ने फीता काटा। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शेफाली सिंह रहीं। रामबाबू भटनागर, राकेश सिंह, नरेश सक्सेना, सीताराम रूहेला, डॉ. सोहन सिंह, वीरेंद्र ठाकुर, कमल सैनी, जयप्रकाश सिंह, शैवी शर्मा, मुनीष भटनागर, अभीक त्रिपाठी, नरेश शर्मा, तोताराम सैनी, सुनील गुप्ता, सतपाल हुड्डा, संजीव हुड्डा, बेगराम प्रजापति, महेंद्र गुप्ता, आदर्श गुप्ता, गप्पू गुप्ता, ओंकार सिंह, मोंटू ठाकुर, विशाल सिंह, आदि मौजूद रहे।

बुराई पर अच्छाई के प्रतीक का पर्व दशहरा मनाया

मुरादाबाद, अमृत विचार : नवीन नगर के शक्ति नगर में विजय दशमी के उपलक्ष्य में अधर्म पर धर्म, बुराई पर सच्चाई, अनीत पर नीति, अनाचार पर सदाचार की विजय के प्रतीक दशहरा पर्व को मनाया गया। मास्टर किट्टू, अजय रस्तोगी, तुषार रस्तोगी, आनन्द सक्सेना, मोनू, दिव्या, काजल, पूजा, मनु आदि ने 12 फिट ऊंचे रावण का पुतला बनाकर राम बने ऋतिक के हाथों उसका वध कराकर दहन किया। आतिशबाजी कर लोगों ने खुशियां मनाईं।

लाइनपार, दीनदयाल नगर और लाजपतनगर में जलते रावण के पुतले। ● अमृत विचार

लाइनपार में युद्ध का मंचन करते राम, लक्ष्मण व रावण के स्वरूप में कलाकार। ● अमृत विचार

रावण का पुतला दहन होते ही वातावरण में गूंजा जय श्रीराम

असत्य पर सत्य की जीत: महानगर से लेकर देहात क्षेत्रों में धूमधाम से मना विजयदशमी का पर्व

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: शनिवार को जिले में विजयदशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। महानगर से लेकर देहात क्षेत्र में रावण का पुतला जलाकर असत्य पर सत्य की जीत का जश्न मनाया गया। हर जगह रावण का पुतला दहन होते ही जय श्रीराम के जयकारे गूंजे।

महानगर के लाइनपार रामलीला मैदान में श्रीरामलीला मैनेजिंग कमेटी की ओर से कलाकारों ने शनिवार को राम-रावण युद्ध, रावण वध प्रसंग का मंचन किया। इसके बाद दशहरा मनाया गया। राम-रावण का युद्ध अंतिम चरण में था। युद्ध क्षेत्र में रावण और राम अपने-अपने रथों पर एक-दूसरे के सामने थे। राम ने रावण पर अनेक बाणों से प्रहार किया, लेकिन रावण का अंत नहीं हुआ। तब विभीषण ने भगवान राम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत है। भगवान राम ने अग्निबाण से रावण की नाभि का अमृत सुखा दिया। राम के तरकश से निकले तीर ने रावण का सिर धड़ से अलग कर दिया। युद्ध भूमि में राम की जय-जयकार होने लगती है। ऐसा ही नजारा शनिवार को रामलीला मैदान लाइनपार में देखने को मिला। रंगीन लाइटों से जगमग रामलीला में श्रद्धालु भगवान राम का जयघोष कर रहे थे। लाइनपार मैदान में रावण का पुतला जलता रहा और लोग जय श्रीराम के जयकारे लगाते रहे।

डोली भूमि गिरत दसकन्धर...

मुरादाबाद, अमृत विचार : लाजपत नगर में श्रीराम कथा मंचन समिति की रामलीला के रंगमंच पर वृंदावन के कलाकारों ने रावण वध की लीला का मंचन किया। रामलीला के मंचन में रावण के मरते ही वानर सेना प्रभु श्रीराम की जय-जयकार करने लगती है। दहन का कार्यक्रम महाराजा हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज के मैदान किया। इस मौके पर जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, महापौर विनोद अग्रवाल, समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री विनोद सक्सेना, श्याम कृष्ण रस्तोगी रहे।

दीनदयाल नगर स्थित नेहरू युवा केंद्र में युद्ध करते राम और रावण। ● अमृत विचार

राहगीरों को बांटा छोला-चावल

मुरादाबाद, अमृत विचार : यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल संस्था की ओर से दशहरा पर्व पर मेले में आए दर्शकों और राहगीरों को छोला चावल वितरण किया गया। संस्था की अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने बताया कि दशहरा को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर बुराई का अंत किया था। दशहरे के दिन रामलीला व रावण के पुतला दहन आयोजन में आए लोगों को संस्था की सदस्यों के सहयोग से छोला चावल वितरित किया गया। इसमें संजना भटनागर, दिव्या अग्रवाल, भावना गुप्ता, दिशा, पूजा, सोना, ऋतु, रवजीत, सोनिया, एकता, वीनू आहूजा, दीपा, रीना आदि ने सहयोग किया।

पूजन कर रावण का पुतला किया दहन

अगवानपुर, अमृत विचार : प्राचीन चामुंडा मंदिर में लोगों ने पूजा कर श्रीराम और माता सीता का आशीर्वाद लिया। लोगों ने राम-रावण के युद्ध का आनंद लिया। शनिवार को रामलीला मैदान में मंचन के दौरान राम-रावण में भीषण युद्ध हुआ। युद्ध के दौरान भगवान राम ने बाण मारकर रावण का वध कर दिया और बुराई पर अच्छाई की विजय हुई। मेले में सुरक्षा के लिए सीओ अर्पित कपूर व थाना प्रभारी मनीष सक्सेना, चौकी प्रभारी सुनील कुमार मौजूद रहे। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वरुण गुप्ता, अंशुल गुप्ता, अंचल शर्मा, नवनीत गुप्ता, सरजू बिश्नोई, सतीश कुमार बंसल, जिपं सदस्य विनोद कुमार सैनी, सुरेश प्रजापति, शंकर राजपूत आदि रहे।

जिलाधिकारी ने दी विजयदशमी की बधाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : लाजपत नगर रामलीला समिति की ओर से कटघर क्षेत्र के महाराजा हरिश्चंद्र डिग्री कॉलेज में रावण के पुतले का दहन किया गया। जिलाधिकारी अनुज सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल कार्यक्रम में मौजूद रहे। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने भगवान श्रीराम और लक्ष्मण बने कलाकारों का तिलक किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विजय दशमी बुराई पर अच्छाई के प्रतीक का पर्व है। हमें भी समाज से विभिन्न कुरीतियों को दूर कर समाज को आगे ले जाना होगा। उन्होंने लोगों से सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की।

अस्थियां बीनने के लिए लगाई दौड़

मुरादाबाद, अमृत विचार : लाइनपार में पुतला दहन के बाद दर्शकों में सबसे ज्यादा बैचेनी रावण की अस्थियां (लकड़ियां) बीनने की रही। जैसे ही रावण का पुतला जलकर नीचे गिरा तो लोग अस्थियां (लकड़ियां) बीनने के लिए दौड़ पड़े। इस दौरान लोगों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

लाइनपार स्थित रामलीला मैदान में दीप प्रज्ज्वलन करते मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, साथ में महापौर विनोद अग्रवाल और प्रिया अग्रवाल।

लाजपत नगर में युद्ध करते राम और रावण। ● अमृत विचार

ब्रह्मांड में गूंजी जय श्रीराम की ध्वनि

मुरादाबाद, अमृत विचार : दीनदयाल नगर के नेहरू युवा केंद्र के मैदान में त्रिमूर्ति कला केंद्र के पात्रों ने कुम्भकर्ण वध, मेघनाद वध और रावण वध के प्रसंग का मंचन किया। इस मौके पर रामलीला समिति के संरक्षक शिशिर गुप्ता, डॉ. संजीव राजन, जयविंदर प्रधान, सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, पीयूष गुप्ता, निर्वेश भटनागर, अजय कट्टा आदि मौजूद रहे।

मेघनाद और अहिरावण वध का मंचन

मुरादाबाद, अमृत विचार : पुराना दसवां घाट पर चल रही रामलीला में शनिवार को मेघनाद वध, सुलोचना का सती होने और अहिरावण वध का मंचन किया गया। इस मौके पर इस मौके पर यथार्थ किशोर, छत्रपाल सिंह, आदित्यवीर शास्त्री, नरेंद्र सुमन, इंद्रजीत शर्मा, प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव, राजेश बाल्मीकि, रवि सैनी, अमित गुप्ता आदि शामिल रहे।

सीएल गुप्ता इंस्टीट्यूट के पास रामगंगा नदी के तट पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तैयारी पूरी।

घाटों पर प्रतिमा विसर्जन के लिए की गई बैरिकेडिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : एक तरफ नगर निगम प्रशासन घाटों पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तैयारियों में लगकर बैरिकेडिंग आदि करा रहा है। तो दूसरी ओर एनजीटी के नियमों का पालन कर नदी को साफ सुथरा रखने और घाटों पर गंदगी न रहने का दावा कर रहा है।

सीएल गुप्ता के प्रतिष्ठान के समीप स्थित रामगंगा नदी के घाट पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाना है। किसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए घाट के किनारे बैरिकेडिंग नगर निगम की ओर से कराई गई है। लेकिन सफाई व्यवस्था बदहाल है। घाट पर गंदगी पसरी है। जबकि नगर निगम प्रशासन सफाई कराने का दावा कर रहा है। फिर भी पानी में कचरा डाला गया है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का कहना है कि नदी के तट पर सफाई कराई जा रही है। नदी के तट व जल में कचरा आदि न फेकें।

मां के नवम स्वरूप महानवमी की पूजा कर किया हवन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : शनिवार को बंगाली समाज के दुर्गा पूजन महोत्सव के चौथे दिन मां के नवम स्वरूप महानवमी का पूजन हुआ। जिसमें भक्तों ने हवन में आहुतियां देकर विश्व कल्याण की कामना की। माता को भोग लगाकर भंडारा किया गया और शाम को दशमी पूजन किया।

महानगर के रेलवे कालोनी स्थित मनोरंजन सदन में सर्वजनिन बंगाली एसोसिएशन द्वारा आयोजित दुर्गा पूजन में चौथे दिन माता का भव्य श्रृंगार किया गया। पुरोहित बोनोमाली चक्रवर्ती ने महानवमी का पूजन कराया। दोपहर में माता को भोग लगाकर भंडारा किया गया। महिलाओं ने धुनुचि नृत्य के साथ आरती की। रंगोली सजाने में मधुमिता डे, सुनंदा दत्ता, सपना सिंह, तप्ती मलिक का सहयोग रहा। असित बनर्जी, सुदीप बनर्जी, अभिजीत राय, आलोकेश बोस, सौरभ चक्रवर्ती, आदित्य बनर्जी, देवाशीष भट्टाचार्य, अरूण भट्टाचार्य, डॉ. अंजना दास व अतुल जौहरी शामिल रहे।

मनोरंजन सदन में पूजा करते बंगाली समाज के लोग। ● अमृत विचार

साईं सेलिब्रेशन में आयोजित दुर्गा पूजा में पूजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

● **अलग-अलग दुर्गा पूजन महोत्सव में महिलाओं ने धुनुचि नृत्य कर की आरती**

दीनदयाल नगर स्थित सद्भावना पार्क में मुरादाबाद दुर्गा बारी समिति के तत्वावधान में चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में पुरोहित किरन चक्रवर्ती ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन कराया। दोपहर में महिलाओं ने कीर्तन किया सूचीमय बर्मन सहित धनवी शर्मा, निधि भट्ट, मानसी अग्रवाल, सुदीप पाल, अनोखी सरीन, शिखा बर्मन, अनीता गुप्ता शामिल रहे।

मंडी चौक के अताई मोहल्ला स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में सार्वजनिन श्रीश्री मां दुर्गा पूजा उत्सव समिति ने दुर्गा पूजन में शनिवार को सुबह महानवमी का पूजन किया। महिलाओं ने धुनुचि के साथ आरती की। सोमनाथ ओझा, प्रशांत मांईती, संजय सी, पुलक घोष, आलोक घोष, तपन दास, कृष्णा-डे रहे।

आवास विकास स्थित शहनाई मंडप में जनकल्याण समिति दुर्गा पूजा कमेटी ने मां के नवम स्वरूप महानवमी की पूजा की गई। व्यवस्था में दयाल विश्वास, डॉ. मंजेश राठी, पंकज गुप्ता, सचिन अग्रवाल, राजेश रस्तोगी, डॉ. वैभव गुप्ता, डॉ. एससी गुप्ता शामिल रहे। लाइनपार स्थित साईं सेलीब्रशन में सर्वोदय विकास समिति के दुर्गा पूजन महोत्सव में प्रातः महानवमी पूजन एवं हवन किया गया। महिलाओं ने धुनुचि नृत्य के साथ आरती की। महिलाओं ने भी धुनुचि के साथ धार्मिक प्रस्तुति कर मनमोह लिया। डॉ. प्रदीप कुमार विश्वास, असीम कुमार विश्वास, तुषार विश्वास, दिवाकर विश्वास, अनिरुद्ध मलिक, अनिल शामिल रहे।

आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया स्थापना दिवस व दशहरा, संगठनों ने किया शस्त्र पूजन

विजयदशमी पर डॉ. हेडगेवार ने की थी संघ की स्थापना :रोहित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शनिवार को स्थापना दिवस और दशहरा मनाया। इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन भी किया।

महानगर के दीनदयाल नगर नेहरू युवा केंद्र और हिमगिरी कालोनी में आयोजित कार्यक्रम में महानगर प्रचारक रोहित मुखिया ने कहा कि यह उत्सव असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है। आज ही के दिन डॉ. हेडगेवार ने संघ की स्थापना की थी। महानगर प्रचार प्रमुख संजीव चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज अपने 99 वर्ष पूर्ण कर 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। यह वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष के रूप में पूरे वर्ष बनाया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से योगेन्द्र धारीवाल, पीयूष गोयल, शानू कुमार, आकाश कुमार, विनोद कुमार, दीपक कुमार, प्राकुल गुप्ता, मनोज वर्मा व महेश कुमार शामिल रहे।

वहीं पुलिस लाइन में भी शस्त्र पूजन हुआ जहां एएसपी रोहन झा और आरआई रकम सिंह द्वारा शस्त्रों का पूजन किया गया। इस मौके पर पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

शस्त्र पूजन करते आरएसएस के पदाधिकारी।

पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन करके पुलिस अधिकारी।

चंद्रनगर में शस्त्र पूजन करते अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी।

शस्त्र पूजन कर लिया देश व सनातन की रक्षा का संकल्प

मुरादाबाद, अमृत विचार : शनिवार को दशहरा पर चंद्र नगर स्थित होरी सिंह के मंदिर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने सभी क्षत्रियों से देश रक्षा, सनातन और हिन्दुत्व की रक्षा के लिए हमेशा अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया। समारोह में सभी ने सबसे पहले शस्त्रों का पूजन किया। जिसके बाद जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने देश और हिन्दुत्व के लिए प्राण न्यौछावर किए हैं और क्षत्रियों का नाम रोशन किया है। युवा महानगर अध्यक्ष आर्यन प्रताप सिंह ने युवाओं से देश और हिन्दुत्व के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। इस मौके पर अशोक तोमर, अशोक कठेरिया, अरुण सिंह, मनोज ठाकुर, अनित सिंह, मनोज तोमर, भवनीश सेंगर, सुरेश राघव, मनोज राघव, अनिल सिंह, मिथिलेश सिंह, आदेश सिंह, शिवांग सिंह, प्रथम सिंह व महानगर उपाध्यक्ष ठाकुर सत्येंद्र सिंह रहे।

लाइनपार स्थित रामलीला मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

संगठनों ने किया सामूहिक शस्त्र पूजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल महानगर की ओर से सामूहिक शस्त्र पूजन कार्यक्रम सुबह संकट मोचन पार्क विजयनगर में आयोजित किया।

राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि शस्त्र पूजन कार्यक्रम हमारा पारंपरिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम है। प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने कहा कि आज हिंदू समाज असुरक्षित है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि विजयदशमी पर भगवान श्रीराम ने रावण जैसे असुर का अंत किया था। कार्यक्रम में गौरव सैनी विभाग महामंत्री, आनंद प्रजापति, चरण सिंह, दीप खुराना, महेंद्र सैनी, इशांक भारद्वाज, अभिषेक श्रीवास्तव, अक्षय शुक्ला, जतिन प्रजापति, कैलाश प्रजापति, कालवेश राजपूत, दिशांत, ओम प्रकाश, राकेश दर्पण रहे।

बच्चों के झगड़े के बाद दो समुदायों में पथराव

कटघर थाना क्षेत्र के गुलाबबाड़ी वीरशाह हजारी में शनिवार की देर रात हुआ बवाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बच्चों की लड़ाई ने तूल पकड़ा लिया। इसके बाद दो समुदाय के लोग आपस में भिड़ गए और जमकर पथराव हुआ। पथराव में एक व्यक्ति जख्मी हो गया, जबकि मौके पर खड़ी कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बवाल कर रहे हैं लोगों को दौड़ाया। इसके बाद मामला शांत हुआ। एक समुदाय की ओर से घर में घुसकर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना कटघर क्षेत्र के गुलाबबाड़ी स्थित वीरशाह हजारी में शनिवार की देर रात अलग-अलग समुदाय के बच्चे किसी बात को लेकर आपस में लड़ रहे थे। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए। इसके बाद बवाल हो गया। एक समुदाय का आरोप है कि दूसरे समुदाय के लोगों ने उनके घरों पर और वाहनों पर रेलवे लाइन से उठाकर पथराव किया। पथराव में एक युवक जख्मी हो गया, जबकि घर के बाहर खड़े चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी मिलने पर कटघर पुलिस मौके पर पहुंच गई। बवाल कर रहे लोगों को लाठी चलाकर दौड़ाया। पुलिस के पहुंचने पर एक समुदाय ने दूसरे समुदाय पर उनके घर की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया। आरोप लगाने वाले सभी लोग कटघर थाने पहुंचे और दूसरे समुदाय के खिलाफ तहरीर दी। मामला दो समुदाय का होने के कारण मौके पर भारी पुलिस फोर्स बल तैनात कर दिया गया है। इंस्पेक्टर कटघर संजय कुमार ने बताया कि दो समुदायों के बच्चों के बीच विवाद के बाद बड़े लोगों में मारपीट हो गई थी। स्थिति नियंत्रण में है। एक पक्ष की ओर से तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। विवाद में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- पथराव में एक व्यक्ति को चोट लगी, कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त, पुलिस को दी गई तहरीर

गुलाबबाड़ी में झगड़े के बाद एकत्र लोगों को समझाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

पथराव के बाद सड़क पर पड़े पत्थर।

लाजपत नगर में पुतला दहन के बाद श्रीराम की आरती कर भोग लगाते जिलाधिकारी अनुज सिंह। ● अमृत विचार

एक नजर

खुशहालपुर से चोरी हुई बरेली के युवक की कार

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र से बरेली के युवक की कार पीजी के बाहर से चोरी हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जनपद बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र के पीलीभीत बाईपास रोड स्थित आनंद विहार कालोनी निवासी हिमांशु देव ने मझोला थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह दिल्ली रोड स्थित एचडीएफसी एग्रो कंपनी में सर्विस इंजीनियर के पद तैनात है और खुशहालपुर स्थित एक पीजी में रहता है। हिमांशु ने बताया कि बीती 6 सितंबर की रात उसने अपनी कार पीजी के बाहर खड़ी की थी। अगले दिन कार गायब थी। पीड़ित हिमांशु की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार की तलाश शुरू कर दी है।

ऑटम मेले में ईरान से भी आएंगे खरीदार

मुरादाबाद, अमृत विचार : 16 अक्टूबर से ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट पर शुरू होने जा रहे ऑटम मेले की तैयारी में जुटे निर्यातकों को जंग के हालात के बीच बिजनेस के नजरिए से मध्यपूर्व के खरीदारों की ओर से खुशनुमा संकेत मिले हैं। ऑटम मेला हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद की मेजबानी में होने जा रहा है। परिषद की प्रशासनिक समिति के सदस्य अवधेश अग्रवाल ने बताया कि इजरायल के बाद अब ईरान के खरीदारों ने भी मेले में अपना आना कंफर्म कर दिया है। खरीदारों ने दोनों देशों के बीच जंग चलने के बावजूद बिजनेस पर इसकी आंच नहीं आने देने का जज्बा जाहिर किया। अवधेश अग्रवाल ने बताया कि ऑटम मेले में काफी संख्या में विदेशी खरीदार पहुंचेंगे, इसका अंदाजा दिल्ली के प्रमुख होटलों में बड़े पैमाने पर एडवांस बुकिंग से भी जाहिर हो रहा है। उन्होंने बताया कि ऑटम निर्यात मेला 16 से शुरू होकर 20 अक्टूबर तक चलेगा।

मतपेटियां चुराने वाला गिरफ्तार, भेजा जेल

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना पुलिस ने मंडी समिति में बने निर्वाचन कार्यालय के गोदाम की खिड़की तोड़कर मतपेटियां चुराने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय ने मंडी समिति में अपना गोदाम बना रखा है। जिसमें पंचायत एवं नगरीय निकाय की मतपेटियां रखी जाती हैं। बीते शुक्रवार को जिला निर्वाचन कार्यालय के कनिष्ठ सहायक पवन कुमार ने तहरीर देकर मतपेटियां चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि गुरुवार रात गोदाम की खिड़की तोड़कर किसी ने 8 मतपेटियां चोरी कर ली है। शनिवार को ही मंडी समिति चौकी प्रभारी एसआई देवेंद्र कुमार की टीम ने इस मामले में एकता कालोनी मंडी समिति निवासी गरीबा उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार कर लिया।

पूर्व विधायक के बेटे से मांगी रकम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिले की कांठ विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू के बेटे की फोटो एडिट कर ब्लैकमेलिंग की गई। आरोपी ने आपत्तिजनक फोटो बनाकर उसे ग्रुप में डाल दिया और अन्य सोशल साइट पर भी वायरल करने की धमकी देकर रकम की मांग की। विधायक के बेटे ने साइबर थाना पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

थाना छजलैट क्षेत्र के गांव शेरपुर एत्मादपुर निवासी विक्रांत सिंह के पिता राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू कांठ विधानसभा से दो बार विधायक रह चुके हैं। विक्रांत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि छजलैट में उनका कृष्णा इंडियन ऑयल नाम से पेट्रोल पंप हैं। पेट्रोल पंप पर जस्सू नगला निवासी आकाश कुमार मैनेजर था। इसके अलावा शबीउज्जमन उर्फ सज्जन भी पेट्रोल पंप में बतौर मैनेजर काम करते थे। विक्रांत का आरोप है कि दोनों ने मिलकर पेट्रोल पंप पर 1 लाख 40 हजार रुपये का घोटाला किया था, जिसके बाद उन्हें हटा दिया गया था। विक्रांत सिंह के अनुसार दो अक्टूबर को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने आकाश के बारे में पूछा तो विक्रांत सिंह ने यह कहकर फोन काट दिया कि उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है। आरोप है कि इसके बाद 9 अक्टूबर को व्हाट्सएप पर किसी ने ग्रुप बनाया, जिसमें उनके अलावा तीन और लोग जुड़े हैं। ग्रुप में एडमिन ने विक्रांत सिंह समेत सभी के एडिट करके आपत्तिजनक फोटो डाल दिए। साथ ही आरोपी ने धमकी दी कि आकाश से बोलो हमारा लोन देगा, नहीं तो यह फोटो फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर दूंगा। विक्रांत सिंह के अनुसार उन्होंने ह्वाट्सएप नंबर पर कॉल किया तो सामने वाले ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने कहा कि आकाश ने लोन लेते समय तुम्हारा नंबर और नाम दिया था। विक्रांत सिंह का आरोप है कि उन्हें बदनाम करने के लिए आकाश ही कोई साजिश कर रहा है। इस संबंध में साइबर क्राइम के नोडल अधिकारी एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम थाने में धमकी देने और आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है। साइबर क्राइम थाना पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

ब्लैकमेल

- आपत्तिजनक फोटो सोशल साइट पर वायरल करने की धमकी देने का आरोप
- बेटे ने अपने पेट्रोप पंप पर काम करने वाले पूर्व मैनेजर के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

मारपीट में पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार: सिविल लाइंस थाना में तहरीर देकर मऊ निवासी युवक ने गांव के पिता-पुत्र पर मारपीट व जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र मऊ निवासी राहुल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 5 अक्टूबर को वह अपने दोस्त सुधीर निवासी हरथला के साथ कुछ सामान लेने जा रहा था। इसी बीच रास्ते में उसे गांव का विनोद व उसका बेटा अर्जुन मिले जो आते ही मारपीट करने लगे। उसने व दोस्त ने विरोध किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मारपीट में राहुल को काफी चोटें आई हैं। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर विनोद व अर्जुन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

पुलिस से बचने को प्रेमी युगल ने कीटनाशक पीया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रामपुर से 30 सितंबर को भाग कर मूंढापांडे के बाग में छिपे थे

अमृत विचार : मूंढापांडे थाना क्षेत्र के बाग में बनी कोठरी में छिपे किशोरी और उसके शादीशुदा प्रेमी ने शनिवार की शाम पुलिस के पकड़े जाने से बचने के लिए कीटनाशक पी लिया। इसके बाद दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। रामपुर जनपद के भोट थाना क्षेत्र के इंड्रा गांव निवासी नाबालिग किशोरी का प्रेम प्रसंग गांव के ही खेमपाल के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि पहले से शादीशुदा खेमपाल 30 सितंबर को किशोरी को अपने साथ भगाकर ले गया था। इस संबंध में किशोरी के पिता ने भोट थाने में खेमपाल और उसके परिवार के तीन अन्य लोगों के खिलाफ अगवा करके ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। भोट पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान शनिवार की शाम किशोरी के परिवार के लोगों को सूचना मिली कि मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के खरगपुर गांव में बाग में बनी कोठरी में दोनों छिपे हुए हैं। सूचना पाकर मूंढापांडे पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को आता देखकर दोनों कीटनाशक पी लिया। इससे दोनों की हालत बिगड़ने लगी। प्रेमी युगल के जहरीला पदार्थ खा लेने की जानकारी होने पर पुलिस सकते में आ गई और दोनों को आनन-फानन जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां पर दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

सोनकपुर स्टेडियम पैदल टहलने का ट्रैक भी नहीं, मैदान में होता है जलभराव

स्टेडियम में उबड़-खाबड़ मैदान, ड्रेनेज सिस्टम भी नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मंडल स्तर पर खिलाड़ियों के लिए केवल एक ही स्टेडियम सोनकपुर में हैं, जहां इंतजाम कम और अव्यवस्थाएं अधिक हैं। यह स्टेडियम महानगर की घनी आबादी के बीच होने से भी आयोजकों व खिलाड़ियों को परेशान होती है। इसके अलावा मैदान भी समतल नहीं है। यहां तक कि वर्षाकाल में मैदान में जल भराव हो जाता है। जल निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम नहीं है। स्टेडियम में पानी की अंडर ग्राउंड पाइप लाइन की व्यवस्था भी उचित नहीं है। मुख्य द्वार भी आकर्षक नहीं है।

यहां क्रिकेट खेल रहे अजय, धर्मेंद्र और पंकज ने बताया कि जरूरत के हिसाब में स्टेडियम काफी छोटा है। यहां पार्किंग की कोई सुविधा नहीं है। जब कभी मंडल या राज्य स्तर के खेल होते हैं तो वाहन खड़े होने की जगह नहीं रहती है। पार्किंग न होने से दर्शकों का अभाव रहता है। इन खिलाड़ियों ने दूसरी समस्या मैदान उबड़-खाबड़ होने की बताई। कोई बढ़िया ट्रैक नहीं बने हैं। बारिश होने पर मैदान में जल भराव हो जाता है। जिससे अभ्यास नहीं हो पाता है। उन्होंने बताया कि अभी तक खिलाड़ियों के ठहराव के कोई इंतजाम नहीं हैं। हालांकि, अब बालक-बालिका वर्ग के लिए तीन-तीन मंजिल के दो हास्टल जरूर बन रहे हैं। क्षेत्रीय ओलंपिक सचिव डॉ. अजय पाठक ने बताया कि स्टेडियम की विभिन्न समस्याओं के संदर्भ में अभी कुछ दिनों पहले ही क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने वरिष्ठों के संग बैठक की थी। इसमें खिलाड़ियों की सुविधाओं और समस्याओं पर चर्चा भी हुई थी। यही नहीं, स्टेडियम में संबंधित कार्यों के लिए एस्टीमेट बनाने के संबंध में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने उप्र राज्य निर्माण सहकारी संघ के अधिशासी अभियंता से बातचीत भी की है।

सोनकपुर स्टेडियम। ● अमृत विचार

- स्टेडियम में बालक-बालिका वर्ग के खिलाड़ियों के लिए बन रहे तीन मंजिला दो हॉस्टल

> अभी कुछ दिन पहले ही हम मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना के चीफ इंजीनियर से मिले थे। उन्हें स्टेडियम में संबंधित कार्यों के लिए मांग पत्र नगर आयुक्त/सीईओ के नाम से दिया है। बाउंड्री छोटी है। बाहरी लोग कूदकर स्टेडियम में आ जाते हैं। यहां नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा लगा दी गई, जो कवर्ड नहीं है। इन कार्यों के लिए प्रयासरत हैं।
>
> – नरेश चंद्र यादव, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी

शराब के लिए रुपये न देने पर भाई को पीटा

मुरादाबाद, अमृत विचार: सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत शराब के पैसे न देने पर छोटे भाई ने बड़े भाई के साथ मारपीट की। पीड़ित युवक ने आरोपी भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की रेलवे क्वार्टर निकट मनोकामना मंदिर के पास रहने वाले बब्बू कश्यप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई छोटू उर्फ योगेश शराब पीने का आदी है। आरोप है कि 8 अक्टूबर की रात छोटू ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। लेकिन उसने इनकार कर दिया। इस पर आरोपी ने उसके सिर में ईंट मार दी। बाद में लोहे की टीन उठाकर दोबारा उसके सिर में मार दी। इस बीच मां सुशील कश्यप उसे बचाने आई तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की। जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

एक नजर

खराब गुणवत्ता की निर्माण सामग्री लगाने की हो जांच

मुरादाबाद, अमृत विचार : लाइनपार विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष पंडित देशराज शर्मा का कहना है कि लाइनपार क्षेत्र में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। कार्य को बढ़ा चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। कोई भी अधिकारी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने तक नहीं आता है। उनका आरोप है कि 10 अक्टूबर को उनके आवास तक जो सड़क बनी है वह घटिया स्तर की है। मानक के अनुसार कार्य नहीं किया गया है। उन्होंने मांग की है कि लाइनपार क्षेत्र के मोहल्ला हनुमान नगर, सूर्य नगर, राम तलैया आदि में जहां भी नाली खड़ंजा के कार्य हुए हैं। उनकी अधिकारियों की समिति से जांच कराएं तो असलियत सामने आ जाएगी।

चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया ऑटो लिफ्टर

मुरादाबाद, अमृत विचार : मूंढापांडे थाना पुलिस ने ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। आरोपी ने कोसी नदी के पास लगने वाले साप्ताहिक बाजार से रामपुर के ग्रामीण की बाइक चोरी की थी। थाना मूंढापांडे प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि रामपुर थाना टांडा क्षेत्र के गांव प्राणपुर निवासी हमसार गुरुवार को कोसी नदी के पास साप्ताहिक बाजार में भैंस खरीदने आया था। वह बाइक खड़ी कर भैंस खरीदने चला गया। वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश में जुटी थी। शुक्रवार को मूंढापांडे थाना क्षेत्र के हिरनखेड़ा मार्ग पर पुलिस को संदिग्ध बाइक सवार आता दिखा। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। जिसके बाद घेराबंदी कर पुलिस ने पीछा करके उसे दबोच लिया। पूछताछ में युवक की पहचान मेहम्दीनगर निवासी बालक राम के रूप में हुई। आरोपी ने बताया कि उसने कोसी नदी के पास लगने वाले साप्ताहिक हाट से ही बाइक चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

वाराणसी-आनंद विहार के बीच आज से स्पेशल ट्रेन

मुरादाबाद, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्योहारों के लिए लगातार स्पेशल ट्रेनों के संचालन का एलान किया जा रहा है। जिसके तहत वाराणसी से आनंद विहार के लिए स्पेशल ट्रेन का संचालन 13 अक्टूबर और 14 अक्टूबर को होगा। यह ट्रेन मुरादाबाद, रामुपर, बरेली व शाहजहांपुर होते हुए जाएगी।

नगर पंचायत कर्मचारी का ऑडियो-वीडियो वायरल

संवाददाता, पाकबड़ा

- प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ चलाया जा रहा है अभियान

अमृत विचार : नगर पंचायत कर्मचारी का ऑडियो वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दुकानदार द्वारा पैसे लेने का आरोप लगाया जा रहा है। ऑडियो में पॉलीथिन की दुकान खोलने पर जुर्माना लगाने की बात कही जा रही है।

नगर पंचायत पाकबड़ा के कर्मचारी दानिश मलिक की एक ऑडियो एवं वीडियो वायरल हो रही है। नगर में कुछ दिन पहले एक पॉलीथिन का गोदाम नगर पंचायत की टीम द्वारा पकड़ा गया था। नगर पंचायत की टीम के कर्मचारी दानिश मलिक द्वारा कहा गया था कि कोई भी पालीथिन बेचेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश हैं। इस पर दुकानदार ने एक वीडियो बनाई जिसमें कहा जा रहा है कि हर महीने रुपये देते हैं अब देरी होने पर कार्रवाई की गई है। इसी के साथ एक ऑडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें दुकानदार कह रहा है कि 2000 रुपये की हर माह जुर्माने की रसीद काट दिया करो। जिस पर नगर पंचायत के कर्मचारी ने कहा कि कम से कम 10 हजार की रसीद कटेगी। जो भी प्रतिबंधित सामान बेचेगा उसकी रसीद काटी जाएगी। इस संबंध में दानिश मलिक का कहना है कि उन्होंने कहा था कि जो भी दुकान पर प्लास्टिक एवं थर्माकोल का सामान बेचेगा उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। मैंने कोई भी पैसे की बात नहीं कही है। ऑडियो-वीडियो को तोड़ मरोड़ कर पेश किया है। वहीं नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी पवित्रा त्रिपाठी ने कहा कि यह मामला अभी मेरे संज्ञान में नहीं है। मैं इसको दिखवाती हूं।

समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि

पक्के समाजवादी और सच्चे देशभक्त थे डॉ. लोहिया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को प्रखर समाजवादी विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव व अन्य ने अर्पित कर नमन किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया पक्के समाजवादी और सच्चे देश भक्त थे। वे पश्चिम के पिछलग्गू नहीं रहे। वह उस दौर के ऐसे राजनेता थे, जिनके अंदर कट्टर देशभक्ति का जज्बा और भारत की जनता से अद्भुत स्नेह था। वे जातिवाद के घोर विरोधी थे और जाति विहीन समाज बनाने के पक्षधर थे। उनका कहना था कि सबसे पहले जो समुदाय पिछड़ गए हैं, उनको मुख्यधारा में लाना होगा। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में वे कांग्रेस से जुड़े थे, लेकिन उनकी कभी कांग्रेस से नहीं बनी। डॉ. लोहिया चाहते थे कि देश में कोई भेद-भाव न हो और न कोई ऊंच-नीच की भावना हो। लेकिन वह पिछड़े समाज के लिए उसकी आबादी के अनुपात में आरक्षण चाहते थे। वे जातिवाद के विरोधी थे और जाति विहीन समाज बनाने के पक्षधर थे। मगर उनका कहना था कि सबसे पहले जो समुदाय पिछड़ गए हैं, उनको मुख्यधारा में लाना होगा। इसी लड़ाई को नेताजी मुलायम सिंह लड़ते रहे और अब उन्हीं के पदचिन्हों पर चलकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पीडीए को मुख्यधारा में लाने को संघर्षरत हैं।

सपा कार्यालय पर राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव व अन्य।

आयोजन

- जातिवाद का विरोधी और जाति विहीन समाज का पक्षधर बताया
- कहा- पीडीए को मुख्यधारा में लाने को संघर्ष कर रहे अखिलेश यादव

इस अवसर पर लाखन सिंह सैनी, पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि, धर्मेन्द्र यादव, वेदप्रकाश सैनी, महेंद्रपाल सिंह, लुकमान खान, प्रेम बाबू बाल्मीकि, अनीस चौधरी, रजीउद्दीन खान, गीता यादव, सुनीता यादव, प्रदीप यादव, दानिश मिर्जा, मनीष जाटव, मोहम्मद महमूद, सरदार सिंह पाल, मान सिंह पाल, अजीम पाशा, नन्हें सिंह, रमेश सैनी, वीरेंद्र प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, मोहम्मद इन्तेकाब आदि मौजूद थे।

डीएसएम की टक्कर से युवक की मौत

तीन साथी घायल, मझोला थाना क्षेत्र में हाईवे पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर डीसीएम चालक ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मजदूर की मौत हो गई थी। जबकि उसके तीन साथी घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और परिवार के लोगों को हादसे की जानकारी दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

थाना पाकबड़ा क्षेत्र के रतनपुर कलां गांव निवासी मूलचंद्र, संजय, बंटी और सुनील मजदूरी करते थे। बताया गया कि रोज की तरह मूलचंद साथियों के साथ मजदूरी के लिए थाना कटघर क्षेत्र के कोहिनूर तिराहा के लिए निकले थे। चारों दो अलग-अलग बाइकों पर सवार थे। जब चारों मझोला थाना क्षेत्र के गांव गिन्नौर द माफी के पास नेशनल हाईवे के पास पहुंचे तो इनके बाइकों को तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में दो बाइकों पर सवार चारों लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन चारों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने मूलचंद को मृत घोषित कर दिया। जबकि बंटी, संजय और सुनील को उपचार के लिए भर्ती कर लिया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग भी जिला अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मूलचंद के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी ने बताया कि हादसे में मूलचंद की मौत हुई और उसके तीन साथी घायल हैं। जहां हादसा हुआ है, वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से डीसीएम चालक की पहचान की जा रही है। दशहरा पर मूलचंद की मौत से उसके परिवार में मातम छा गया।

सड़क हादसे में घायल युवक।

● अमृत विचार

रास्ते से बाइक हटाने को कहने पर मारपीट की

मुरादाबाद, अमृत विचार : मैनाठेर थाना क्षेत्र के एक गांव में रास्ते में बाइक बचाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी और मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष से ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। थाना मैनाठेर के लालपुर गंगवर निवासी आशकर ने शनिवार की शाम थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका बेटा मोहम्मद शमी ट्रैक्टर लेकर खेत पर जा रहा था। रास्ते में गांव के ही रिजवान की बाइक खड़ी थी। जब शमी ने बाइक रास्ते से हटाने को कहा तब रिजवान ने गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो रिजवान, असद, अनस और नवासुल मारपीट करने लगे। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस की है। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए कुंदरकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

जिले में अब तक डेंगू के मिले 18 मरीज

मुरादाबाद, अमृत विचार : जुलाई से अब तक जिले में कुल 18 डेंगू के रोगी मिल चुके हैं। इनमें बच्ची समेत 7 महिलाएं भी हैं। इनके अलावा एक बुजुर्ग को छोड़कर अन्य सभी संक्रमित युवा है। केवल सितंबर में ही 9 रोगियों में डेंगू होने की पुष्टि हो चुकी है। अक्टूबर में भी डेंगू के दो रोगी मिल गए हैं।

देखा जा रहा है कि अक्टूबर में पाए गए डेंगू पॉजिटिव अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज हो रहा है। सितंबर में 11 व 19 तारीख में मिले रोगी अभी तक ठीक नहीं हुए हैं, वह ऑनबेड ही हैं। महानगर व देहात, दोनों क्षेत्रों में डेंगू के मरीज मिले हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव का कहना है कि बुखार पीड़ितों में डेंगू और मलेरिया की जांच निरंतर की जा रही है। जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में हर रोज 50-60 सैंपलों में डेंगू-मलेरिया की जांच हो रही है। इनमें से कोई पॉजीटिव नहीं मिला है। जिला सर्विलांस अधिकारी ने बताया कि जिला अस्पताल में 16 बेड का डेंगू वार्ड बनाया है। बुखार के मरीजों के लिए भी अलग से भी वार्ड की व्यवस्था की गई है।

डेढ़ किलो चरस के साथ दो शातिर तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सिविल लाइंस थाना पुलिस ने दो शातिर तस्करों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार कर उनके पास से डेढ़ किलो चरस बरामद की है। ।

सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि शनिवार सुबह रामगंगा विहार चौकी प्रभारी कुलदीप राणा की टीम गश्त पर थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने वेब मॉल बिजलीघर के पीछे कच्चे रास्ते के पास शातिर तस्कर रामबाबू निवासी आदर्श कालोनी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से एक किलो 97 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी ने बताया कि वह चरस की सप्लाई करने जा रहा था। इसके अलावा फकीरपुरा चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह की टीम ने रेलवे खंडहर क्वार्टर के सामने से आदर्श कालोनी निवासी विशाल को गिरफ्तार किया। उसके पास से 300 ग्राम चरस बरामद हुई। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि दोनों गिरफ्तार आरोपी शातिर तस्कर हैं। आरोपी विशाल के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में ही लूट, मारपीट, एनडीपीएस, आबकारी एक्ट समेत 12 मुकदमे दर्ज हैं। जबकि आरोपी रामबाबू के खिलाफ के खिलाफ भी सिविल लाइंस थाने में 5 मुकदमे दर्ज हैं। उसके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ दिन पूर्व ही आरोपी रामबाबू के बेटे विमल को स्मैक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। शनिवार को गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

पकड़े गए आरोपी।

तापमान में असंतुलन न पड़ जाए भारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : इन दिनों दिन और रात के तापमान में काफी अंतर होने से लोग बीमार हो रहे हैं। दिन में अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक हो रहा है। जबकि रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से कम हो रहा है। तापमान में असंतुलन से इन दिनों अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी, सांस फूलने की दिक्कत से परेशान होकर लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

शनिवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। पिछले 3-4 दिनों से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में अंतर बढ़ रहा है। इससे लोग मौसम से तालमेल नहीं बिठा पा रहे हैं। जिससे वायरल बुखार, सर्दी, जुकाम, खांसी और सांस फूलने की दिक्कत से लोग परेशान हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ जुट रही है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. रामकिशोर ने बताया कि तापमान में असंतुलन के चलते इन दिनों ओपीडी में बुखार, सर्दी, जुकाम व सांस फूलने से परेशान होकर मरीज आ रहे हैं। उन्हें मौसम को देखते हुए देर रात या अलसुबह घर से बाहर जाने पर सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। खानपान में भी एहतियात जरूरी है। कोल्ड ड्रिंक्स, आइसक्रीम, फ्रिज का ठंडा पानी पीने से बचें। बाजार में खुले में बिक रहे कटे-फटे व सड़े गले फलों को भी खाने से बचें। बासी भोजन का सेवन न करें। ताजा और संतुलित आहार लें। इसके बाद भी यदि तबीयत बिगड़ती है तो किसी विशेषज्ञ चिकित्सक से इलाज कराएं।

वहीं गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि इस साल दिसंबर-जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। फिलहाल रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस या इससे कम हो रहा है। जबकि दिन में तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रह रहा है। इसलिए सतर्कता बरतने की जरूरत है।

तीन दिनों का न्यूनतम तापमान

तारीख	न्यूनतम तापमान
12 अक्टूबर	19 डिग्री सेल्सियस
11 अक्टूबर	19 डिग्री सेल्सियस
10 अक्टूबर	20 डिग्री सेल्सियस

युवक ने जीजा की बहन को छेड़ा, विरोध पर पीटा

मुरादाबाद, अमृत विचार : मूंढापांडे थाना क्षेत्र में युवती के साथ उसके भाई के साले ने छेड़छाड़ कर डाली। विरोध करने पर आरोपी ने पीड़िता के साथ मारपीट भी की। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मूंढापांडे के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपने बेटे की शादी कटघर क्षेत्र निवासी युवती के साथ की है। शादी के बाद से बेटे के साले का उनके घर आना-जाना रहता था। महिला का आरोप है कि 8 अक्टूबर को आरोपी ने घर आकर बेटी के साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। बेटी ने विरोध किया तो आरोपी ने उसकी पिटाई कर दी। थाना मूंढापांडे प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की रही है।

23 स्वास्थ्य केंद्रों को मिला कायाकल्प अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पिछली बार 12 स्वास्थ्य केंद्रों को पुरस्कार मिला था। इस बार स्वास्थ्य केंद्रों में रोगियों को मिलने वाली सेवाओं के सुधार में मेहनत हुई है। इसी का नतीजा है कि 23 स्वास्थ्य केंद्रों को कायाकल्प अवार्ड मिला है। जिले के 11 सीएचसी-पीएचसी समेत कुल 23 स्वास्थ्य केंद्रों को कायाकल्प अवार्ड मिला है। इसमें 7 आयुष्मान आरोग्य मंदिर भी शामिल हैं। यह उपलब्धि पाने वाले स्वास्थ्य केंद्रों में भी पीएचसी पाकबड़ा और नवादा के आरोग्य मंदिर को कायाकल्प में प्रथम पुरस्कार के लिए नवाजा गया है। इन पुरस्कृत स्वास्थ्य केंद्रों को उपहार के तौर पर धनराशि भी मिली है। प्रथम आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को दो लाख रुपये और प्रत्येक सीएचसी को एक-एक लाख रुपये मिले हैं। प्रथम आए नवादा के आयुष्मान जन आरोग्य मंदिर को एक लाख, बाकी अन्य पुरस्कृत स्वास्थ्य केंद्रों को 25-25 हजार रुपये मिले हैं। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई दी है। जिला अस्पताल व महिला अस्पताल का परिणाम अभी घोषित होना बाकी है। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने सत्यापन के बाद परिणाम जारी किया है। जिला गुणवत्ता सलाहकार डॉ. मोहम्मद आरिफ ने बताया कि पिछले महीने स्वास्थ्य केंद्रों का टीम ने मूल्यांकन किया था। इसके बाद परिणाम जारी किया है।

पाकबड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को मिला कायाकल्प में प्रथम पुरस्कार। ● फाइल फोटो

- जिला अस्पताल और जिला महिला अस्पताल का परिणाम आना अभी बाकी

कायाकल्प पुरस्कार पाने वाले स्वास्थ्य केंद्र

इसके अलावा पुरस्कार जीतने वाली पीएचसी में स्योडारा, निवाद खश, ताजपुर और रतनपुर हैं। यही नहीं, चार अर्बन पीएचसी ने भी पुरस्कार जीते हैं। इनमें टाउन हॉल, नयागांव, फकीरपुरा व मझोली हैं। जिला गुणवत्ता सलाहकार ने बताया कि 7 आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने भी सुविधाओं के मामले में कायाकल्प पुरस्कार जीत लिए हैं। इसमें भी नवादा आरोग्य मंदिर को पहला पुरस्कार मिला है। पुरस्कार जीतने वाले अन्य आरोग्य मंदिरों में मनोहरपुर, धर्मपुर, बीरमपुर, मोंडातेहिया, लोधीपुर और लदावली हैं। जिला गुणवत्ता सलाहकार ने बताया कि जिले की सात सीएचसी ने भी कायाकल्प पुरस्कार जीते हैं। इनमें बिलारी, कुंदरकी, मूंढापांडे, कांठ, भोजपुर, डिलारी और ठाकुरद्वारा हैं।

संस्कृत विद्यालय मुख्यमंत्री करेंगे वर्चुअल शिलान्यास, भोजपुर में बनना है विद्यालय, जीआईसी की जमीन चिह्नित

डीएम से अप्रूवल जरूरी कहकर अपर मुख्य सचिव ने लौटाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिले में विद्यालय व महाविद्यालय समेत कुल छह संस्कृत शिक्षा एवं उच्च शिक्षा केंद्र हैं। एक और इंटरमीडिएट स्तर का राजकीय संस्कृत विद्यालय बनना है। इसके लिए भोजपुर राजकीय इंटर कॉलेज की जमीन चिह्नित हुई है। एडीआईओएस ने बताया कि प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी राजकीय संस्कृत विद्यालय बनने हैं।

निर्माण कार्य शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री वर्चुअल तरीके से इसका शिलान्यास करेंगे। इस शिलान्यास के संबंध में ही गुरुवार को अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा आलोक कुमार ने लखनऊ में अधिकारियों के साथ बैठक की थी। इसमें मुरादाबाद से एडीआईओएस व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग (आरईडी) के अधिशासी अभियंता पहुंचे थे। बैठक के समय समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिस जमीन पर भोजपुर में राजकीय संस्कृत विद्यालय बनाने को तय किया गया है, उस जमीन के संबंध में डीएम से अप्रूवल नहीं लिया गया है। हालांकि, संबंधित जमीन शिक्षा विभाग की ही है। लेकिन, फिर भी अपर मुख्य सचिव ने डीएम का अप्रूवल लिया जाना जरूरी कहकर अगली कार्रवाई के लिए प्रस्तुत होने का 10 दिन का समय दिया है। लखनऊ से लौटने पर एडीआईओएस शतानंद शर्मा और आरईडी के अधिशासी अभियंता रामपाल धीमान ने बताया कि भोजपुर में राजकीय इंटर कॉलेज की खाली जमीन है। जहां राजकीय संस्कृत विद्यालय बनाने की योजना निश्चित हुई है।

चूंकि, ये जमीन माध्यमिक शिक्षा विभाग की ही होने से उन लोगों ने डीएम से अप्रूवल लेने की जरूरत नहीं समझी थी। लेकिन, अब ऊपर से निर्देश हैं तो प्रक्रिया पूरी करने के बाद अगली बैठक के लिए जब बुलाया जाएगा तो लखनऊ जाकर दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह अन्य आठ जिलों के दस्तावेज में आपत्तियां थीं। इन्हें भी जमीन की प्रक्रिया अधूरी होने से अपर मुख्य सचिव ने लौटाया है।

एडीआईओएस ने बताया कि मुरादाबाद की तरह ही प्रदेश के बनारस, अयोध्या, बिजनौर, प्रयागराज, भदोही व कुछ एक अन्य जनपद में कुल आठ राजकीय संस्कृत विद्यालय बनने हैं। इनमें कक्षा 12 तक की कक्षाएं संचालित होंगी।

बैठक में ले गए थे डीपीआर, नक्शा, स्टीमेट

अपर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि दस्तावेज की कार्रवाई पूरी होने के बाद मुख्यमंत्री वर्चुअल तरीके से ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। संस्कृत विद्यालय बनाने का कार्य आरईडी करेगी। कार्यदायी संस्था ने विद्यालय निर्माण के संबंध में डीपीआर, नक्शा, स्टीमेट बना लिया है। यह सभी प्रपत्र लेकर वह अपर मुख्य सचिव की बैठक में गए थे।

तैयारी

- पहले जिलाधिकारी से नहीं लिया गया था अप्रूवल
- अपर मुख्य सचिव ने दिया है 10 दिन का समय

ये भी जानें

- 892 लाख रुपये से बनेगा संस्कृत विद्यालय।
- 1675 वर्ग मीटर क्षेत्र में विद्यालय बनना है।
- 965 वर्ग मीटर क्षेत्र में छात्रावास बनेगा।

जंतर-मंतर पर आंदोलन करेंगे रेलवे स्टेशन मास्टर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 16 अक्टूबर को दिल्ली में करेंगे धरना-प्रदर्शन
- नाइट ड्यूटी भत्ता और पदनाम परिवर्तन हैं मुख्य मांगें

अमृत विचार: दिल्ली में 16 अक्टूबर को देशभर के रेलवे स्टेशन मास्टर अपनी मांगों को लेकर अनशन कर विरोध जताएंगे।

जंतर-मंतर पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर एस्मा (आल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन) की ओर से आंदोलन का आह्वान किया गया है। हर मंडल से दो दर्जन से ज्यादा स्टेशन मास्टर दिल्ली बुलाए गए हैं। सभी विरोध-प्रदर्शन के बीच अपनी मांग के समर्थन में पेंडिंग डिमांड बैज लगाकर ड्यूटी करेंगे। पदनाम परिवर्तन, रात्रि ड्यूटी भत्ता समेत तमाम मांगों को लेकर रेलवे के स्टेशन मास्टर्स में विरोध गहरा रहा है है। अपनी मांगों को मनवाने के लिए एस्मा ने आंदोलन के लिए दिल्ली में प्रदर्शन का ऐलान किया है। एस्मा के मुरादाबाद में मंडल सचिव कुंवर सिंह नौटियाल ने बताया कि स्टेशन मास्टर्स की तमाम मांगें हैं। लेकिन मांगों के हल न होने पर रेलकर्मियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा। संगठन ने तमाम मांगे रखी हैं। लेवल 8 व 9 के कर्मचारी विशेषकर स्टेशन मास्टर्स को नाइट ड्यूटी एलाउंस नहीं मिल रहा। इसके अलावा पदनाम परिवर्तन, एमएसीपी एक जनवरी 16 से लागू करने, कैडर रिस्ट्रक्चरिंग और गजेटेड रैंक, स्टेशन मास्टरों को सुरक्षा व तनाव भत्ता, पुरानी पेंशन, अंतर मंडल स्थानांतरण मांगे मुख्य हैं। एस्मा के पदाधिकारियों का कहना है कि जंतर-मंतर पर स्टेशन मास्टर्स एक दिन की भूख हड़ताल करेंगे।

एक नजर

घर में घुसकर महिला से मारपीट, तीन पर रिपोर्ट

बिलारी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सनाई निवासी शांति देवी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका मकान उदरनपुर चक उर्फ वीरमपुर में है। महिला ने आरोप लगाया कि शनिवार सुबह पांच बजे वीरमपुर के प्रेम सिंह पुत्र हुलासी, राजवीर पुत्र प्रेम सिंह और रवि पुत्र प्रेम सिंह वहां आए और धमकी देने लगे। महिला ने आरोप लगाया कि जब उसने गेट खोला तो तीनों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। जब उसने शोर मचाया तो लोग एकत्र होने लगे। इस पर तीनों लोग जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वसुधा को मिलेगा स्वर्ण श्लाका सम्मान

वसुधा।

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : डिलारी के डॉ. अनुपम त्रिगुणायत की पुत्री वसुधा त्रिगुणायत ने श्रीमद् कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा अमरोहा से बीए फाइनल किया है। रुहेलखंड विश्विद्यालय बरेली में संस्कृत विषय में टॉप करने पर उनका स्वर्ण श्लाका सम्मान के लिए चयन किया गया है। उसकी सफलता पर सहपाठी और रिश्तेदारों ने बधाई दी है। वसुधा के पिता चिकित्सक हैं, जबकि माता अभिलाषा शर्मा गृहणी हैं। वसुधा ने सफलता के लिए माता-पिता को श्रेय दिया है।

एससी एक्ट और मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति ने मारने पीटने और जाति सूचक शब्द कहने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायती पत्र दिया था। मामले में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो नामजद और दो अज्ञात पर मामला दर्ज कर लिया है। अनिल पुत्र मक्खन सिंह निवासी ग्राम चांदपुर मंगोल थाना कुंदरकी के अनुसार 10 अक्टूबर की सुबह उसके गांव के ही योगेश व रोहित पुत्रगण कलुआ और उनके दो अन्य भाइयों ने जाति सूचक शब्द कहे और उसे व उसकी पत्नी और मां को मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

धू-धू कर जला बुराई का प्रतीक रावण का पुतला

भगवान राम ने बाण मारकर किया रावण का वध, लोगों ने किया जय श्रीराम का उद्घोष

संवाददाता, कांठ/छजलैट

अमृत विचार : असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पूरे नगर व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। रावण का वध कर भगवान श्रीराम ने असत्य पर सत्य की विजय गाथा दोहराई। इसके बाद मेले में बुराई का प्रतीक रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा।

चेतरामपुर मार्ग स्थित दशहरा के मैदान में कलाकारों ने युद्ध का सजीव मंचन किया। रावण भगवान राम को युद्ध के लिए ललकारते हुए आगे बढ़ रहा था। इसे देख दर्शकों की भीड़ उत्साह से भर गई। लोग जय श्रीराम का उद्घोष कर रहे थे। युद्ध के दौरान भगवान राम के बाण से रावण का अंत हुआ। इसी के साथ असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की जीत हुई थी। रावण का पुतला जलते ही पूरा माहौल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम प्रिंस वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निम्बाड़िया, थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह, चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

बिलारी में पौंडा खेड़ा मंदिर में रावण के पुतले का दहन करते श्रीराम के रूप में कलाकार।

ठाकुरद्वारा में मैदान में युद्ध करते राम-रावण के स्वरूप में कलाकार। ● अमृत विचार

जय श्रीराम के जयकारों के साथ पुतले का दहन

बिलारी, अमृत विचार : पौड़ा खेड़ा मंदिर में सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रही रामलीला मंचन के बाद भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया। जिसके बाद एसडीएम विनय कुमार सिंह ने रावण के पुतले का दहन किया। इससे पहले राम और रावण के युद्ध को देखदर्शकों ने जय श्रीराम की जयकारे लगाए। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने बताया कि हम सभी के अंदर राम और रावण हैं, सिर्फ जरूरत है हमें उन्हें पहचानने की। उन्होंने सभी से श्रीराम के जीवन के आदर्श को अपने जीवन में उतारने का आग्रह किया। सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान ने रामलीला मंचन कर रहे सूर्यवंश के कलाकार और निदेशक को पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस दौरान मुख्य रूप से संजय जैन, पंडित रामनिवास शर्मा के अतिरिक्त भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

असत्य पर सत्य की जीत के साथ जला रावण का पुतला

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : क्षेत्र में विजयादशमी का त्योहार परंपरागत तरीके से मनाया गया। नगर के भवालुपरा बाग के निकट दशहरा मेला स्थल में भगवान श्रीराम के अग्निबाण से रावण का पुतला पटाखों के साथ दहन हुआ। इस दौरान लोगों ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। शनिवार को नगर में दशहरा पर घरों में विधि-विधान से शास्त्रों की पूजा की गई। बहनों ने भाइयों के कानों पर नौरते रख तिलक लगाकर दीर्घायु की कामना की तथा भाइयों ने उपहार दिए। वहीं, मेला स्थल पर भगवान श्रीराम की सेना व लंका के राजा रावण की सेना में भीषण युद्ध हुआ। अंत में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व लंकापति रावण के बीच युद्ध हुआ। इस दौरान श्रीराम ने अग्निबाण से प्रहार किया तो रावण का अंत हो गया। इसी के साथ रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले आतिशबाजी के साथ जल उठे।

अधर्म पर हुई धर्म की विजय

संवाददाता, डिलारी

अमृत विचार : कस्बा व जटपुरा में रामलीला कमेटी एवं मेला कमेटी के तत्वावधान में मेला स्थल पर रावण के पुतले का दहन किया गया। अन्याय पर न्याय की जीत का पर्व विजयदशमी उत्साह और श्रद्धापूर्वक मनाया गया। लोगों ने बुराई के प्रतीक रावण के पुतले को दहन कर सामाजिक बुराइयों को खत्म करने का संकल्प लिया। अहंकार और अधर्म का प्रतीक रावण का पुतला का जब दहन किया तो दशहरा मैदान श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। मेले में घड़े, कुल्हड़, दिए और बर्तनों की खरीदारी हुई। बच्चों ने मेले में लगे झूलों का आनंद दिया। मेले में सुरक्षा के लिए पुलिस मुस्तैद रही।

जटपुरा में मेले में आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यों के अतिरिक्त ग्राम प्रधान खूब सिंह चौहान, राम सिंह चौहान, आरकेसिंह, मनोज प्रधान, दिनेश कुमार शर्मा, सूरज सिंह चौहान, मुनेश चौहान, संजय सिंह, सुधीर कुमार, देवराज सिंह चौहान, अनिल चौहान, बलबीर सिंह, खिलेन्द्र चौहान, पंकज चौहान, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

डिलारी में जलता रावण का पुतला।

भगवान श्रीराम के रथ का नगर में किया स्वागत

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : दशहरा पर रामलीला मंदिर से दशहरा मेला स्थल युद्ध के लिए भगवान श्रीराम लक्ष्मण, विभीषण एवं हनुमान जी रथ पर सवार होकर निकलते हैं। जिनकी शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

शोभायात्रा नगर के रामलीला मंदिर से प्रारंभ होकर पुराना रोडवेज बस स्टॉप, बिश्नोई मंदिर, वैश्य धर्मशाला, मुख्य बाजार, न्यादर लाल का चौराहा, घनश्याम सिंह पहलवान तिराहा, मोहल्ला पट्टी वाला, मोहल्ला मान नगर होते हुए दशहरा मेला स्थल पहुंची। शोभायात्रा के साथ बैंड बाजे की धुन पर बज रहे भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो रहा था। श्रद्धालु भगवान श्रीराम के रथ की आरती उतार कर जगह-जगह स्वागत एवं पुष्प वर्षा कर रहे थे। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान श्रीराम का उद्घोष करते हुए चल रहे थे। दशहरे मेले का आरंभ पूर्व भाजपा विधायक राजेश कुमार चुन्नू ने गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में किया। शोभायात्रा में भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कुंवर सुरेन्द सिंह विश्नोई, प्रधानाचार्य मदन सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान, राधेश्याम भुईयार, बीनू चौहान, सचिन कुमार, निपेंद्र चौहान, हरपाल सिंह चौहान, शनि कश्यप, ब्रह्मपाल सिंह, राजवीर विश्नोई, नीरज कुमार चौहान, प्रदीप कुमार चौहान, आकाश प्रभाकर,शिशुपाल चौहान, गौरव कुमार चौहान, दानवीर सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

दशहरा मेला का उद्घाटन करते पूर्व विधायक राजेश कुमार उर्फ चुन्नू व साथ में अन्य।

राय सत्ती मंदिर में पुतला दहन करते साहू सुनील सहाय, रघुराज यादव व साथ में अन्य।

राय सत्ती मंदिर में किया पुतला दहन

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : राय सत्ती मंदिर में राम भक्त कमेटी के तत्वावधान में पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं वर्तमान पालिका अध्यक्ष ने रावण के पुतले का दहन किया। पूर्व पालिका अध्यक्ष साहू सुनील सहाय ने कहा कि हम सभी को सीख लेनी चाहिए कि बुराई का अंत हमेशा बुरा होता है। वर्तमान पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने हमेशा अच्छाई का मार्ग चुना। इस दौरान विकास गुप्ता, पंकज चौहान, सुमित गुप्ता, अभिषेक पांडे, दीपक यादव, विशाल कावत्रा, गंगा प्रसाद, राजेश, प्रमोद गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, राजू गुप्ता, पवन गुप्ता, जगदीश प्रसाद गुप्ता, जीलाल गुप्ता, संजय गुप्ता, भारत भूषण चावला, मनोज गुप्ता, अनुप गुप्ता, रानू गुप्ता, अरुण गुप्ता, अमन गुप्ता, दीपक गुप्ता, छवि राज चावला, पारस गुप्ता, निलेश गुप्ता, पराग गुप्ता, अर्पित गुप्ता, आयुष गुप्ता, चिराग गुप्ता, आकाश गुप्ता, सत्यम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

हेड कांस्टेबल की हृदय गति रुकने से हुई मौत

छजलैट, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम चक पचोकरा निवासी हेड कांस्टेबल की ड्यूटी पर जाते समय हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई। गांव में शनिवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मृतक का फाइल फोटो।

थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम चक पचोकरा निवासी भोजराज शर्मा पुत्र टीकाराम शर्मा थाना फैजगंज बेहटा जिला बदायूं में हेड कांस्टेबल थे। उनका 31 दिसंबर को रिटायरमेंट होना था। वह बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। ड्यूटी जाते समय हृदय में दर्द होने से मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक के परिवार में दो बेटे मोहित शर्मा, हिमांशु शर्मा और एक बेटी है। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार में गांव तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि दी।

दो बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल, हायर सेंटर रेफर

संवाददाता, ठाकुरदारा

अमृत विचार : दो बाइकों की टक्कर से एक बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

थाना भोजपुर के गांव बाकरपुर निवासी राजू पुत्र जगबीर सिंह बाइक से किसी काम के लिए ठाकुरद्वारा आया था। लौटते समय उसकी बाइक की सामने से आ रहे उत्तराखंड के थाना जयपुर के गांव मडुवा खेड़ा निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह की बाइक से हाईवे के निकट रघुनाथपुर के पास टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देखकर राहगीरों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बाइक फिसलने से दो लोग घायल

छजलैट, अमृत विचार : जनपद अमरोहा के ग्राम दोऊ सराय निवासी योगेश कुमार पुत्र महिलाल एवं सोहित पुत्र खेमचंद मुरादाबाद कांठ हाईवे से होकर मुरादाबाद से मंडी धनौरा बाइक से जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक कैंच की पुलिया के पास पहुंची, अचानक बाइक फिसल गई। बाइक फिसलने पर दोनों सवार सड़क पर जा गिरे। सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। उनके परिजनों को इस संबंध में सूचना देकर 108 एंबुलेंस से गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

झोलाछाप के क्लीनिक पर छापा मारा, रिपोर्ट दर्ज

कांठ, अमृत विचार : झोलाछापों के खिलाफ अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक झोलाछाप के क्लीनिक पर छापामारा। मामले में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

झोलाछापों के खिलाफ अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. राजीव सिंह ने कांठ नगर में एके विश्वास के क्लीनिक पर 10 अक्टूबर को छापा मारा था। जिसमें क्लीनिक के संचालक एके विश्वास अपने निवास पर क्लीनिक चला रहे थे। मौके पर नोडल अधिकारी ने जब चिकित्सा का प्रमाण पत्र मांगा तो उनके पंजीकृत प्रमाण पत्र नोडल अधिकारी को नहीं मिले। उनके क्लीनिक का पंजीकरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में नहीं था। इस पर नोडल अधिकारी डॉ. राजीव सिंह ने थाना कांठ पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर ली है।

धर्म | घरों और मंदिरों में पूजन कर कन्याओं को जिमाकर लिया आशीर्वाद

नवमी पर पूजन कर कन्याओं को जिमाया

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : शनिवार को शारदीय नवरात्र के नवमी पर महिलाओं देवी का पूजन किया और कन्याओं को जिमाया। श्रीराम कली आश्रम मंदिर में नवचंडी महायज्ञ का समापन हो गया। जिसके बाद प्रसाद वितरित किया।

समिति अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा ने बताया कि नौ दिन तक चले नवचंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने घर परिवार में सुख समृद्धि और क्षेत्र में शांति और उन्नति के लिए आहुतियां देकर प्रार्थना की। पंडित मोहनलाल शर्मा, पंडित विनोद कुमार मिश्रा समेत बड़ी संख्या में भक्तों ने धर्म लाभ कमाया।

नवमी पर महिला श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भजन-कीर्तन किए। नगर के मंदिर गमा देवत, मोहल्ला अब्दुल्ला स्थित शिव मंदिर, झंडा चौक शिव मंदिर, काहरो वाला शिव मंदिर, नागों वाला शिव मंदिर, राय सत्ती मंदिर, शंभू नाथ मंदिर, बच्चा बाग शिव मंदिर, पौडा खेड़ा मंदिर, सहसपुर गमा देवत मंदिर के अलावा अमरपुर काशी आदि मंदिरों में भी विशेष भजन कीर्तन किया गया। जिससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय रहा।

बिलारी में कन्या का तिलक करतीं वंदना शर्मा।

मां सिद्धिदात्री की आराधना कर कन्याओं को जिमाया

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : क्षेत्र में शनिवार को भी मां सिद्धिदात्री की पूजा की गई। प्राचीन दुर्गा माता मंदिर, खाकेश्वर मंदिर, पीपल टोला स्थित श्रीशिव धाम पंचशील मंदिर, मोहल्ला जाटवान स्थित चामुंडा मंदिर, सिंचाई विभाग कालोनी स्थित मनोकामना मंदिर आदि मंदिरों में देवी की पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। महिलाओं ने परिवार की सुख समृद्धि की मां दुर्गा से प्रार्थना की। देहात क्षेत्र के गांव राघूवाला, मैसूवाला, रामनगर खागूवाला, मानावाला, शरीफनगर, सुरजननगर, मुनीमपुर, कुंआखेड़ा, पानूवाला, गोपीवाला, निर्मलपुर, पीलकपुर गुमानी में मंदिरों में श्रद्धालुओं ने सिद्धिदात्री की पूजा की। श्रद्धालओं ने कन्या पूजन के साथ व्रत पूरा किया।

शाम को घर से गए युवक का सुबह मिला शव, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : थाना कुंदरकी क्षेत्र के गांव रामपुर मैगन निवासी संजय कुमार पुत्र लाल सिंह ने कोतवाली में रिपोर्ट लिखाई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उसका छोटा भाई राजेंद्र राजमिस्त्री था। शुक्रवार शाम वह काम करके घर वापस आ गया था, तभी गांव का विजय सिंह पुत्र धर्म सिंह शाम को घर आया और उसे बुलाकर ले गया। जिसके बाद पूरी रात उसका भाई घर नहीं पहुंचा। शनिवार सुबह बिलारी पुलिस ने उन्हें सूचना दी कि उसके भाई का एक्सीडेंट हो गया है। सूचना पर वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। जहां उन्होंने देखा कि वहां उसके भाई का शव रखा हुआ है। जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम को भिजवा दिया।

संजय कुमार और उसके परिजनों ने विजय सिंह पर उसके भाई की हत्या करने का आरोप लगाया है। जिसके बाद कोतवाली में विजय सिंह के नाम हत्या करने की तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी लखपत सिंह ने बताया कि संजय कुमार की तरफ से उसके भाई की हत्या की तहरीर मिली है। जिसके आधार पर आरोपी विजय सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, आगे की कार्रवाई रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

राजेंद्र की 10 माह पहले हुई थी शादी

बिलारी, अमृत विचार : राजेंद्र के भाई संजय कुमार ने बताया कि उसके भाई की शादी 10 माह पहले बबली देवी से हुई थी। राजेंद्र सात भाइयों में सबसे छोटा था। राजेंद्र की मौत से पिता लाल सिंह, मां दुलारी और राजेंद्र की पत्नी बबली का बुरा हाल है।

सार संक्षेप

ध्वज को प्रणाम करते प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा व अन्य।

आरएसएस का स्थापना दिवस मनाया, शस्त्र पूजन किया

बिलारी, अमृत विचार : क्षेत्र के अमरपुर काशी स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 99वां स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही शस्त्र पूजन भी किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा भारती ठाकुरद्वारा जिला अध्यक्ष पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने आरएसएस ध्वज को प्रणाम कर संघ प्रार्थना की और शस्त्र पूजन भी किया। प्रधानाचार्य ने स्वयंसेवकों को बताया कि सन् 1925 विजयादशमी के दिन महाराष्ट्र के नागपुर में डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक वट वृक्ष बन गया है। बताया कि संघ निस्वार्थ भाव से समाज की हर स्तर पर सेवा करता है। इस दौरान मुख्य रूप से प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा, महेंद्र सैनी, डॉ. कुलदीप सैनी, कायमेश यादव, विनीत यादव, गौरव यादव्र, प्रशांत सिंह चौहान, निखिल चौहान मुख्य रूप से रहे।

कांठ में दशहरा मेला स्थल पर शिविर में मौजूद लोग।

दशहरा मेला स्थल पर संस्थाओं ने लगाए शिविर

कांठ, अमृत विचार : दशहरा मेला स्थल पर कई संस्थाओं एवं राजनीतिक दलों ने स्वागत शिविर लगाए थे। वहीं, मेले में झूलों का बच्चों और महिलाओं ने आनंद लिया। दशहरा मेला स्थल पर आए सभी नागरिकों के स्वागत के लिए भारत विकास परिषद, कश्यप एकता मंच, निषाद पार्टी एवं भारतीय समरसता संघ द्वारा शिविर लगाकर नागरिकों का स्वागत किया गया। दशहरे मेले में लगाए गए शिविर में गणमान्य नागरिकों ने गले मिलकर दशहरे की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान निरंकारी संगठन द्वारा लगाए शिविर में जल का वितरण किया गया। मेले में लगे झूलों का बच्चों ने खूब लुफ्त उठाया। मेले में चाट, पकौड़ी, जलेबी, खिलौने आदि की दुकानें सजाई गई थीं, जहां से नागरिकों ने खरीदारी की। वहीं महिलाओं के लिए भी मीना बाजार लगाया गया था। मेले में स्टेज पर चल रहे सांस्कृतिक आयोजन का भी सभी ने आनंद लिया।

राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाते सपा कार्यकर्ता।

सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई डॉ. लोहिया की पुण्यतिथि

कांठ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ. राम मोहन लोहिया की 57वीं पुण्यतिथि मनाई। सपा कार्यकर्ताओं ने समाज के लिए किए गए उनके कार्यों को याद किया। शनिवार को समाजवादी पार्टी के कार्यालय में डॉ. राममनोहर लोहिया की 57वीं पुण्यतिथि मनाई गई। वक्ताओं ने कहा कि लोहिया जी प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापक रहे। उन्होंने जाति, धर्म, मजहब और नस्ल के आधार पर हो रहे सामाजिक व्यवहार का प्रखर विरोध किया। वह गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़ों और दलितों की आवाज उठाते रहे। इस अवसर पर सपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फुरकान अली, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग विक्रम सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष दीपक विश्नोई, अमजद अली, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद सूफियान, अरशद फुरकान खान, मनव्वर फयान, अनश आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दहेज उत्पीड़न में ससुराल वालों पर रिपोर्ट दर्ज

कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में महिला ने ससुराल वालों पर दहेज में 5 लाख रुपये, बुलेट मांगने एवं जेठ पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने डीआईजी के निर्देश पर सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती की शादी अमरोहा के थाना बछराऊं क्षेत्र के ग्राम धनोरी खुर्द निवासी शराफत पुत्र शरीफ से हुई थी। महिला के ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे। उन्होंने दहेज में बुलेट और पांच लाख रुपए नकदी की मांग को लेकर महिला को परेशान करना शुरू कर दिया। आरोप है कि 20 अगस्त को रात में महिला से जेठ इकरार अहमद ने दुष्कर्म किया। महिला ने पति से शिकायत की तो पति और ससुराल वालों ने उसे चुप करा दिया। इसके बाद उसे और उसकी बेटी को घर से निकाल दिया गया। महिला इसके बाद अपने मायके आ गई। तब पीड़िता डीआईजी से मिली और प्रार्थना पत्र देखकर कार्रवाई की मांग की। डीआईजी ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश स्थानीय पुलिस को दिए थे। पुलिस ने डीआईजी के निर्देश पर मामला दर्ज कर लिया है।

भंडारे में प्रसाद बांटते लोग।

कालरात्रि चामुंडा मंदिर में किया भंडारा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : फरीदनगर रोड स्थित जाटवान बस्ती के कालरात्रि चामुंडा मंदिर में दशहरा पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख के पति डॉ. वीर सिंह सैनी ने पूजा अर्चना कर कन्याओं को जिमाकर भंडारे का आरंभ किया। इस अवसर पर पवन पुष्पद, नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, मुकेश चौधरी, धर्मेंद्र, नागेंद्र लांबा, अर्जुन चेतन और जयप्रकाश पंडित, हेमेंद्र प्रताप, रोहित कुमार, सोनू, अनु जाटव, चेतन कुमार, राजीव कुमार, कपिल कुमार, हरीश भाई आदि रहे।

10 लाख और कार न मिलने पर महिला को निकाला

कुंदरकी, अमृत विचार : महिला ने ससुराल वालों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में शिकायती पत्र दिया था। जिस पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगर निवासी महिला के अनुसार उसकी शादी 25 अप्रैल 2017 को बरेली निवासी मोबिन मियां पुत्र मुन्ना शैरी के साथ हुई थी। आरोप लगाया कि कुछ दिन बाद से ही उसका देवर नईम मियां उस पर बुरी नजर रखने लगा था और मौका मिलने पर अश्लील हरकत करता था। इस पर वह 28 सितंबर को मायके कुंदरकी आ गई और मायके वालों को बताया। महिला ने बताया कि पांच अक्टूबर की दोपहर वह अपने घर पर अकेली थी, तो उसकी सास अनवरी, देवर नईम, देवरानी आयशा और नईम का ससुर मुन्ना तूफानी उसके घर पर आए और उसके भाई के बारे में पूछा और अपने साथ चलने का दबाव बनाते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने जबरन उसके मुंह में जहरीला पदार्थ डालने का प्रयास किया। इसके बाद आरोपियों ने कहा कि अगर ससुराल में रहना है तो 10 लाख रुपये व कार का इंतजाम करो। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक नजर

एसपी को सम्मानित करते ज्वालानगर रामलीला कमेटी के पदाधिकारी।

पुलिस अधीक्षक को किया गया सम्मानित

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव शनिवार शाम को विजयदशमी के मौके पर सुरक्षा का जायजा लेने के लिए ज्वालानगर पहुंचे। उन्होंने रावण पुतला दहन स्थलों, मेला स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ज्वाला नगर रामलीला कमेटी के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान रामलीला कमेटी सदस्य एवं सम्मानित मौजूद रहे।

रामपुर में जल्द आ सकती हैं राज्यपाल

रामपुर, अमृत विचार : रजा लाइब्रेरी के 250 वर्ष पूरे होने पर एक सप्ताह तक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इसमें राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को आना था। लेकिन किन्हीं कारणों के चलते वह रामपुर नहीं आ सकी थीं और रजा लाइब्रेरी के कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़ीं थीं। लेकिन अब उनके आने की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। लाइब्रेरी के मीडिया प्रभारी हिमांशु सिंह ने बताया कि जल्द ही राज्यपाल लाइब्रेरी आ सकती है।

आनंदी बेन पटेल।

ग्रामीण को रास्ते में रोककर पीटा, रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : कुछ लोगों ने ग्रामीण को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। टांडा थाना क्षेत्र के गांव बैजनी निवासी दिलीप कुमार का कहना है कि वह पास में ही रहने ऋषिपाल के बेटे की छठी की दावत खाकर घर जा रहा था। रास्ते में जगमोहन और नन्हें ने उसे रोक कर गाली-गलौज की। विरोध पर उसे पीट दिया। बाद में पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने दोनों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बहन की शादी के कार्ड बांटने जा रहे युवक की मौत

शनिवार सुबह स्वार रोड पर परचई के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, मां घायल

संवाददाता, सैदनगर

अमृत विचार : बहन की शादी के कार्ड बांटने जा रहे युवक की बाइक को अजीमनगर थाना क्षेत्र में स्वार रोड पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना से शादी की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

मेहरबान (फाइल फोटो)

हादसा अजीमनगर थाना क्षेत्र में स्वार रोड पर परचई गांव के पास हुआ। स्वार के मोहल्ला रसूलपुर निवासी मेहरबान (25) अपने भाई के साथ दिल्ली में सिलाई करता है। उसके पिता की 12 वर्ष पहले मौत हो गई थी। 15 दिन बाद उसकी बहन की बरात आनी थी। शनिवार की सुबह मेहरबान अपनी मां शायरा बेगम के साथ शादी के कार्ड बांटने निकला था। परचई चौराहे के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को रौंद दिया। हादसे बाइक सवार मां-बेटा सड़क किनारे गिर गए। इस दौरान चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजन दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मौजूद पुलिस युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहने लगी। लेकिन परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से मना कर दिया और बिना पोस्टमार्टम कराए ही युवक का शव घर ले गए। युवक का शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। उधर जिला अस्पताल में भर्ती मां की हालत भी नाजुक बताई जा रही है।

गुमसुम बैठे मृतक के परिजन।

मातम में बदलीं बहन की शादी की खुशियां

मृतक मेहरबान दिल्ली में सिलाई का काम करके अपने परिवार की जिम्मेदारी उठाता था। मेहरबान दो भाई और 5 बहने हैं। किसी तरह वह अपने परिवार का पेट पाल रहा था। उसकी मौत से सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मेहरबान की मौत के बाद बहन की शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

बाइक की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र घायल

बिलासपुर, अमृत विचार : हाईवे पर पिता-पुत्र को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान पिता की मृत्यु हो गई। घायल पुत्र को डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मूल रूप से पीलीभीत के गछाडा निवासी गेंदन लाल गंगवार और उनका पुत्र हरीश गंगवार वर्तमान में क्षेत्र के गांव कौशलगंज में रह रहे थे। वह नैनीताल हाईवे स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में नौकरी करते थे। शुक्रवार की रात पिता-पुत्र प्लाईवुड फैक्ट्री से गांव लौट रहे थे। नैनीताल हाईवे पर केसरी होटल के पास पीछे से आ रही बाइक ने पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर चौकी प्रभारी अमित कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने गेंदन लाल गंगवार को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर रोते-बिलखते परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। घायल हरीश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

करंट से झुलसे किसान की उपचार के दौरान मौत

स्वार, अमृत विचार : खेत में खाद डालते समय हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आए किसान की उपचार के दौरान मौत हो गई। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। नगर से सटे लच्छी वाला गांव में 25 सितंबर को खेत में खाद डालते समय 4 लोग हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर झुलस गए थे। इनमें से एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई थी। गंभीर रूप से झुलसे कृष्ण अवतार का उपचार कराया जा रहा था। शनिवार को कृष्ण अवतार ने उपचार के दौरान उत्तराखंड के काशीपुर स्थित एक अस्पताल में दम तोड़ दिया।

कुकर्म में नाकाम होने पर की थी बालक की हत्या

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : कुकर्म में नाकाम होने पर आरोपी ने बालक की पीलाखार नदी में डुबोकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 10 वर्षीय दो बच्चों को गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे नगलिया आकिल गांव निवासी सलमान अपहरण कर भोट थाना क्षेत्र के दरियागढ़ गांव के पास पीलाखार नदी किनारे ले गया था। उसने एक बालक को नदी के गहरे पानी में ले जाकर डुबो दिया था। दूसरा बालक किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भाग गया था। शुक्रवार को बालक का शव नदी में उतराता मिला था। मृतक के पिता की तहरीर पर आरोपी सलमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। शुक्रवार की शाम ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

आरोपी सलमान।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसने बालक से कुकर्म का प्रयास किया था। इस दौरान वह शोर मचाते हुए विरोध करने लगा। इससे वह घबरा गया था। कुकर्म के प्रयास की बात वह परिजनों को न बता दे इसी डर से उसने बच्चे को नहाने के बहाने नदी में ले जाकर गहरे पानी में डुबो दिया और फरार हो गया। अपराध निरीक्षक अजयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जंगल में मिले प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष, हिंदू संगठन भड़के

संवाददाता, स्वार

अमृत विचारः जंगल में प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष एवं एक देवी के कटे हुए फोटो मिलने पर हिंदू संगठन भड़क गए। मौके पर पहुंचे हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर सीओ स्वार एवं कोतवाल भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हंगामा कर रहे हिंदू संगठनों के लोगों को किसी तरह शांत कराकर अवशेषों को गड्ढे में दबा दिया। कुछ अवशेषों को जांच के लिए भेजा गया है।

तहसील क्षेत्र के गांव धनौरी के किसानों ने अपने खेतों में प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष एवं देवी का फोटो पड़ा देखा। खेतों में प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष मिलने की सूचना पर गोरक्षा दल, बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के लोग मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। सूचना पर सीओ अतुल कुमार पांडे व कोतवाल संदीप त्यागी पुलिस मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हंगामा कर रहे हिंदू संगठनों के लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। संगठनों ने आरोप लगाया कि आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं। पुलिस ऐसे लोगों को चिन्हित कर बड़ी कार्रवाई नहीं कर पा रही है। सीओ व कोतवाल ने ऐसे लोगों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। बाद में पुलिस ने खेतों में पड़े अवशेषों को गड्ढे में दबा दिया। हंगामा करने वालों में बजरंग दल के अध्यक्ष सोनू सागर, गोरक्षा दल के नगर अध्यक्ष सौरभ सक्सेना, सूरज वाल्मीकि, पृथ्वी राज, संजय राज, अमन सक्सेना, राकेश आदि मौजूद रहे।

अवशेष मिलने पर जांच करती पुलिस।

जमीन बेचने के नाम पर 1.52 करोड़ हड़पे

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : एक व्यक्ति ने सड़क किनारे स्थित 4 बीघा जमीन दिखाकर 3 करोड़ रुपये में सौदा करके 40 लाख रुपये नकद व 1.12 करोड़ रुपये के चेक खरीदार से ले लिए। इसके बाद वह काफी दिन तक टरकाता रहा। जमीन खरीदने वाले को वास्तविकता का पता चला तो जमीन खतौनी से दूसरे की निकली। खरीदार ने विक्रेता सहित दो अज्ञात के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना टांडा क्षेत्र निवासी गुलशेर खां ने 5 वर्ष पूर्व दिनेश कुमार पुत्र रेवत सिंह निवासी ग्राम मलहूपुरा थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद से रोशनपुर मार्ग पर 4 बीघा जमीन का सौदा 3 करोड़ रुपये में किया था। गुलशेर ने दिनेश कुमार को 40 लाख रुपये गवाहों की मौजूदगी में दिए थे। जबकि 1.12 करोड़ रुपये के चेक दिए थे। इसका 50 रुपये के स्टांप पर एग्रीमेंट भी लिखा लिया था। 6 माह बाद गुलशेर ने कहा कि शेष रकम का बंदोबस्त हो गया है। इसलिए बैनामा करा दो। लेकिन दिनेश टालमटोल करता रहा। शक होने पर गुलशेर ने जानकारी की तो पता चला कि जमीन और खतौनी में दर्ज जमीन अलग-अलग हैं। तब गुलशेर ने अपनी रकम वापस मांगी। इसी दौरान कोविड के चलते लॉकडाउन लग गया। इसके बाद गुलशेर लगातार अपनी रकम वापस मांगता रहा। मगर दिनेश टालमटोल करता रहा। लगभग एक माह पूर्व दिनेश ने गुलशेर खां को बादली के पुल के पास बुलाया। वहां दिनेश और उसके दो साथियों ने गुलशेर के साथ मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज हुई। तब उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

20 दिन बाद भी दर्ज नहीं हुई चोरी की रिपोर्ट

सैफनी, अमृत विचार : 20 दिन पूर्व आटा चक्की से चोरी हुए मोबाइल और नकदी के मामले में पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं करने पर पीड़ित ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की है। थाना क्षेत्र के छितौनी गांव निवासी साबिर ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 20 दिन पूर्व उसकी आटा चक्की से मोबाइल और गल्ले में रखे 5 हजार रुपये चोरी हो गए थे। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी थी। लेकिन पुलिस ने चोरी की तहरीर बदलवाकर मोबाइल गिरने की तहरीर ली। इस पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। पीड़ित का यह भी कहना है कि उसने चोरी हुए मोबाइल पर कॉल भी की थी। थाना प्रभारी महेंद्रपाल सिंह ने बताया कि छितौनी गांव में चोरी का कोई मामला संज्ञान में नहीं है।

सचल दल ने लिए 38 खाद्य पदार्थों के नमूने

रामपुर, अमृत विचार : नवरात्र पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल ने प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। सचल दल ने 38 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। मिलावट के संदेह पर 39 किलो कुट्टू का आटा सीज किया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल ने छापेमारी की। तीन से आठ अक्टूबर तक छेना, मूंगफली का दाना, कुट्टू का आटा, बादाम, साबूदाना, मावा, दही, दूध, काजू और मखाना के 38 नमूने लिए। तीन अक्टूबर को 8, 4 अक्टूबर को 10, 5 अक्टूबर को 9 और 8 अक्टूबर को 11 नमूने लिए गए। इस दौरान 12 किलो किशमिश, 12 किलो मूंगफली दाना, 9 लीटर देसी घी, 8 किलो कचरी को सीज किया गया था। सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि प्रतिष्ठानों से 38 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए हैं। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

गन्ने के खेत से प्रेमी युगल पकड़ा युवक की धुनाई कर पुलिस को सौंपा

संवाददाता, मसवासी

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी को हिरासत में लिया
- पंचायत के दौरान निकाह कराने की बात पर हुआ समझौता

अमृत विचार : गन्ने के खेत में प्रेमी जोड़े को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसके बाद उन्होंने प्रेमी की जमकर धुनाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी युवक को भीड़ के चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद मामले को लेकर गांव में पंचायत हुई। घंटों चली पंचायत में दोनों पक्ष प्रेमी युगल का निकाह कराने के लिए तैयार हो गए। इसके बाद दोनों पक्षों ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं कराई है।

उत्तराखंड के बाजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मौका मिलने पर युवक अपनी प्रेमिका से मिलने उसके गांव आता था। गांव के कुछ लोगों को मामले की भनक लग गई थी। इस पर प्रेमी युगल की निगरानी करने लगे। शनिवार की शाम युवक अपनी प्रेमिका को गन्ने के खेत में ले गया। तभी ग्रामीणों ने दोनों को दबोच लिया। ग्रामीणों ने प्रेमी युवक की जमकर धुनाई कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और प्रेमी युवक को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। इस बीच प्रेमी युवक के परिजन भी आ गए। इसके बाद पंचायत हुई। इसमें प्रेमी युगल का निकाह करने पर रजामंदी होने के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

सार संक्षेप

जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी छात्राएं।

200 और 3000 मीटर दौड़ में दूसरे स्थान पर रहीं छात्राएं

मिलक, अमृत विचार : 73वीं जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता में मिलक के प्रकाश इंटर कालेज की ग्रामीण अंचल में निवास करने वाली छात्राओं ने अपनी शक्ति व कौशल के दम पर विद्यालय व मिलक क्षेत्र का नाम रोशन करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। विद्यालय के संस्थापक डा.चन्द्रप्रकाश शर्मा ने बच्चियों का उत्साहवर्धन किया। उन्हें अभ्यास जारी रखने को कहा। क्योंकि अभ्यास, एकाग्रता और तकनीक के प्रयोग से ही प्रतियोगिताओं में सफलता अर्जित की जा सकती है। उन्होंने छात्राओं से खानपान पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य मनीराम, सुरेश कुमार व फायमा को भी धन्यवाद दिया। जिन्होंने बच्चों का मार्ग दर्शन किया। दीक्षा ने जूनियर वर्ग में 200 मीटर दौड़ और जैवलिन थ्रो में द्वितीय स्थान व खुशबू ने जूनियर वर्ग में 3000 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान पर प्राप्त किया।

महिलाओं को जागरूक करतीं पुलिसकर्मी।

पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को दी कानून की जानकारी

टांडा, अमृत विचार : पुलिस ने मिशन शक्ति फेज 5 के तहत क्षेत्र के ग्राम रेंका नगला में महिलाओं को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं और कानून की जानकारी दी। उप निरीक्षक चंद्रिका प्रसाद, महिला आरक्षी पूनम, प्रिया पांडे, रेनू तथा तनु ने महिलाओं और युवतियों को जागरूक किया। कहा कि कोई भी घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। पुलिस हेल्पलाइन के नंबरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। बैठक में पुलिस ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, राष्ट्रीय पोषण मिशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना आदि के बारे में जागरूक किया। लड़कियों को सोशल मीडिया के जरिए परेशान करने के संबंध में जागरूक किया। महिलाओं के साथ मारपीट व छेड़छाड़ से बचाव संबंधी कानून की जानकारी भी दी।

3 अल्ट्रासांउड सेंटर सील, 5 के खिलाफ रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सचिव के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग ने झोलाछापों पर शिकंजा कसा है। टीम ने 8 अस्पताल व 3 अल्ट्रासाउंड सेंटर सील किए हैं। इस दौरान 5 संचालकों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस कार्रवाई से अन्य संचालकों में अफरा-तफरी मची है। एक अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में फैले झोलाछापों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सचिव को दिए थे। झोलाछाप, मेडिकल, पैथोलॉजी लैब, अल्ट्रासाउंड सेंटर का बड़ा नेटवर्क फैला हुआ है। यह झोलाछाप जनता का बिना डिग्री लिए ही इलाज कर रहे हैं। इनके द्वारा दी जा रही गलत दवा से लीवर, किडनी भी डैमेज हो रही हैं। मुख्य सचिव के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने झोलाछाप पर कार्रवाई की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एसपी सिंह ने बताया कि टीमों द्वारा निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसके तहत 8 अस्पताल व 3 अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील किया गया है। 5 संचालकों पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। किसी भी झोलाछाप को जीवन से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कहा कि प्रसव को लेकर सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर सामान्य व सिजेरियन की व्यवस्था है। महिला चिकित्सालय में एक माह में 60 से अधिक महिलाओं के आपरेशन किए गए हैं।

गर्मी में फुंकते रहे ट्रांसफार्मर, हलकान हुए उपभोक्ता

रामपुर, अमृत विचार : पिछले 5 माह में 1313 ट्रांसफार्मर फुंक गए। इससे विद्युत निगम को लाखों रुपयों की क्षति हुई। वर्कशॉप के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 के 5 माह में 1114 ट्रांसफार्मर खराब हुए थे। इस साल 186 ट्रांसफार्मर ज्यादा फुंके हैं। अप्रैल से सितंबर तक गर्मी का सितम रहा। गर्मी से निजात के लिए लोग पंखे, कूलर, एयरकंडीशन, फ्रिज का उपयोग करते रहे। इसके चलते बिजली की खपत बढ़ गई। बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मर, बिजलीघरों पर लोड बढ़ गया। गर्मी के चलते बड़ी संख्या में ट्रांसफार्मर भी फुंके। वर्कशॉप के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में 141, मई में 197, जून में 303, जुलाई में 357 और अगस्त में 315 ट्रांसफार्मर खराब हुए। इस तरह 5 माह में 1313 ट्रांसफार्मर खराब हुए। स्टोर के सहायक अभियंता अजय सिंह ने बताया कि ओवरलोडिंग की वजह से ट्रांसफार्मर ज्यादा खराब हुए हैं। सहायक अभियंता अजय सिंह के अनुसार अगस्त के पहले सप्ताह में 5 दिन में पहाड़ी गेट क्षेत्र में 4 ट्रांसफार्मर बदले गए थे। 25 केवी का ट्रांसफार्मर खराब होने के तीसरे दिन दो ट्रांसफार्मर बदले गए थे। तीसरा कुछ ही घंटे बाद खराब हो गया था। इसके बाद चौथा ट्रांसफार्मर लगा था। उससे पांच दिन बाद बिजली आपूर्ति सुचारु हो सकी थी।

जानकारी स्ट्राबेरी की बुवाई का सही समय होता है अक्टूबर का महीना, फसल को नहीं होती अधिक सिंचाई की जरूरत

स्ट्रॉबेरी की खेती कर मालामाल हो रहे जनपद के किसान

सुहेल जैदी, रामपुर

अमृत विचार : स्ट्रॉबेरी की खेती ग्राम मदानगला, बांसनगली और स्वर्ग फार्म बिलासपुर में की जा रही है। स्ट्रोबेरी की खेती कर किसान मालामाल हो रहे हैं। दुनिया भर में स्ट्राबेरी की खूब मांग है। स्ट्रॉबेरी की बुवाई का सही समय अक्टूबर का महीना है। स्ट्रॉबेरी की खेती पालीहाउस के अलावा खुले खेत में भी की जा सकती है। इसके लिए रेतीली या भुरभुरी जमीन की जरुरत होती है। विशेषज्ञ बताते हैं कि स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए 15 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान हो तो बहुत ही अच्छा रहता है।

स्ट्राबेरी की सिंचाई के लिए ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती है। तहसील मिलक के ग्राम इमरतपुर निवासी डा. विशाल गंगवार बताते हैं कि उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एण्ड टेक्नोलॉजी के फल विज्ञान में दो साल शोध कार्य स्ट्रॉबेरी फल पर किया है। स्ट्रॉबेरी की बुवाई के लिए सबसे सही समय सितंबर-अक्टूबर का महीना है। इस दौरान स्ट्रॉबेरी के बीज लगाकर नर्सरी तैयार कर सकते हैं। करीब महीने भर में पौध खेत में लगाने लायक हो जाएगी। अगर अच्छी पैदावार चाहते हैं तो बलुई-दोमट मिट्टी वाला खेत चुनें। यह भी ध्यान रखें कि मिट्टी का पीएच 5 से 6.5 के बीच हो। खेत में स्ट्रॉबेरी लगाने से पहले पर्याप्त मात्रा में गोबर की खाद डालें। ताकि, पैदावार अच्छी हो। सिंचाई के लिए ड्रिप इरिगेशन का इस्तेमाल करना चाहिए। ताकि, पानी भी बचे और फर्टिलाइजर आदि देने में आसानी हो सके।

चमरौआ ब्लॉक के ग्राम बांसनगली के एक खेत में लगी स्ट्राबेरी। (फाइल फोटो)

किसान स्ट्रॉबेरी की खेती करें। यह मौसम बुवाई के लिए उचित है। स्ट्राबेरी की खेती के लिए रामपुर, बरेली, मुरादाबाद, संभल, अमरोहा बेहतर जगह हैं। स्ट्राबेरी की खेती कम लागत में होती है। इससे किसानों को अधिक मुनाफा मिल सकता है। पौधे से स्ट्रॉबेरी की कैंची से कटिंग करके प्लास्टिक के बॉक्स में रखें और मंडी भेज दें। स्ट्रॉबेरी की बाजार में काफी मांग रहती है।

-डा. विशाल गंगवार, असिस्टेंट प्राफेसर, आईएफटीएम विश्वविद्यालय, मुरादाबाद

ढाई से तीन लाख तक की हो सकती है कमाई

स्ट्रॉबेरी की खेती खुले खेत में भी की जाती है। अगर पॉली हाउस में खेती करेंगे तो अच्छी पैदावार मिल सकती है। स्ट्रॉबेरी की खेती से ढाई से तीन लाख रुपये एकड़ तक कमाई हो सकती है। प्रति हेक्टेयर करीब छह-सात लाख रुपये तक का मुनाफा कमाया जा सकता है। जिले के ग्राम मदानगला, चमरौआ ब्लॉक के ग्राम नगला, बांसनगली और बिलासपुर के स्वर्ग फार्म में किसान स्ट्राबेरी की खेती कर रहे हैं। बांसनगली के किसान राम प्रसाद मौर्य बताते हैं कि स्ट्राबेरी की खेती में जिम्मेदारी से उसकी देखरेख जरूरी है। फल आने पर अच्छा मुनाफा मिल जाता है।

स्ट्रॉबेरी की किस्में

व्यावसायिक रूप से खेती के लिए स्ट्रॉबेरी की ओफ्रा, चांडलर, ब्लेक मोर, स्वीट चार्ली की किस्में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए बेहतर हैं।

एक माह की अनन्या की जिला अस्पताल में मौत

रामपुर, अमृत विचार : बरेली बाल कल्याण समिति से करीब एक माह पहले आई अनन्या का वजन कम होने के कारण जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां देर रात उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची गंज पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शिशु सदन के हवाले कर दिया।

अूंगरी बाग स्थित राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज के परिसर में राजकीय शिशु सदन है। इसमें अनाथ बच्चों को रखा जाता है। 4 सितंबर को बरेली की बाल कल्याण समिति ने एक माह की बच्ची अनन्या को शिशु सदन में भेजा था। वजन कम होने के कारण उसका इलाज किया जा रहा था। राजकीय शिशु सदन के अधीक्षक रामेंद्र शेखर श्रीवास्तव ने बताया कि 10 अक्टूबर को बच्ची की हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था। वहां देर रात बच्ची की मौत हो गई।

ग्राम समाज की जमीन में निर्माण को लेकर प्रधान और पूर्व प्रधान पक्ष आमने-सामने

संवाददाता, भोट

- फायरिंग व पथराव में छह लोग घायल, 14 के खिलाफ रिपोर्ट

अमृत विचार : ग्राम समाज की भूमि में निर्माण को लेकर वर्तमान और पूर्व प्रधान के पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर पथराव, फायरिंग व धारदार हथियार से एक दूसरे पर हमला किया गया। इसमें 6 लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 14 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव धनुपुरा निवासी फरजाना वर्तमान प्रधान हैं। उनके पति बाबू उर्फ नईम ने ग्राम समाज की भूमि में निर्माण को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि शुक्रवार की शाम पूर्व प्रधान नईम अपने साथियों सईम, आरिफ, शरीफ, साजिद, हनीफ असलम व मुन्ने के साथ उनके घर में घुस आया। घर में मौजूद लोगों पर फायर झोंक दिया। फायर मिस होने पर आरोपियों ने तमंचे की बट से इंतेजार अली व फरजंद अली को घायल कर दिया। वहीं पूर्व प्रधान का कहना है कि चुनावी रंजिश में प्रधान के पति बाबू उर्फ नईम अपने साथियों जावेद, बाबू, भूरा, रफी व इंतजार के साथ धारदार हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने घर में मौजूद लोगों पर जानलेवा हमला किया। इसमें हिना, अकरम, मुस्लिम व हनीफ गंभीर रूप से घायल हो गए। थोड़ी ही देर बाद एक बार फिर दोनों पक्षों की ओर से परिजन व समर्थक मौके पर एकत्र हो गए और एक-दूसरे के घरों पर जमकर पथराव किया। इसके बाद दोनों पक्ष घायलों को लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। फायरिंग व पथराव की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक भी पुलिस फोर्स के साथ रात में ही गांव पहुंच गए और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच झगड़े में मामूली चोटें आई हैं। कार्रवाई की जा रही है।

पथराव करते एक पक्ष के लोग।

घर के आगे पड़े ईंट-पत्थर।

एक नजर

धू-धूकर जलता रावण का पुतला।

नाभि में तीर लगते ही जल उठा रावण का पुतला

स्वार, अमृत विचार : रामलीला मंचन में विभीषण के कहने पर श्री राम ने रावण की नाभि पर बाण का प्रहार किया। इसके बाद रावण का पुतला धू-धूकर जल उठा। इसके जलते ही जय श्री राम के उद्घोषों से रामलीला मैदान गुंजायमान हो उठा। श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रविवार की साप्ताहिक बाजार स्थित रामलीला में कलाकारों ने कुंभकर्ण, मेघनाद वध के साथ सुलोचना सती का मंचन किया। शनिवार की रात श्रीराम और रावण के बीच भयंकर युद्ध हुआ। विभीषण ने श्रीराम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत है। तब श्रीराम ने रावण की नाभि पर तीर चलाया। इससे पूर्व समाजसेवी सूरज प्रकाश जोशी ने दशहरा मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम अमन देओल, सीओ अतुल कुमार पांडे, कोतवाली संदीप त्यागी, क्राइम इंस्पेक्टर जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष कपिल कुमार, कोषाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, उपाध्यक्ष दीप सिंह राही, सर्वेश वाल्मीकि, सुनील वाल्मीकि, गौरव कुमार, देवेन्द्र दीवान, शिवऔतार, मन्नू, प्रदीप राजहंस, रितिक वाल्मीकि, रमेश सैनी, राकेश लोधी आदि मौजूद रहे।

हठधर्मी से बाज नहीं आ रहे राशन विक्रेता

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आलिम ने जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को ज्ञापन देकर कहा है कि राशन विक्रेता हठधर्मी से बाज नहीं आ रहे हैं। राशन की कालाबाजारी कर प्रति यूनिट साढ़े चार किलो के हिसाब से राशन का वितरण किया जा रहा है। कहा कि पूर्व में पत्र के माध्यम से शिकायत की गई थी। लेकिन विक्रेताओं की कार्य प्रणाली में सुधार नहीं आ रहा है। यूनियन ने मांग की है कि गरीब मजदूर लोगों को पूरा राशन दिलाने के जिला पूर्ति अधिकारी को आदेश दें। ज्ञापन पर इकबाल खां, गौसिया इरशाद, मासूम शाह, देवीदास, अमानत अली, नसीम जहां, विजय पाल, वाजिद अली, मेराज अली खां, नीलम गौतम के हस्ताक्षर हैं।

श्री राम व लक्ष्मण के स्वरूप को तिलक लगाते मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह।

रावण के पुतले पर बाण चलाते श्रीराम।

कोसी मंदिर रामलीला में धू-धूकर जलता रावण का पुतला।

धू-धूकर जला रावण का पुतला, गूंजे श्रीराम के जयकारे

मेले का बच्चों और महिलाओं ने जमकर उठाया लुत्फ, आतिशबाजी से सतरंगी हुआ आसमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : अहंकारी रावण का पुतला शनिवार की शाम धू-धूकर जल गया और असत्य पर सत्य की जीत हुई। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे गूंजे। जिले के रामलीला मैदानों में लगे मेलों का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीदारी की।

कोसी मंदिर मार्ग स्थित श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला में शाम को मुख्य अतिथि नगर विधायक आकाश सक्सेना के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी और निर्मल सिंह का पगड़ी पहनाकर, बुके देकर और मालाएं पहनाकर स्वागत किया। नगर विधायक ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श समाज के लिए अनुकरणीय हैं। भगवान श्रीराम ने समाज में समरसता का विकास किया। भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर जीवन उन्नत होगा। इसके बाद समिति के पदाधिकारी नगर विधायक व अतिथियों को युद्ध स्थल पर ले गए। नगर विधायक ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान का तिलक कर आरती की और उन्हें मालाएं पहनाईं। राम दल और रावण दल में मौजूद पात्रों की पूजा अर्चना की। कमेटी की ओर से अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कलाकारों ने श्रीराम-रावण युद्ध और रावण दहन का मंचन किया। करीब एक घंटे तक चले भीषण युद्ध के बाद आखिर असत्य पर सत्य की विजय हुई। रावण को मोक्ष प्राप्त हुआ।

राम और रावण की सेना में चल रहे युद्ध के दौरान रावण के पुत्र मेघनाद समेत सभी योद्धा मारे गए। रावण के पास अब खुद युद्ध भूमि में जाने के सिवाय कोई दूसरा चारा नहीं बचा था। ऐसे में मंदोदरी विलाप करते हुए रावण को समझाती है पर अहंकारी रावण इसे कायरता मानते हुए मंदोदरी के प्रस्ताव को खारिज कर देता है। रावण-मंदोदरी संवाद का मंचन दर्शकों ने सांस रोक कर देखा। अंत में रावण अपनी सेना के साथ युद्ध भूमि में पहुंच कर भगवान श्रीराम से युद्ध करता है, लेकिन राम का हर वार खाली जाता है। ऐसे में विभीषण राम के कान में रावण की मौत का राज बताता है। तब राम अग्निबाण का संधान करते हैं और रावण की नाभि में स्थित अमृत कुंड को लक्ष्य बनाकर अग्नि बाण छोड़ते हैं। रावण इस वार को झेल नहीं पाता है और उसकी चीत्कार से तीनों लोक कांप उठते हैं। लंकेश जमीन पर तड़प कर प्राण त्याग देता है। इसके साथ ही भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और वीर बजरंगी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी हुई। इसके अलावा बन्नू बिरदारी के लोगों ने भी रावण के पुतले का दहन किया। सिविल लाइन और ज्वालानगर में रावण के पुतले का दहन किया गया। इससे पहले मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने सिविल लाइन स्थित रामलीला में भगवान राम और लक्ष्मण का तिलक किया।

कोसी मंदिर के मैदान में होता श्रीराम और रावण के बीच युद्ध।

यह लोग रहे मौजूद

कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र गर्ग, संदीप अग्रवाल सोनी, भारत भूषण गुप्ता, सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल, वेद प्रकाश वर्मा, निर्भय कुमार गर्ग कोषाध्यक्ष, कमलेश कुमार अग्रवाल, शैलेन्द्र कुमार गोयल, राम प्रताप सर्राफ, विनीत कुमार अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, रविन्द्र कुमार मिश्रा, हरीश चन्द्र अग्रवाल, ईश्वर सरन अग्रवाल, अरविन्द कुमार अग्रवाल, डॉ. सौरभ गुप्ता, जुगेश अरोरा कुक्कू, अनिल वशिष्ठ, अरुण कुमार अग्रवाल, राजीव सरन गर्ग, नितिन कुमार सर्राफ, श्रीराम अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि।

बुराई पर हुई अच्छाई की जीत, जला रावण का पुतला

बिलासपुर, अमृत विचार : विजयदशमी का पर्व शनिवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। क्षेत्र में 4 स्थानों पर रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख भी मौजूद रहे। मोहल्ला सोमवार की बाजार स्थित श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रही रामलीला में कलाकारों ने श्री राम और रावण की सेना के बीच युद्ध का मंचन किया। शाम को दशानन के पुतले को रामलीला मैदान में खड़ा कर दिया गया। दिन भर दूर दराज से आए लोग चाट-पकौड़ी का आनंद लेने में व्यस्त रहे। शाम 6:30 बजे भगवान श्रीराम व लक्ष्मण के स्वरूप मैदान पहुंच गए। यहां काफी देर युद्ध का मंचन किया। इसके बाद विभीषण के कहने पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने रावण की नाभि को निशाना बनाते हुए अग्निबाण छोड़ दिया। कुछ ही देर में अंहकारी रावण धू-धूकर जलने लगा। इस दौरान श्री रामलीला कमेटी द्वारा कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख तथा चेयरमैन चित्रक मित्तल, भाजपा के नगरा अध्यक्ष चेतन पारुथी, कमेटी के अध्यक्ष रवि गोयल, महामंत्री दुष्यंत अग्रवाल, धन्नूमल बंसल, सतपाल जिंदल, मुकेश सिंघल, वीरेंद्र अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, विनय शर्मा, रोहताश कुमार, नितिन गर्ग, परमजीत कौर पोला, रितु कुमारी, तिलकराज जैन आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर मोहल्ला कायस्थान में श्री सनातन रामलीला परिषद के तत्वावधान में कलाकारों ने रामलीला मंचन किया। यहां भी रावण के पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष रामाधार अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल अग्रवाल, प्रधानमंत्री ज्ञानेश कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य विनय अग्रवाल, राजेश कुमार सैनी, संचित अग्रवाल, गिरीराज किशोर अग्रवाल व बड़ी संख्या में महिला शक्ति उपस्थित रहीं। इसके साथ ग्रीन पार्क, रूद्र बिलास चीनी मिल में भी रावण के पुतले का दहन किया गया। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, सीओ रवि खोकर, कोतवाल बलवान सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर नरेन्द्र सिंह, ललित कुमार भारी पुलिस बल के साथ स्थिति का जायजा लेते रहे। पटेल नगर के वार्ड 11 में बच्चों ने रावण के पुतले को बनाकर उसका दहन किया।

बिलासपुर में जलता रावण का पुतला।

कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी। ● अमृत विचार

श्रीराम ने अहंकारी रावण और उसके योद्धाओं का किया अंत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने कहा कि रावण अनेक कलाओं का ज्ञाता, ज्ञानी, सब देवताओं पर विजय प्राप्त करने के वाला, महापराक्रमी होने के बाद भी अहंकारी हो गया था। इसी कारण उसका विनाश मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के द्वारा हुआ। श्री राम ने जंगल में रहने वाले लोगों और वानरों की सेना बनाकर रावण जैसे महा पराक्रमी राक्षस और उसके महा पराक्रमी योद्धाओं का सर्वनाश कर दिया। सत्य की असत्य पर विजय का संदेश हर वर्ष विजयदशमी पर हमें मिलता है।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में शनिवार को दोपहर 12:30 से 2: 30 बजे तक विजय दशमी पर्व पर क्षत्रिय परंपराओं के अनुरूप शस्त्र पूजन कार्यक्रम शिव कॉन्वेंट स्कूल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने श्री रामचंद्र और महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पण कर और दीप जला कर किया।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चिराग सिंह को अंडर 65 में वैट लिफ्टिंग में प्रथम स्थान, अभिषेक ठाकुर को बॉडी बिल्डिंग में रामपुर में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर महासभा की ओर से सम्मानित किया गया। संचालन युवा जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

कौशलेंद्र सिंह, मास्टर राजेंद्र सिंह, धर्मपाल सिंह तोमर, अजय सिंह राठौर, अमरपाल सिंह, अमित भदौरिया, राज सिंह, संजीव सिंह, राकेश सिंह, अजय ठाकुर, संजय सिंह, सोहन सिंह उर्फ सोनू ठाकुर, ठाकुर भानु प्रताप सिंह, राजीव कुमार सिंह, ठाकुर शौर्य प्रताप सिंह, उदय प्रताप सिंह, विनेश चौहान, राजू ठाकुर, दीपक पुंडीर, अंजीत सिंह, अर्जुन सिसौदिया, जयगोविंद सिंह, रवि ठाकुर, शुभ ठाकुर, शिवम ठाकुर, रघुराज सिंह, आदि।

दशमी पर की माता की पूजा-अर्चना

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : विजयदशमी पर ग्राम मानपुर ओझा स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में पुरोहित सुदामा मुखर्जी ने विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना की। माता को पुनः आगमन की आस में नम आंखों से विदाई दी।

पुरोहित ने माता को विदाई पूर्व श्रृंगार एवं सिंदूर अर्पित किया। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना की। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दशहरे की बधाई दी। पूर्व ब्लाक उप प्रमुख धर्मवीर मित्तल एवं उनके पुत्र ने दसवीं विहत पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में निर्मित राम मंदिर में राम दरबार की मूर्ति स्थापित करने की घोषणा की। पूर्व विधायक संजय कपूर, पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, अनिल मदान ने माता की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर श्री श्री दुर्गा मंदिर उत्थान समिति के अध्यक्ष संतोष सिकदर, अजय मंडल, प्रेमचंद बैरागी, रविंद्र नाथ, प्रकाश राय, श्यामल मिर्धा आदि मौजूद रहे।

पूजा-अर्चना में शामिल महिलाएं।

भक्तों ने की मां सिद्धिदात्री की आराधना

रामपुर, अमृत विचार : भक्तों ने शनिवार को मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की। हवन कर पहले कन्याएं जिमाईं और फिर उपवासों का पारायण किया। शनिवार को बहुत से भक्तों ने मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की। इसके बाद घरों में हवन कराया। विधि-विधान से पूजा अर्चना कर दुर्गा सप्तशती के पाठों का समापन किया। महामाई से परिवार और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की। महामाई की आरती कर माता रानी को हलुआ, पूड़ी, चने के प्रसाद का भोग लगाया। भगवान गणेश समेत अन्य देवी देवताओं के साथ मां दुर्गा की आरती कर प्रसाद वितरित किया। कुछ स्थानों पर भक्तों ने शनिवार को नवमी मनाई। महिलाओं ने सुबह उठकर घर की सफाई की। इसके बाद माता रानी के लिए प्रसाद बनाकर भोग लगाया। फिर मंदिरों में प्रसाद चढ़ाकर लोगों को बांटा। सुबह 10 बजे तक नवमी रही।

डांडियां में जमकर थिरके युवक-युवतियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नारायणा ई-टेक्नो स्कूल की एजीएम डॉ. उज्मा कमर ने कहा कि लड़कियों को सशक्त बनाना और दुनिया भर में उनकी सामूहिक आवाज को बुलंद करना है। 21वीं सदी में भी अधिकांश लड़कियों को उनके अधिकारों से वंचित रखा जाता है। उनके विकल्पों को सीमित किया जाता है।

नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के तत्वावधान में ह्यूमन चैन वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर सेमिनार का आयोजन किया गया। समाज में सराहनीय योगदान देने वाली महिलाओं में इल्मा शरीफ, सरिता विश्नोई, अंजू मल्होत्रा, निशा सिंह आदि के बारे में बताया। इसके बाद नवरात्र एवं दशहरा के अवसर पर लायंस क्लब के साथ मिलकर विद्यालय में डांडिया कार्यक्रम किया गया। शहर के युवक-युवतियों ने डांडिया कार्यक्रम में भाग लिया। इसमें कुछ खेलों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में लकी ड्रा द्वारा उपहार भी दिए गए। बताया गया कि नवरात्र मां दुर्गा के नौ रूपों की भक्ति का पर्व है। दशहरे का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। शनिवार को देश भर में दशहरा मनाया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के आरआई दीपक राजवंशी, एओ प्रतीक मधुर, दिव्यांश सिंघल, निधि तिवारी, सजल सक्सेना, फैजान सैयद, बबिता चौधरी, रिंकू राज, मयंक शर्मा, रिजवान शाह, भानु प्रिया, अक्षिता वर्मा, संदली सिंह, स्वर्णिमा सक्सेना, सादिया अली, सोनाली शर्मा, सामिया खान, खुशी रानी, इरम जेहरा, शिवम अग्निहोत्री, वसी-उर-रहमान, अभिषेक कुमार, मोहम्मद अयान, एन्थसम साजिद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करतीं एजीएम डॉ. उज्मा कमर।

सार संक्षेप

रावण का वध होते ही गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

मिलक, अमृत विचार : नगर में चल रही रामलीला के 14वें दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर लंका पर विजय पायी। शनिवार को विजय दशमी के पर्व पर रामलीला मैदान में रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण का पुतला दहन करने से पहले भगवान श्रीराम और रावण युद्ध का मंचन किया गया। इसके बाद पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और माता सीता का तिलक कर आरती की। फिर भगवान राम ने रावण का वध किया। इस मौके पर एसडीएम राजेश कुमार, कोतवाल धनंजय सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर राघवेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र गंगवार, कुंवर नरेंद्र सिंह गंगवार, प्रिंस गुप्ता, डीके अग्रवाल, विवेक शुक्ला, भुवनेश भार्गव, राजू गुप्ता, सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

रावण पर निशाना साधते भगवान श्रीराम।

शनिवार को माता बेला भवानी मंदिर पर यज्ञ करते ब्राह्मण।

नवरात्र के नवें दिन किया नवचंडी का महायज्ञ

सैफनी, अमृत विचार : शारदीय नवरात्र पर माता बेला भवानी सिद्ध शक्तिपीठ धाम समिति द्वारा प्रथम नवरात्र को श्री सर्वमंगला माता बेला भवानी सिद्ध शक्ति पीठ धाम मंदिर पर अखंड दीप और घटस्थापना कराई गई। तभी से रोजाना दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा था। शनिवार को नवरात्र के नवें दिन ब्राह्मणों ने नवचंडी महायज्ञ कराया। यज्ञ के बाद कन्या पूजन हुआ। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर आचार्य विवेक वशिष्ठ, आचार्य विपिन शर्मा, महंत नवीन गिरी महाराज आदि मौजूद रहे।

शाहबाद में श्रीरामलीला में मंचन करते कलाकार।

लक्ष्मण को लगी शक्ति, हनुमान जी ने जलाई लंका

शाहबाद, अमृत विचार : शाहबाद में चल रही रामलीला में शुक्रवार की रात लक्ष्मण को शक्ति और लंका दहन का मंचन किया गया। मंचन में दिखाया गया कि प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद लेकर लक्ष्मण युद्ध भूमि में पहुंचते हैं और मेघनाद को युद्ध के लिए ललकारते हैं। युद्ध के दौरान मेघनाद शक्ति बाण का प्रयोग कर लक्ष्मण को मूर्छित कर देता है। इसके बाद संजीवनी बूटी लाने के लिए हनुमान जी निकल पड़ते हैं। संजीवनी बूटी की पहचान न होने के कारण वह पूरा पहाड़ ही उठाकर ले आते हैं। संजीवनी बूटी से लक्ष्मण को ठीक किया जाता है। इसके बाद हनुमान जी ने रावण की लंका जला दी। इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, देवेन्द्र अग्रवाल, केशव गुप्ता, महेश कुमार गुप्ता, कन्हैया लाल शर्मा, अमित चंद्रवंशी, अन्नू रावत एवं शिवम बजरंगी आदि मौजूद रहे।

आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुआ विजयदशमी के मौके पर शस्त्र पूजन

भगवान श्रीराम के चरित्र से लेनी चाहिए प्रेरणा : शास्त्री

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रौढ़ प्रमुख ओम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि हमें भगवान श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। जब भी कोई प्राकृतिक आपदा आती है तब स्वयंसेवक जाति वर्ग से ऊपर उठकर सभी की सेवा करते हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से विजयदशमी के मौके पर शस्त्र पूजन का कार्यक्रम कोसी मार्ग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुआ। इसमें प्रांत प्रौढ़ प्रमुख ओम प्रकाश शास्त्री ने कहा कि हमें भगवान श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने हिंदू समाज को जाति विशेष से ऊपर उठकर सामाजिक समरसता और समाज के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संघ के कार्यकर्ता तन, मन, धन से राष्ट्र की उन्नति के लिए भारत माता का सम्मान विश्व में बढ़े, परम पवित्र भगवा ध्वज का गौरव व भारतीय संस्कृति का सम्मान विश्व में बना रहे इसके लिए कार्य करते हैं। आज हिंदू समाज व राष्ट्र को तोड़ने की साजिश चल रही है। इससे सावधान रहने की आवश्यकता है। अपने समाज को बंटने नहीं देना है। सभी हिंदू सगे सहोदर हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष अशोक कुमार गौतम ने कहा कि हम सभी को प्रेम पूर्वक रहना चाहिए। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए सदा तत्पर पर रहना चाहिए।

कार्यक्रम में सह जिला संघ चालक राजेंद्र कुमार, नगर संघ चालक भीम सिंह चौहान और नगर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शस्त्र पूजा करते स्वयं सेवक।

पथ संचलन में प्रतिभाग करते स्वयं सेवक।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोगों ने किया पथ संचलन

बिलासपुर, अमृत विचार : विजयदशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े लोगों ने शनिवार को नगर में पथ संचलन किया। नागरिकों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवक ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल में एकत्र हुए। उन्होंने विजयदशमी के अवसर पर विधि-विधान से शस्त्रों की पूजा-अर्चना की। इसके बाद विद्यालय से पथ संचलन शुरू हुआ। यह मोहल्ला डाम कालोनी से भ्रमण कर विद्यालय में संपन्न हुआ। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, नगर संघ संचालक प्रदीप मित्तल, नगर कार्यवाहक सुमित गोयल, राजेश चौहान, मनोज, सतीश, राजाराम कश्यप, विनय अग्रवाल, डा. वीके शर्मा, केहरी सिंह, गगन कुमार, महेंद्र सागर आदि मौजूद रहे।

आर्य समाजियों ने निकाली प्रभात फेरी

रामपुर, अमृत विचार : आर्य समाज के 150वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के निदेशक ओमवीर सिंह वैदिक ने बताया कि 26वां वेद महोत्सव 15, 16 एवं 17 अक्टूबर को गणेश धर्मशाला ज्वालानगर में यज्ञ, भजनोपदेश एवं प्रवचन के रूप में मनाया जाएगा।

प्रभात फेरी आर्य एग्रीकल्चर स्टोर निकट रियान मार्केट एवं पवन गली से प्रारंभ होकर रजा टेक्सटाइल कॉलोनी, सब्जी मंडी, रेलवे फाटक से पूर्व श्याम कॉलोनी, श्याम मंदिर, सीआरपीएफ रोड, ज्वाला नगर आदर्श विद्यालय, अगापुर रोड होकर रामपुर एग्रीकल्चर स्टोर पर संपन्न हुई। संयोजक हरिदत्त कर्मठ रहे। इसमें राम किशोर सिंह आर्य, भारत सिंह आर्य, महिला आर्य समाज की प्रधान चंद्रलेखा आर्य, ललिता आर्य, आर्य, पूर्वी आर्य आदि शामिल रहे। पुरोहित भरत सिंह आर्य ने शांति पाठ और जय घोष के बाद प्रभात फेरी का समापन किया।

चिकित्सा क्षेत्र में महत्वपूर्ण है नैतिकता

नैतिकता विशिष्ट जीवन मूल्य है। सभ्यता के प्रारंभ से ही नैतिक शिक्षा का विकास भी होता रहा है। मनुष्य ने मिलजुल कर रहने की आवश्यकता अनुभव की थी। इतिहास के पाषाण काल से लेकर अब तक लगातार नए भूक्षेत्रों और चिंतन अनुशासन की खोज जारी है। एक यूनानी इतिहासकार ग्रोट ने लिखा था कि किसी देश में संविधान सर्वोच्च सत्ता होता है। लोग गलत कामों से डरते हैं। इसलिए वे कानून तोड़ने का साहस नहीं कर पाते। समाज के बड़े हिस्से के अंतःकरण में नैतिक निष्ठा रहती है। भारत में नैतिकता आदर्श मानी जाती है। तो भी सम्यक नैतिकता का पालन एक वर्ग द्वारा नहीं किया जाता। 'नैतिक' निष्ठा वाले समाज परंपराएं आगे बढ़ाते रहते हैं। संप्रति चिकित्सा क्षेत्र में नैतिकता के सवाल उठ रहे हैं। औषधियों के निर्माता अपने ब्रांड को श्रेष्ठ और अन्य ब्रांडों को बेकार बताते हैं। कुछ समय पहले पतंजलि कंपनी द्वारा नए उत्पादों की घोषणा की गई। अनेक असाध्य रोगों के ठीक हो जाने का दावा किया गया। इनमें तमाम स्वस्थ हुए होंगे और तमाम लोगों को चिकित्सा से निराशा हुई होगी। ऐसे तमाम मामले न्यायालयों का विषय बने। 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' ने भी अपना पक्ष रखा। चिकित्सक अपनी-अपनी चिकित्सा पद्धतियों का प्रचार करने और सही ठहराने के प्रयास में रहे। यह अनुचित था।

चिकित्सा उत्पाद साधारण दवा नहीं होते। अनुशासन में रहते हुए इनका सेवन उपयोगी होता है। औद्योगिक प्रबंधनों द्वारा दिए गए विज्ञापन और प्रचार से रोगी प्रभावित होते हैं। एक अंग्रेजी अखबार के मुताबिक राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एन.सी.डी.आर.सी) ने हाल ही में जॉनसन एंड जॉनसन लिमिटेड पर 35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरोप है कि कंपनी द्वारा निर्मित दोषपूर्ण हिप रिप्लेसमेंट डिवाइस से रोगी को तमाम जटिलताएं झेलनी पड़ी। भारत में चिकित्सक को भगवान जैसा आदर मिलता रहा है। तमाम चिकित्सक ऐसे होते भी हैं। उनमें सेवा भाव रहता है। वह अपने विषय के विशेषज्ञ भी होते हैं। मैं न्यूरोलॉजी के अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ पद्मश्री डॉक्टर सुनील प्रधान (लखनऊ) का उल्लेख कर सकता हूं। वह रोगी के प्रति ममत्व भाव रखते हैं और अपने कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा। वे विरल

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> प्राचीन भारत की चिकित्सा परंपरा अनूठी है। सबकी इच्छा होती है कि हम स्वस्थ रहें। दीर्घायु पाएं, लेकिन रोग बढ़े हैं। नए रोगों की संख्या बढ़ी है। जल और वायु प्रदूषित है। रोग हो जाने के बाद उपचार के लिए चिकित्सक की शरण में जाते हैं, लेकिन भारत में रोग होने के पहले ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग विज्ञान और संयमित जीवन की आदर्श आचार संहिता है।

हैं। सरल हैं। कठोर हैं और मुलायम भी हैं। ऐसे तमाम चिकित्सक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान उनके कर्तव्य प्रशंसनीय रहे हैं, मगर एक बड़ा हिस्सा चिकित्सा को उत्कृष्ट सेवा धर्म नहीं मानता। सरकारों द्वारा संचालित अस्पताल पर्याप्त नहीं हैं। इन अस्पतालों की व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। रोगी के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार नहीं होता। इसका दुष्परिणाम सामने हैं। महानगरों में हजारों निजी अस्पताल बढ़े हैं। इनमें रोगियों को अच्छा व्यवहार मिलता है, लेकिन भारी भरकम पैसा वसूली साधारण बात है। निजी अस्पताल अच्छी आमदनी देने वाला व्यवसाय हो गया है। सो निजी अस्पतालों की भीड़ है।

चिकित्सा मानवता के प्रति प्रत्यक्ष सेवाभाव है। चिकित्सकों को 'हिप्पोक्रेटिक ओथ' दिलाई जाती है। उच्च आदर्शों के लिए दीक्षांत समारोह के दौरान यह शपथ दोहराने की परंपरा है। शपथ के प्रत्येक वाक्य का संबंध चिकित्सा नैतिकता से है। परोपकार भी इस शपथ का भाग है। इसमें उपचार के दौरान रोगी के स्वास्थ्य और कल्याण की प्राथमिकता सम्मिलित है। चिकित्सा संबंधी उपकरण आपूर्ति करने वाली कंपनी को भी इस नैतिकता से जोड़ा गया है। रोगी से संबंधित जानकारी की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करना इस नैतिकता का हिस्सा है। चिकित्सकों और मरीजों के बीच विश्वास की कमी का उल्लेख है। सरकारी अस्पतालों में कार्यरत तमाम डॉक्टर घर पर निजी प्रैक्टिस करते हैं। मरीज के परिजन परेशान रहते हैं। आधुनिक चिकित्सा पद्धति वैज्ञानिक है, लेकिन शपथ संकल्प में देवताओं और देवियों का उल्लेख भी किया गया है। अपोलो यूनान के देवता हैं। उनके साथ प्रतिष्ठित देवियों को भी गिना गया है। वे जुड़वा हैं। शपथ का संबंध निजी संकल्प से होता है। चिकित्सा क्षेत्र में प्रगाढ़ संकल्प की आवश्यकता है। विधायक, सांसद, मंत्री और न्यायपालिका में भी शुद्ध अंतःकरण से काम करने की शपथ ली जाती है, लेकिन शपथ के परिणामों से सारा देश अवगत है।

प्राचीन भारत की चिकित्सा परंपरा अनूठी है। सबकी इच्छा होती है कि हम स्वस्थ रहें। दीर्घायु पाएं, लेकिन रोग बढ़े हैं। नए रोगों की संख्या बढ़ी है। जल और वायु प्रदूषित है। रोग हो जाने के बाद उपचार के लिए चिकित्सक की शरण में जाते हैं, लेकिन भारत में रोग होने के पहले ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग विज्ञान और संयमित जीवन की आदर्श आचार संहिता है। इसीलिए भारतीय चिकित्सा पद्धति को आयुर्वेद कहा गया है। यह स्वस्थ आयु का विज्ञान है। संक्षेप में आयुर्विज्ञान। चरक संहिता के अनुसार रोगों की वृद्धि हुई। तब परस्पर विचार विमर्श के लिए विद्वानों की बैठक हुई। तय किया गया कि भारद्वाज इंद्र के पास जाएं और रोग दूर करने की जानकारी लें। तमाम विद्वानों से ज्ञान लेकर इस सभा को बताएं। भारद्वाज ने यह ज्ञान आत्रेय को बताया और आत्रेय ने अग्निवेश को। इस कथा से पता चलता है कि प्राचीन काल में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण था। चरक संहिता में पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, अग्नि, देश, काल और मन के साथ आत्मा को भी द्रव्य बताया गया है। चरक का आत्म द्रव्य गीता वाली अमर आत्मा से भिन्न है। वैशेषिक दर्शन से जुड़ा है।

यूरोपीय औषधि वैज्ञानिकों ने अपोलो जैसे देवता के सामने संकल्प लेने की बात कही है। चरक ने आयुर्विज्ञान में इंद्र को महत्व दिया है। जैसे इंद्र वैदिक काल के प्रतिष्ठित देवता हैं वैसे ही यूनान के देवता अपोलो। ऋग्वेद के रचना काल में तमाम रोगों और औषधियों की जानकारी थी। ऋग्वेद (10.97) में कहते हैं, ''औषधियों का ज्ञान तीन युग पहले ही हो चुका था।" ऋषि बताते हैं कि, "औषधियां कई तरह की हैं। कुछ फल वाली, कुछ फूल वाली। औषधियों का प्रभाव शरीर पर पड़ता है।" मैकडनल और कीथ ने वैदिक इंडेक्स में बताया है कि "भारतवासियों की रुचि शरीर रचना से संबंधित विज्ञान की तरफ थी। ऋग्वेद में अश्विनी कुमारों के चिकित्सा ज्ञान का उल्लेख है। अपोलो की तरह वे भी जुड़वा हैं, उन्होंने अनेक ऋषियों को स्वस्थ किया है। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में मानसिक रोग बढ़े हैं। चरक संहिता में कहते हैं कि, "ईर्ष्या, शोक, भय और क्रोध आदि मनोविकार हैं। जब मन और बुद्धि का समान योग होता है। संतुलन ठीक रहता है। तब मनुष्य स्वस्थ रहता है। जब इनका योग या अतियोग या मिथ्यायोग होता है तब रोग पैदा होते हैं। अच्छी नींद के कारण ज्ञानेंद्रियों की प्रवृत्ति उचित रहती है। आयु नियत बनी रहती है। अनिद्रा में ज्ञानेंद्रियों की उचित प्रवृत्ति नहीं होती। तमाम मानसिक विकार पैदा होते हैं।

भारतीय आयुर्विज्ञान में मन को स्वस्थ रखने पर जोर दिया गया है। अर्थ से स्पष्ट है कि मनोरोगों की जानकारी सिगमंड फ्रायड जैसे विद्वान के पहले ही भारत को थी। चिकित्सा नैतिकता की बात ठीक उठी है। चरक संहिता में कहा गया है कि,"चिकित्सक सेवा भाव से कम करें। राजा से चिकित्सा का पूरा खर्च लेना चाहिए, लेकिन धनाभाव से पीड़ित गरीब से धन लोलुपता नहीं दिखानी चाहिए। लिखा है कि अगर ज्यादा धन लेना ही वैद्य का उद्देश्य बन रहा हो तो चिकित्सक को लोहे के गरम गोले अपने मुंह में डाल लेना चाहिए। यहां चरक कठोर दिखाई पड़ते हैं, लेकिन जीवन मृत्यु के महत्वपूर्ण प्रश्नों के समाधान में कठोरता जरूरी है। चिकित्सा क्षेत्र में नैतिकता का प्रश्न महत्वपूर्ण है।

युगांतकारी परिवर्तन



आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की अंतिम कृति "लालित्य तत्व" इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि उसमें लोक विज्ञान और मिथक को लेकर गंभीर चर्चा है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने बड़े स्पष्ट शब्दों में लिखा है कि "मानवशास्त्रियों ने जब से संसार के विभिन्न मानव समुदायों के जीवन का अध्ययन प्रारंभ किया, तब से मनुष्य जीवन के इतने महत्वपूर्ण सत्य और तथ्य सामने आने लगे कि मानविकी के विभिन्न अनुशासनों की अध्ययन-दृष्टि में युगांतरकारी परिवर्तन हुआ।"

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने लिखा है कि अठारहवीं शताब्दी के प्रारंभ में यूरोपियन लोग दूर-दूर के द्वीपों और देशों में पहुंचने लगे। वे विभिन्न देशों और द्वीपों में रहने वाले लोगों की रीति-नीति, आचार-विचारों के समझने और उन्हें लिपिबद्ध करने का प्रयत्न करते थे। उनके इन यात्रा विवरणों ने उन्नीसवीं शती के विचारशील लोगों के सामने ज्ञान का एक नया अध्याय प्रस्तुत किया। यूरोप के संयत बुद्धि के विचारकों को विविध विषयों पर नए सिरे से सोचने की दृष्टि मिली।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सभ्यता की विभिन्न सीढ़ियों पर स्थित आदिम, अर्द्धसभ्य और सभ्य जातियों की बहुविचित्र प्रकार की भाषा, कला, जादू-टोने आदि के विवरणों से यूरोपियन विद्वानों के सामने 'मनुष्य' अपने बहु-विचित्र रूप में उपलब्ध हुआ। धीरे-धीरे मनुष्य को समझने के प्रयत्नों ने नया रूप ग्रहण किया। भाषा, धर्म, आचार, नैतिकता, यौन संबंध, शिल्प सबको नई दृष्टि से देखा जाने लगा। आगे चलकर विद्वानों को कुतूहली यात्रियों के विवरणों से संतोष नहीं हुआ, दूर-दूर के द्वीप द्वीपांतरों में सच्चे ज्ञान-पिपासुओं की अनुसंधित्सा को प्रवेश मिला। परिणामस्वरूप लोकवार्ता शास्त्र का जन्म हुआ और मानव विज्ञान की नई शास्त्रीय विवेचना का विकास हुआ। देखा गया कि आचार, रीति-रिवाजों से लेकर धर्म, दर्शन, शिल्प, सौंदर्य तक में सर्वत्र नए सिरे से सोचने की आवश्यकता है। कोई नैतिक मूल्य अंतिम नहीं है, कोई शिल्प विधि सर्वोत्तम नहीं कही जा सकता, कोई अभिव्यक्ति पद्धति सर्वश्रेष्ठ नहीं हो सकती। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने लिखा है कि मानवचित्त की व्यापकता के रहस्यभेद को लेकर चिंतन किया गया, आदिमजातियों की जीवनशैली और विश्व दृष्टि की विविधता देखने के बाद जीवविज्ञान, नीतिविज्ञान, मनोविज्ञान आदि पर नए विचार सामने आए।

मानवीय मूल्यों के विकास को समझने की अज्ञात पूर्व सामग्री हाथ लगी। प्राचीन धर्मग्रंथों को नए आलोक में देखने के प्रयास की वृद्धि हुई। लोकवार्ता ने अभिजात साहित्य को उसके यथार्थ परिवेश में देखने की दृष्टि प्रदान की। अध्ययन के नए-नए अनुशासन उभरकर आए। शिल्प और कला के परिशंसन की दृष्टि में महत्वपूर्ण परिमार्जन हुआ।" सर फ्रेजर की गोल्डेन बाउ, एडवर्ड वेस्टरमार्क की ह्यूमन मैरिज, रिचुअल एंड बिलीफ इन मोरक्को तथा द ओरिजिन एंड डिवलपमेंट ऑफ मौरल आइडियल्स ने परंपरा का नया स्वरूप और अर्थ प्रमाणित कर दिया।

यह सत्य प्रतिष्ठित हुआ कि मनुष्य का मन सर्वत्र एक है, एक ही प्रकार से सोचने वाला, एक ही प्रकार से उद्बुद्ध या अवबुद्ध होने वाला, सब प्रकार से एक। वेस्टरमार्क ने मनुष्य के अनेक बाह्य आचरणों के परस्पर-विरोधी तथ्यों का संकलन करके यही नतीजा निकाला कि सब होते हुए भी मनुष्य एक ही जीव श्रेणी का प्राणी है। मनुष्य का चित्त एक रूप है, उसकी अवगतियां और उदात्तीकरण की वृत्तियां समान मार्ग से चलती हैं, उनकी अवनर्मिल और उन्नर्मिल अवस्थाएं निश्चित परिस्थितियों में समान रूप से क्रियाशील होती हैं।

पटरी पर आते भारत-मालदीव संबंध

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

> वर्तमान वैश्विक परिदृश्य पर अगर गौर किया जाए तो कभी-कभी तो ऐसा लगने लगता है कि विश्व आज तनाव, अस्थिरता एवं युद्ध की गिरफ्त में जकड़ा हुआ है।

हाल ही में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू के द्वारा पहली आधिकारिक भारत यात्रा की जा रही है। पांच दिवसीय इस यात्रा को भारत एवं मालदीव के मध्य संबंधों में सुधार की दिशा में एक ठोस कदम की तरह देखा जा रहा है। निस्संदेह मालदीव जैसे पड़ोसी देश के साथ रिश्तों का सुधार कर प्रगाढ़ हो जाना दोनों देशों के लिए एक अच्छा संकेत है।

मालदीव के राष्ट्रपति मोइज्जू एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मध्य संपन्न हुई द्विपक्षीय वार्ता में भारत एवं मालदीव के मध्य पांच मुख्य समझौतों एवं तीन प्रमुख घोषणाओं पर हस्ताक्षर किए गए। ये समझौते मुख्य रूप से मुद्राओं के आदान-प्रदान पर सहमति, खेलों में सहयोग, भारत की नेशनल जुडिशियल एकेडमी एवं मालदीव के जुडिशियल कमीशन के पारस्परिक सहयोग, भारतीय केंद्रीय जांच ब्यूरो एवं मालदीव के एंटी करप्शन कमिशन के बीच सहयोग तथा राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय व मालदीव के पुलिसिंग एंड लॉ एनफोर्समेंट एजेंसी के बीच प्रशिक्षण जैसे मुद्दों पर आधारित हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता एवं समृद्धि के लिए दोनों देशों के द्वारा मिलकर कार्य करने पर सहमति जताई गई है। मुक्त व्यापार समझौते एवं डिजिटल कनेक्टिविटी पर फोकस करते हुए मालदीव में रुपे कार्ड भी लॉन्च किया गया।

मालदीव की आवश्यकता के अनुसार दोनों देशों के बीच 40 करोड़ डॉलर का मुद्रा विनिमय समझौता भी संपन्न हुआ है। दोनों नेताओं के द्वारा भारतीय सहयोग से निर्मित हानीमाधू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए रन वे और 700 से अधिक आवास का भी उद्घाटन किया

गया। दोनों देशों के द्वारा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भी सहयोग को बढ़ावा देने की बात की गई है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य पर अगर गौर किया जाए तो कभी-कभी तो ऐसा लगने लगता है कि विश्व आज तनाव, अस्थिरता एवं युद्ध की गिरफ्त में जकड़ा हुआ है। जहां एक ओर लंबे समय से रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है तो वहीं दूसरी तरफ इजराइल व ईरान में भी परस्पर संघर्ष से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है। लंबे समय से व्याप्त इन संघर्षों में विश्व को अर्थव्यवस्था एवं जन-धन की कितनी क्षति उठानी पड़ी है इसका अंदाजा लगा पाना बेहद मुश्किल है। भारत एवं मालदीव की एक दूसरे के सापेक्ष अवस्थितियों पर यदि विचार किया जाए तो निष्कर्ष यह निकलता है कि दोनों ही देश एक-दूसरे के लिए एक विशिष्ट महत्व रखते हैं। जहां मालदीव के लिए भारत पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है तो वहीं भारत के लिए मालदीव समुद्री सुरक्षा एवं सामरिक हितों को लेकर जरूरी है। इस आधार पर दोनों देशों के मध्य पारस्परिक समझौतों, सुविधाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के आधार पर, जो पहल संबंध सुधार की दिशा में की गई है, वह निस्संदेह ही दोनों देशों के विभिन्न हितों के दृष्टिकोण से आवश्यक भी है और साथ ही साथ लाभप्रद भी।

भारत की नीति तो आदिकाल से ही 'वसुधैव कुटुंबकम' की रही है, किंतु हमारी यह पावन व निःस्वार्थ भावना कूटनीति के दायरे में आने से बच नहीं पाई, जिसका खामियाजा हमें एक लंबे समय तक भुगतना पड़ा, लेकिन वर्ष 2014 में जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर अपने हाथों में संभाली है, तब से निरंतर ही वैश्विक पटल पर भारत का सितारा बुलंद होता जा रहा है। आज विश्व की महाशक्तियां भी भारत की महत्ता एवं संप्रभुता के आगे नतमस्तक हैं। अगर हम एक वर्ष पहले की बात करें तो मोहम्मद मुइज्जू ने 17 नवंबर 2023 को मालदीव के आठवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। राष्ट्रपति बनने के बाद तुरंत ही मोइज्जू के नेतृत्व में 'इंडिया आउट' के रूप में भारत विरोधी अभियान चलाया गया था, किंतु मालदीव की यह भारत विरोधी लहर खुद उस पर ही भारी पड़ने लगी। वर्ष 2024 की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के दौरान उनके खिलाफ मालदीव के तीन उपमंत्रियों की अपमानजनक टिप्पणी से एक राजनयिक विवाद एवं गहमागहमी का माहौल खड़ा हो गया था। नतीजा यह हुआ कि भारतीय पर्यटकों ने भी करारा जवाब देते हुए मालदीव का बहिष्कार कर दिया और भारत में भी एक तरह से मालदीव बायकॉट की धारा बह पड़ी। मालदीव के लिए इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि इस वर्ष भारत से मालदीव पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या में एक भारी गिरावट दर्ज की गई। भारत से बहुत कम संख्या में पर्यटक पहुंचने के कारण मालदीव को एक अच्छी खासी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी, क्योंकि पर्यटकों की संख्या का सर्वाधिक प्रतिशत उसे भारत से ही प्राप्त होता था।

निश्चित रूप से ये सुधरते रिश्ते दोनों ही देशों के लिए बहुआयामी रूप से लाभप्रद होंगे। भारी कर्ज के बोझ तले दबे एवं आर्थिक मंदी का सामना कर रहे मालदीव की सहायता भारत ने पहले भी हमेशा की है और वर्तमान में भी हर तरह की मदद को तत्पर है। यहां पर एक बात और विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि मालदीव ने 'इंडिया आउट' अभियान चीन जैसी भारत विरोधी ताकत के इशारों पर शुरू किया था, किंतु संकट की स्थिति में चीन ने मालदीव की लेशमात्र भी सहायता नहीं की। कारण यह है कि चीन की नीति हमेशा से ही अपने स्वार्थ, लाभ एवं हितों को साधने की रही है। आखिरकार जब चीन की यह दुर्भावनापूर्ण नीति मालदीव को समझ में आ गई तब उसके द्वारा भारत के साथ संबंध सुधारने की दिशा में पहल की गई है।

चाल, चरित्र और चेहरा

मानव मन की एक विशेषता है कि यदि किसी व्यक्ति अथवा संगठन की कुख्याति के कारण उससे निम्न स्तर के आचरण की अपेक्षा हो और वह निम्न स्तरीय आचरण करे तो उसे सामान्य व्यवहार मानकर विशेष विचलित नहीं होता है, परंतु जिससे उच्च स्तरीय आचरण की अपेक्षा हो, उसकी छोटी तुच्छता भी मानव मन पर गहन प्रभाव डालती है। देश के नागरिक भारतीय जनता पार्टी को इस आशा पर मत देते रहे हैं कि उसने उनमें अन्यों से उच्च स्तरीय चाल, चरित्र और चेहरा का दल होने का विश्वास जगा दिया था। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस मापदंड पर बहुत कुछ खरा उतरा भी है, परंतु कहीं-कहीं भाजपा वालों के कृत्य स्वच्छ चाल, चरित्र और चेहरे के इस विश्वास को हिला देने का कार्य कर रहे हैं।

उदाहरणार्थ-राम-रहीम को बलात्कार के दो मुकदमों में 20-20 साल की सजा हुई। हरियाणा सरकार ने विगत सात सालों में उसे नौ बार लंबी अवधि के लिए पैरोल दी। शासन एक ओर बलात्कारियों को कठोर दंड देने का कानून बनाता है और कतिपय शासक दूसरी ओर उस कानून का मखौल उड़ाते हैं। कतिपय स्वयंभू गौरक्षक किसी व्यक्ति के विरुद्ध गौभक्षण या गौहत्या का आरोप लगाकर सरेआम उन पर हमला और हत्या तक कर देते

महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

> हरियाणा सरकार ने विगत 7 सालों में राम-रहीम को नौ बार लंबी अवधि के लिए पैरोल दी। शासन एक ओर बलात्कारियों को कठोर दंड देने का कानून बनाता है और कतिपय शासक दूसरी ओर उस कानून का मखौल उड़ाते हैं।

हैं। कतिपय भगवाधारी ऐसे कुकृत्य करने वालों की भर्त्सना करने के बजाय उनको माला पहनाते हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री का आवास केजरीवाल द्वारा खाली करने पर नई मुख्यमंत्री आतिशी ने उसमें अपना सामान रखवा दिया। उनकी अनुमति के बिना उस सामान को निकलवाकर आवास में ताला लगवा देना गलत आचरण के अतिरिक्त क्या कहा जा सकता है? भाजपा के हितचिंतकों को चाहिए कि अपने कार्यकर्ताओं को यदा-कदा दर्पण दिखाते रहें, जिससे वे उसके चाल, चरित्र और चेहरे को धूमिल न कर दें।

आंबेडकर की बुद्ध क्रांति

सम्राट अशोक का बुद्धिज्म की ओर झुकाव का कारण कलिंग युद्ध है। कलिंग एक धनधान्य पूर्ण समृद्ध राज्य था। साम्राज्यवादी विस्तार की नियत से सम्राट अशोक ने कलिंग पर आक्रमण किया। अशोक ने युद्ध तो जीत लिया, लेकिन कलिंग की जनहानि बहुत हुई। जब सम्राट अशोक को विजय का संदेश मिला तो वह खुश होकर हाथी पर चढ़कर कलिंग की राजधानी तोशाली की ओर कूच करते हैं। वहां पहुंचने के लिए सम्राट अशोक को रणभूमि से होकर गुजरना पड़ा। रणभूमि पर सम्राट को रोने, कराहने, चीखने-चिल्लाने की भयंकर आवाजें सुनाई पड़ती हैं। वह देखता है कि कहीं सैनिकों के धड़ अलग थे, कहीं हाथ, कहीं पांव, चारो ओर रक्त ही रक्त मानो रक्त की नदी बह रही हो। जैसे दर्द भरी आवाजें उनके स्वागत में हों। युद्ध भूमि के हालात देखकर सम्राट अशोक बहुत द्रवित हुए।

सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म ग्रहण करना असाधारण घटना है। इस संबंध में कई दृष्टांत मिलते हैं। एक घटना है किं सम्राट की श्रद्धा जिस भिक्षु के प्रति बढ़ रही थी वो बनारस के प्रसिद्ध धनिक मोगली के पुत्र उपगुप्त थे, जो कि उत्तर भारत के बौद्ध मठों के मुख्य आचार्य थे। एक दिन उपगुप्त ने सम्राट से कहा इस संसार में जितने भी जीव हैं मनुष्य, पशु-पक्षी सभी को ईश्वर ने बनाया है। इनमें किसी की भी हिंसा करना उचित नहीं है। धर्म के नाम पर लाखों निरीह पशुओं का वध कल्याण का मार्ग नहीं हो सकता। हिंसा महापाप है। इसको बंद करने का उपाय करें। यह सुनकर सम्राट अशोक ने जीव हत्या को प्रतिबंध करने के आदेश दिए। उपगुप्त ने उपदेश देते हुए कहा धर्म के नाम पर रक्तपात प्राणियों की हत्या धर्म नहीं कहलाता। भगवान बुद्ध के अनुसार अहिंसा ही सत्य और परम धर्म है। सम्राट अशोक ने कहा तो मैं ऐसे उत्तम में अपना जीवन आपके चरणों में समर्पित करता हूं, आप ऐसे धर्म की दीक्षा दें। तब आचार्य उपगुप्त ने सम्राट अशोक को दीक्षित किया और अशोक महान बुद्ध की शरण में धम्म की शरण में, संघ की शरण में हो गए।

13 अक्टूबर 1935 को बाबा साहब आंबेडकर ने येवला के मैदान में लगभग दस हजार की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा था कि "दुर्भाग्य से मैं हिंदू अछूत पैदा हुआ हूं, लेकिन मैं हिंदू होकर मरूंगा नहीं।'' उनकी इस घोषणा से हिंदू नेता व विचारक हैरान रह गए। इस घोषणा के पश्चात देश-दुनिया के सभी धर्मों के अनेक धार्मिक नेता अपने-अपने धर्म में शामिल करने को आने लगे। बाबा साहब सभी धर्मों का अध्ययन भी करने लगें उनका झुकाव सिख धर्म की ओर भी हुआ था। सिख धर्म के पक्ष लेने के ठीक 21 वर्ष बाद बुद्ध धर्म को चुना। बौद्ध धर्म से आंबेडकर का परिचय युवा अवस्था में उनके ब्राह्मण गुरु कृष्णा जी केलूसकर ने कराया था।

आंबेडकर को खुद की लिखी हुई भगवान बुद्ध की जीवनी भी दी, जिसका आंबेडकर के युवा मन पर बहुत असर हुआ। आंबेडकर ने 1934 में दादर में अपना मकान बनवाया तो उसका नाम भी बौद्ध राजा की राजधानी के नाम पर राजगृह रखा। 1940 में जब उन्होंने पहला कालेज खोला तो उसका नाम सिद्धार्थ रखा जो बुद्ध का ही नाम था। 1947 से 1950 के बीच आंबेडकर ने संविधान की मसौदा समिति के अध्यक्ष रहते हुए भारतीय गणराज्य के प्रतीकों में, बौद्ध संस्कृति के प्रतीकों को शामिल करवाया। प्राचीन भारत के बौद्ध सम्राट अशोक के सिंह को राष्ट्रीय चिन्ह की मान्यता दी गई। राष्ट्रीय ध्वज में धम्म चक्र, राष्ट्रपति भवन की त्रिकोनिका पर बौद्ध सूक्ति उत्कीर्ण कराई। जैसा कि वैलेरियन रंडरिंग्स ने शानदार लेखन में दर्शाया है कि बौद्ध धर्म आंबेडकर के रूचि और व्यक्तित्व से पूरी तरह मेल खाता है।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

आखिर 14 अक्टूबर 1956 को दशहरे के दिन भिक्षु चंद्रमणि महास्थविर को नागपुर की धरती पर धर्मांतरण कार्यक्रम में संचालित करने के लिए आमंत्रित किया। जहां आंबेडकर के आह्वान पर पांच लाख से अधिक अस्पृश्यों का समूह उमड़ पड़ा, जो कि सफेद वस्त्र व गेरुए झंडे लिए थे, जिसे बौद्ध धर्म का रंग माना जाता है। भिक्षु ने आंबेडकर व उनकी पत्नी सविता आंबेडकर को बौद्ध धर्म में दीक्षित किया। इसके बाद आंबेडकर ने धर्मांतरण की प्रतीक्षा कर रहे लाखों लोगों को त्रिशरण व पंचशील और अपनी ओर से 22 शपथ दिलाई। दशहरे का दिन आंबेडकर की दीक्षा दिवस को धूमधाम से मनाते है।

अपने शस्त्रों को नमन करने का दिन

दशहरे पर शस्त्र पूजा का विधान है। ये परंपरा है। हमारे पुरखों की बनाई व्यवस्था। बाप-दादाओं की छोड़ी गई बंदूकें, लाठी, तलवारे, धो मांजकर चमका ली जाती हैं इस दिन। चावल, रोरी का तिलक लगाकर इनकी पूजा की जाती है। पुष्प समर्पित किए जाते हैं, इन पर। इनसे निवेदन किया जाता है कि हे देव हमारी रक्षा के लिए सदैव सनिद्ध रहना। जब भी कोई चोर-डाकू, बदमाश हमारे घर में बलात प्रवेश की चेष्ठा करें तो टाईम पर उपलब्ध हो जाना। हम चलाना चाहे आपको तो चल जाना। अपने हलक में कारतूस मत फंसा लेना। ऐसा न हो आप ऐन टाइम पर नमस्ते कह जाएं और हमे भी यूपी पुलिस की तरह मुंह से ठांय-ठांय करना पड़े।

शस्त्र विहीन रहना कोई अक्लमंदी नहीं। हर आदमी के पास अपने शस्त्र होते हैं, होने ही चाहिए। नहीं होंगे तो दशहरे पर या दशहरे के पहले और बाद में क्या किया जाएगा? शस्त्र मेरे पास भी हैं। शस्त्र छोड़िए पूरा शस्त्र भंडागार ही है और मैं उनकी पूजा करने के लिए प्रस्तुत भी हूं। सबसे पहले मैं अपनी सरकारी कुर्सी को प्रणाम करता हूं। हे देवी। हे मेरी आराध्या। तुम हो तो मैं हूं। मेरा अस्तित्व का कारण हो आप। मेरा परिचय आप से ही है। मेरी पर्सनालिटी पर लटका नींबू मिर्ची हैं आप। आप न होती तो मुझे कौन पूछता। मेरे वायु मार्ग से आने जाने की व्यवस्थाएं कैसे होना संभव थी? एसी फस्ट के रिजर्वेशन कौन कराता, मेरे कहीं आने-

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> शस्त्र विहीन रहना कोई अक्लमंदी नहीं। हर आदमी के पास अपने शस्त्र होते हैं, होने ही चाहिए। नहीं होंगे तो दशहरे पर या दशहरे के पहले और बाद में क्या किया जाएगा?

जाने पर कौन छोड़ता और कौन रिसीव करता? आप न होती मेरे जीवन में तो, मुझे मिलने वाली अनगिनत नमस्तों की, बटर चिकन सहित सर्किट हाउसों की नाना प्रकार की खातिरदारियों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। सरकारी बंगलों, सर्राटा भरती सरकारी कारों को दूर से ही देखकर उदास होना होता मुझे भी। आप भरे मार्केट में मेरे पर्स की रक्षा हेतु कोई न कोई मातहत भेज ही देती हैं। आप रक्षक हैं मेरी। आप मेरे पास हैं इसलिए मेरे शत्रु डरते हैं मुझसें। वो जानते हैं जब तक आपकी कृपा मुझ पर है वो मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। हे देवी, मुझ पर सदैव कृपालु बनी रहे। ताकि मैं ऐसे ही निद्वंद विचरता रह सकूं।

मेरा द्वितीय प्रणाम मेरे पेन को है। हे देव आप ही वो विभूति है, जो मेरे वर्तमान वैभव का कारण है। आपका हाथ पकड़ कर ही तो मैं यहां तक पहुंच सका हूं। आप जब चलते हैं तो सब रुक जाते हैं। आपकी गति के सम्मुख सभी स्तब्ध हैं। नतमस्तक हैं। आपकी तीखी नोंक से झरते शब्दों ने मुझे यशस्वी किया है। आपके सामने कोई भी शो कॉज नोटिस ठहर नहीं पाता। मेरी सरकारी नौकरी को आपने ही असरकारी बनाया है प्रभु। आप इसी तरह मेरे जीवन में उपस्थित बने रहकर मेरी रक्षा करते रहें। मैं आपको बार-बार प्रणाम करता हूं। अपने पेंट की जेब में रखे उस लक्ष्मीपुत्र पर्स को भी प्रणाम करता हूं मैं, जिसे जेब से निकालने की कभी जरूरत महसूस ही नहीं होती मुझे, जिसमें आवक का वन वे ट्राफिक है, जो हमेशा फूला-फूला रहता है और जिसकी वजह से मैं फूला-फूला घूमता हूं।

मैं इसी क्रम में अपनी बड़ी सी ऑफिस टेबल, उस पर विराजमान अनगिनत फाइलों, एक्सॉईज एक्ट और सिविल सर्विस कंडक्ट रूल जैसी कानूनी किताबों को विनम्र प्रणाम करता हूं। ये अमूल्य शस्त्र हैं मेरे, जो मुझे आक्रामक और अविजित बनाते हैं, इनकी उपस्थिति मात्र से शत्रुओं का बल क्षीण हो जाता है।

मेरा अगला प्रणाम मेरे मोबाइल को समर्पित हैं। आप के बिना अपने जीवन की कल्पना करना दुष्कर है मेरे लिए। मैं जितना भी स्मार्ट हुआ हूं उसके पीछे आपकी स्मार्टनेस का हाथ ही तो है। आपसे यथासमय प्राप्त सूचनाओं ने कई बार जूनियर अफसरों की खुरापातों और सीनियर अफसरों के इंस्पेक्शनों से मेरी रक्षा की है। आपकी मदद से ही मैं अपने शत्रुओं के खिलाफ अफवाहें फैलाने में समर्थ हो सका और दोस्तों की सहायता प्राप्त कर सका। आप मेरे वंदनीय शस्त्र हैं। मैं आपकी उपस्थिति में स्वयं को सुरक्षित अनुभव करता हूं। कृपया ऐसे ही मेरे जीवन में बने रहिए। निरंतर अपडेटेड होते रहिए, ताकि मैं स्वयं को बलशाली अनुभव करता रह सकूं।

मेरे अगले शस्त्र जिन्हें गिनाना चाहूंगा मैं, वे हैं मेरे चाहने वाले, मेरे भक्त, मेरे मुरीद, चमचे और लग्गु भग्गू ये सभी मेरे लिए अवैध कट्टों और तमंचों की तरह पूजनीय हैं। ये सभी मेरे गुणों, यश, साहस, संबंधों, हैसियत, दूसरों को पटक लेने की मेरी क्षमता का इस तरह बढ़ा-चढ़ा कर बखान करते हैं, जिससे मेरे शत्रुओं के दिल कांप उठते हैं। वे लड़ने का साहस नहीं जुटा पाते। आत्मसमर्पण करते हैं और मैं मुझे बिना लड़े अजेय हो जाता हूं।

इसी क्रम में मैं अपनी स्टेनों, ड्राइवरों, कांस्टबलों और चपरासियों को भी प्रणाम करता हूं, उनकी मेरे आसपास उपस्थिति मेरे आभामंडल को और अधिक प्रकाशवान बना, मेरे शत्रुओं को आतंकित करती हैं। मेरे इन शस्त्रों के कारण ही वे मुझ पर निर्विघ्न पहुंच पाने में असमर्थ है और मैं सुरक्षित बना रहता हूं। दशहरा का दिन अपने शस्त्रों को नमन करने का दिन है। ये सजग, सबल और अमोघ बने रहें। हमारे शत्रुओं का मनोबल ध्वस्त करते रहें। इसी तरह हमें विजेता बनाते रहें। यही मंगल कामना है।

एक नजर

संगठित होकर करें आसुरी शक्तियों को पराजित

चन्दौसी, अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद की ओर से मंडी समिति स्थित शिव मंदिर में विजयदशमी का त्योहार मनाकर शस्त्र पूजन का आयोजन किया । जिसमें प्रांत कार्यकारिणी सदस्य धर्म प्रसार रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया। उन्होंने कहा कि आज कल बहुत सी आसुरी शक्तियां सनातन धर्म के विरुद्ध एकत्रित होकर हिंदुओं का विभाजन करने में सक्रिय हो गई हैं। विजयदशमी का पर्व आसुरी प्रवृत्तियों की पराजय और सत्य की जीत का प्रतीक है। कहा कि सभी हिंदुओं को संगठित होकर आसुरी शक्तियों को पराजित करने का समय आ चुका है। मंदिर के पुजारी अशोक शर्मा ने शस्त्रों पर तिलक व कलावा बांधकर शस्त्र पूजन किया।

जमीन के विवाद में मारपीट, दो महिलाओं समेत 6 घायल

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद के चलते सगे भाइयों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दो महिलाओं सहित 6 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। थाना क्षेत्र के गांव उधरनपुर खागी निवासी प्रेम सिंह की दो पत्नी भूरी देवी और रामकली हैं। जिसमें भूरी देवी के तीन और रामकली के चार बेटे हैं। शनिवार को जमीन के विवाद के चलते दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष से शकुंतला, विजेंद्र और राजेंद्र, दूसरे पक्ष से सत्यवती, पप्पू और राकेश घायल हो गए।

रैली निकालकर महिलाओं को किया जागरूक

संभल/जुनावई, अमृत विचार : युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल द्वारा युवक एवं महिला मंगल दल के सहयोग से मिशन शक्ति फेज 5 के विशेष अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें लैंगिक अपराध, लैंगिक दुर्व्यवहार, लिंग भेद, दहेज प्रथा, बाल विवाह, बालिका शिक्षा, महिला हेल्पलाइन 1090, 181 और 112, कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि को लेकर महिलाओं को जागरूक किया गया। रैली में ग्राम पंचायत करियामई, जुनावई, नदरौली और बिलासपुर की टीमों ने हिस्सा लिया।

संभल में मेले का शुभारंभ करते भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, एसडीएम व सीओ।

चन्दौसी में सनातन धर्म पंजाबी मंदिर में शस्त्रों का पूजन करते पुजारी।


संभल के दशहरा मैदान पर धू धू कर जलता रावण का पुतला। ● अमृत विचार


सीता आश्रम में जलता रावण का पुतला।

शस्त्रों का पूजन कर लिया श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प

संभल में शहर से लेकर देहात तक छाया दशहरा के त्योहार का उल्लास, लोगों ने विधि विधान से की पूजा अर्चना

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जिले में दशहरा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए सुख समृद्धि के लिए कामना की। लोगों ने घरों में शस्त्रों का पूजन कर भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। एक-दूसरे को दशहरा पर्व की बधाई देने का सिलसिला दिनभर चलता रहा।

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व मनाने को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल नजर आया। शनिवार को सुबह लोगों ने तैयार होने के बाद विधि विधान से दशहरा पर्व पर पूजा अर्चना की। घरों पर तैयार किए गए पकवान और भोजन पूजने के बाद मंदिरों में पहुंचाया। लोगों ने घरों में रखे शस्त्रों की पूजा अर्चना करते हुए भगवान श्रीराम की अच्छाइयों को अपनाने का संकल्प लिया। लोगों ने एक-दूसरे को दशहरा पर्व की बधाई दी। बधाई देने के लिए सोशल मीडिया को भी जरिया बनाया। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा, जुनावई, गवां और रजपुरा क्षेत्र में भी दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया।

पंचायत घर में हुआ शस्त्र पूजन :संभल : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं श्री महावीर सुदर्शन चक्र अखाड़ा की ओर से मोहल्ला हल्लू सराय में स्थित पंचायतघर पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम हुआ। लोगों ने दशहरा एवं शस्त्र पूजन करते हुए एक-दूसरे को बधाई दी। पूजन कार्यक्रम अखाड़ा संचालक अशोक सिंह राठौड़, विनोद सिंह पंवार, ठाकुर लवकेश राठौड़ और दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान तमाम लोग मौजूद रहे।

संभल के हल्लू सराय में विजयदशमी पर शस्त्र पूजन करते क्षत्रिय समाज के लोग।

शस्त्र व शास्त्र का पूजन कर मनाया दशहरा

चन्दौसी, अमृत विचार : ब्राह्मण शक्ति संघ ने विजयदशमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में मंत्रोच्चार के साथ शस्त्र व शास्त्र का पूजन किया गया। वक्ताओं ने ब्राहणों ने हमेशा शास्त्र की रक्षा के लिए शस्त्र को धारण किया है। सीता रोड स्थित माता बगिया वाली देवी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ राजेन्द्र कुमार शर्मा राजा व कवि माधव मिश्र द्वारा भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद आचार्य दीपक ऋतुपर्ण ने विधि विधान के साथ शास्त्र व शस्त्र का पूजन कराया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के नौ दिनों बाद आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि विजयादशमी का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया था। दशहरे का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत के रूप में मनाया जाता है . साथ ही शास्त्र एवं शस्त्र पूजा की जाती है। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अभिनव शर्मा ,अविरल शर्मा, एस एन शर्मा, मुकेश गौड़, महंत मुनीश शर्मा, सचिन शर्मा एड ., अमित पाठक एड ., शिवराम वत्स, सचिन शर्मा, सचिन मिश्रा, विनीत शर्मा, अमोल शर्मा, प्रशान्त वशिष्ठ, शरद शर्मा, आकाश शर्मा, ओम शर्मा, बबलू पाठक आदि मौजूद रहे।

संभल में विजय तीर्थ पर पूजा अर्चना करते हिंदू जागृति मंच के सदस्य।

पंजाबी मंदिर में किया दशहरे पर शस्त्र पूजन

चन्दौसी, अमृत विचार : श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में दशहरा पर्व पर विधि विधान से शस्त्र पूजन किया गया। जिसमें मुख्य पुजारी ने शस्त्र पूजन कराया। बताया कि नवरात्र के 9 दिन मां भगवती के व्रत रखने के बाद 10वें दिन दशहरे पर भगवान श्रीराम की पूजा की जाती है। दशहरा का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। हिंदू धर्म में विजयदशमी पर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के तौर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर सतीश अरोरा, अशोक शर्मा, मोहित डुडेजा, आकाश आहूजा, चरनजीत आहूजा, आकाश आहूजा, महेंद्र अदलक्खा, सुरेंद्र मदान, वेद अरोरा, संजय मदान, सागर साहनी, अमित कटारिया, शरद मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

चन्दौसी में शास्त्र व शस्त्र का पूजन करते ब्राह्मण शक्ति संघ के लोग। ● अमृत विचार

संभल में कुरुक्षेत्र तीर्थ मैदान पर लगा दशहरा मेला

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : दशहरा पर्व के मौके पर श्रीराम लीला कमेटी संभल की ओर से कुरुक्षेत्र तीर्थ मैदान पर लगे मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने मेले में जमकर खरीदारी की और चाट-पकौड़ी का आनंद लिया। लोगों ने श्रीराम लीला मंचन का आनंद लिया। श्रीराम ने रावण का वध करने के बाद उसके पुतले में जलता हुआ बाण मारा। जिससे रावण का पुतला धू धू कर जल उठा। मेघनाथ का पुतला भी दहन हुआ।

संभल में शनिवार को चंदौसी मार्ग पर स्थित कुरुक्षेत्र तीर्थ मैदान में दशहरा मेले का आयोजन हुआ। श्रीराम लीला कमेटी के अध्यक्ष संजय गुप्ता पोली और अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मेले की व्यवस्था में जुटे रहे। यहां मेघनाद और रावण के पुतले खड़े किए गए। सुबह से ही मेला परिसर में तमाम दुकान लग गईं तो लोगों ने पहुंचकर खरीदारी शुरू कर दी। दोपहर के बाद तो मेले में लोगों की भीड़ बढ़ती गई। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन के सामान खरीदे तो बच्चों ने खेल खिलौनों की खरीदारी की। । इस बीच देर शाम को दशहरा मेला का शुभारंभ भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, एसडीएम विनय कुमार मिश्र और सीओ अनुज कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। जिसके बाद श्रीराम लीला मंचन भी शुरू हो गया। श्रीराम और रावण की सेना के बीच भयंकर युद्ध शुरू हुआ। इस बीच डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई भी पहुंच गए। आला अधिकारियों ने पूजन किया। वहीं युद्ध में श्रीराम के तमाम प्रयास के बाद भी जब रावण का वध नहीं हुआ तो विभीषण ने उन्हें भेद बताया। जिसके बाद श्रीराम ने रावण का वध कर दिया। इसी के साथ श्रीराम के जयकारों से माहौल गूंज उठा। जिसके बाद श्रीराम ने रावण के पुतले में जलता हुआ बाण मारा तो पुतला धू धू कर जल उठा। तमाम लोगों ने पुतले की अस्थियां हासिल की।

इस दौरान कमेटी प्रबंधक अनुराग गुप्ता अन्नू, उमेश शर्मा एडवोकेट, कमलकांत तिवारी, कपिल सिंघल, संजय सांख्यधर, ईओ नगर पालिका डॉ.मणिभूषण तिवारी के अलावा रामलीला कमेटी के लोग मौजूद रहे।

बबराला में पथ संचलन करते संघ के स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

पथ संचलन कर किया शक्ति का प्रदर्शन

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। उन्होंने पूर्ण गणवेश में शक्ति, साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया। वहीं विधि विधान से शस्त्र पूजन भी किया गया। इसके अलावा प्राथमिक वर्ग प्रशिक्षण का दीक्षांत भी हुआ।

दशहरा पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पथ संचलन किया गया। पूर्ण गणवेश में दंडधारी स्वयंसेवकों में छोटी उम्र के बच्चे भी शामिल रहे।

बाबूराम सिंह भाय सिंह महाविद्यालय से शुरू पथ संचलन इंदिरा चौक, रेलवे रोड और महाराजा अग्रसेन मार्ग होता हुआ पुराने रामलीला मैदान में समापन हुआ। आरएसएस के प्राथमिक वर्ग प्रशिक्षण के दीक्षांत समारोह में जिला कार्यवाह दीपक का बौद्धिक हुआ। आरएसएस के विभाग संपर्क प्रमुख अरूण कांत ने बताया कि संघ के प्रमुख उत्सवों से एक विजया दशमी पर असत्य पर सत्य की जीत का उत्सव मनाने के लिए सभी राष्ट्रवादी लोग आतुर रहते हैं। इस दिन सभी स्वयंसेवकों ने बुराई छोड़ने का संकल्प लिया।

इस दौरान चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, योगेश गुप्ता, विनय वार्ष्णेय, कैलाश तिवारी, प्रशांत वार्ष्णेय, रवि शर्मा के अलावा तमाम स्वयंसेवक मौजूद रहे।

विजय तीर्थ पर पूजन-दर्शन से होता है शत्रु का सर्वनाश

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : दशहरा के मौके पर हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने चंदौसी मार्ग पर स्थित विजय तीर्थ पर पूजा-अर्चना कर विजयी होने का आशीर्वाद लिया। इस दौरान विजय तीर्थ का महत्व बताया गया।

शनिवार को हिंदू जागृति मंच के सदस्य विजय तीर्थ पर पहुंचे। सदस्यों ने सामूहिक रूप से दीप, रोली, कलावा, चावल और मिष्ठान के साथ मंत्रोच्चारण कर तीर्थ पर पूजा अर्चना की। मुख्य यजमान विष्णु कुमार गुप्ता ने विधि विधान से पूजन कराकर प्रसाद वितरित किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि संभल के 68 तीर्थ और 19 कूपों में विजय तीर्थ का अपना अलग ही महत्व है। यहां पूजन और दर्शन करने से व्यक्ति के शत्रु का सर्वनाश होता है अर्थात इस तीर्थ का महत्व हजारों वर्षों से है। उसी तीर्थ के जल, मिट्टी और वनस्पति से संभल के विजय तीर्थ का निर्माण हुआ। इस दौरान सुबोध कुमार गुप्ता, राजेंद्र गुर्जर, वैभव छाबड़ा, विकास कुमार वर्मा आदि रहे।

हजरतनगर गढ़ी में जला रावण का पुतला

संभल/सिरसी, अमृत विचार : गांव हजरतनगर गढ़ी में सनातन धर्म आदर्श कमेटी की ओर से दशहरा मेला लगा। जिसमें लोगों ने खरीदारी की। इसके बाद श्रीराम व रावण में घमासान युद्ध किया। श्रीराम ने रावण का वध करने के बाद पुतले में अग्नि बाण मारा तो पुतला धू धू कर जल उठा। इस दौरान श्रीराम के जयकारे गूंजने लगे। मंचन में श्रीराम रथ पर सवार होकर रावण से युद्ध करने के लिए निकले। दोनों तरफ से अस्त्रों और शस्त्रों का प्रयोग हुआ। विभीषण के बताने पर श्रीराम ने बाण चलाकर रावण का अंत किया। इस दौरान विजय पाल सिंह, विपिन कुमार, देवेंद्र सिंह फौजी, रजत चौधरी, अशोक कुमार, भीष्म शर्मा आदि मौजूद रहे।

क्षत्रिय महासभा ने मनाया विजय दशमी पर्व

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में विजयदशमी का त्योहार एवं मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह अजीत सिंह एनक्लेव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 230 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक गायत्री परिवार द्वारा भगवान श्री राम के नाम का स्मरण करते हुए हवन पूजन के साथ शस्त्र पूजन किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का विधिवत आरंभ करते हुए अतिथियों ने भगवान श्री राम व महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया। अतिथियों का फूलमाला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने मेधावी बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि दशहरा पर्व बुराइयों पर अच्छाई की जीत का पर्व है, हम सब भी बुराइयों का अंत करें। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह चौहान ने कहा कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रत्येक वर्ष मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करती है। विजयवीर सिंह के ने नरेंद्र सिंह सेवानिवृत्ति कानूनगो अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जनपद संभल का कार्यकारी जिला अध्यक्ष घोषित किया। कार्यक्रम में 230 मेधावी छात्र-छात्राओं को जिन्होंने हाई स्कूल, इंटरमीडियट, स्नातक, बीएड़ व एलएलबी आदि परीक्षाओं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, को प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया । कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में भुजबीर सिंह, जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह, क्षत्रिय युवा जिलाध्यक्ष डॉ. विशाल चौहान क्षत्रिय युवा, जिला अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह, डॉ दिग्विजय सिंह, आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर तेजेंद्र सिंह एड., मुनीष पाल सिंह, मदनपाल सिंह, महेश पाल सिंह, मुनेंद्र सिंह, बंटू, शिवम सिंह, तेजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता पुष्पेंद्र सिंह एडवोकेट व संचालन मनोज कठेरिया एडवोकेट. के साथ मनोज तोमर ने संयुक्त रूप से किया।

चन्दौसी में मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ अतिथि व महासभा के पदाधिकारी।

● 230 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

विजयदशमी पर हुआ रावण के पुतले का दहन

चन्दौसी, अमृत विचार: विजयदशमी पर दो स्थानों पर रावण के पुतलों का दहन किया गया। इसके अलावा गली-मोहल्लों में कई स्थानों पर भी रावण के पुतले जलाए गए हैं। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे। मेले में लगी दुकानों से लोगों ने खरीदारी की।

विजयदशमी पर सीता रोड स्थित पं. हनुमान सिंह ग्राउंड में श्री सनातन धर्म रामलीला परिषद ने रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के विशाल पुतलों का दहन किया गया। वहीं रामबाग धाम पर श्री वार्ष्णेय नवयुवक संघ द्वारा विशालकाय रावण के पुतले का दहन के साथ जमकर आतिशबाजी हुई। उक्त दोनों ही स्थानों पर मेले भी लगे। भगवान राम के स्वरुप द्वारा चलाए तीर से रावण के पुतलों का दहन हुआ। इसके अलावा शहर के लायंस कॉलोनी, शक्ति नगर, मिलक, विकास नगर, आवास विकास, ब्रहम बाजार, सीता रोड, मोती मोहल्ला, राज मोहल्ला, गणेश कालोनी सहित अन्य स्थानों

श्रीराम ने किया रावण का वध, जला पुतला

संवाददाता, संभल/असमोली

अमृत विचार : असमोली में नवयुवक कमेटी की ओर से रामलीला मंचन के 13वें दिन दशहरा मेले का आयोजन हुआ। मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी और खरीदारी हुई।

बच्चों ने झूलों का आनंद लिया और चाट पकौड़ी का लुत्फ उठाया। श्रीराम और रावण के बीच घमासान युद्ध का मंचन किया गया। जिसमें श्रीराम बिना रथ के युद्ध के लिए चल पड़े लेकिन देवताओं ने श्रीराम से प्रार्थना की कि वह रथ स्वीकार कर लें, तब युद्ध करें। फिर श्रीराम रथ पर सवार होकर रावण से युद्ध करने के लिए निकले।

दोनों तरफ से अस्त्रों शस्त्रों की वर्षा हुई। फिर विभीषण के यह बताने पर कि रावण की नाभि में अमृत है, श्रीराम ने बाण चलाकर रावण की नाभि का अमृत सोख लिया। इसके बाद रावण का वध हो गया। मेला परिसर में रावण का पुतला जलाया गया। इस दौरान एसडीएम निधि पटेल, असमोली थाना प्रभारी योगेश कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

असमोली में जलता रावण का पुतला। ● अमृत विचार

बबराला में जलाया रावण का 50 फिट का पुतला

बबराला , अमृत विचार : असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक पर्व दशहरा पर रावण का अहंकार चकनाचूर हो गया। इस बार डिग्री कॉलेज मैदान में 50 फिट ऊंचाई के रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले जलाए गए। पहले श्रीराम-रावण युद्ध का मंचन हुआ। इसमें राम ने रावण का वध करके विजय हासिल की। श्रीराम ने अग्नि बाण से राक्षस शक्ति का प्रतीक दशानन के पुतले का दहन किया। रामलीला कमेटी के शुभम वार्ष्णेय, चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, योगेश गुप्ता, रवि वर्मा, ठाकुर धर्मवीर सिंह, प्रशांत वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

पुतले संग निकाली शोभायात्रा, फिर हुआ रावण दहन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: बड़ा महादेव पर बीएम क्लब की ओर से रावण के पुतले के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इसके पश्चात पुतले का दहन किया गया।

शनिवार की शाम बड़ा महादेव पर बीएम क्लब द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का आरंभ पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में राम दरबार, उज्जैन के महाकाल की झांकी, नंदी पर विराजमान भोले शंकर व माता पार्वकी की झांकी शामिल थी। इसमें रावण का पुतला भी शामिल था। भगवान के स्वरूप में सजे कलाकार नृत्य करते चल रहे थे। बड़ा महादेव से आरंभ हुई शोभायात्रा जवाहर रोड, घंटाघर, बड़ा बाजार, घास मंडी, ब्रह्म बाजार, फड़याई बाजार होते हुए पुनः बड़ा महादेव पर पहुंच संपन्न हुई। इसके उपरांत रावण के पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर मोहित गोस्वामी, दक्ष शर्मा, शिवा सक्सेना, रामा सक्सेना, मेघल गुप्ता, अमित गुप्ता, अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

रजपुरा में रावण और कुंभकर्ण के जलते पुतले।

बहजोई में जलता मेघनाद का पुतला।

नाभि में बाण लगते ही सूख गया अमृत

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा में आयोजित मेले के दौरान श्रीराम और रावण की सेना के बीच भीषण टकराव हुआ। श्रीराम के बाण से रावण का अंत होने पर श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। रावण और कुंभकर्ण के पुतले जलाए गए। दशहरा के मौके पर रजपुरा में लगे मेले में लोगों ने खरीदारी की। शाम को श्रीराम और रावण की सेना के बीच युद्ध का मंचन शुरू हुआ। विभीषण द्वारा श्रीराम को रावण की नाभि में अमृत होने की बात बताई गई। जिसके बाद श्रीराम ने रावण की नाभि में तीर मार दिया। नाभि का अमृत सूखते ही रावण धराशाई हो गया। रावण का वध होते ही जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। आतिशबाजी भी हुई। जिसके बाद रावण और कुंभकर्ण के पुतले जलाए गए।

बहजोई में मेघनाद के पुतले का दहन

बहजोई , अमृत विचार : रामलीला मंचन में लक्ष्मण और मेघनाद में युद्ध हुआ। जिसमें लक्ष्मण ने मेघनाद का वध कर दिया। इसके बाद काली मंदिर ग्राउंड में मेघनाद के पुतले का दहन किया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने मेघनाद की अस्थियां लूटीं। इस दौरान अध्यक्ष अमित सर्राफ, महामंत्री अनुज कुमार, विवेक बादशाह, कोषाध्यक्ष ओमकार आढ़ती, सुधीर कुमार, संयोजक सुरेंद्र कुमार आढ़ती, सहसंयोजक विकास कुमार आरके, हृदेश सरपंच, नरेंद्र कुमार एनके आदि रहे। उधर, पुराना बाजार में हो रही रामलीला में भी मेघनाद के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष कपिल वार्ष्णेय, महामंत्री तनुज गुरु, कोषाध्यक्ष कुशांक कुमार कन्नू, निर्दोष कुमार उर्फ नीटू कठेरिया, अजय तंबाकू, कपिल गुप्ता आदि व्यवस्था बनाए रहे।

एक नजर

आज सात तक घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

चन्दौसी, अमृत विचार : विभाग की ओर से हाइडिल कॉलोनी, हनुमानगढ़ी, तहसील, पॉवर हाउस व मौलागढ़ उपकेंद्र पर रविवार को मरम्मत का कार्य किया जाएगा। जिससे सुबह 9 बजे से शाम 4 तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि रविवार की सुबह उक्त उपकेंद्रों से जुड़े बालाजी धाम, चन्दौसी ग्रीन सोसाइटी, प्रकृति ग्रीन कॉलोनी, थाना बनियाठेर, खुर्जा गेट, सीकरी गेट, शक्ति नगर, मुरादाबाद गेट, हुसैनी बाजार, फव्वारा चौक, घास मंडी, साहूकारा मोहल्ला की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी।

दो सगे भाइयों सहित चार लोग गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर सराय निवासी निर्मल शनिवार को ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे को लेकर ग्राम प्रधान मेवाराम से विवाद कर रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्मल को हिरासत में ले लिया। वहीं थाना क्षेत्र के गांव ऐंचोली निवासी रवि उर्फ रविदास व सगे भाई अमित और रामवीर को आपस में किसी बात को लेकर विवाद करने में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने निर्मल, रवि उर्फ रविदास, अमित व रामवीर का चालान कर दिया।

युवक ने किशोरी से की छेड़छाड़, गिरफ्तार

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में एक समुदाय की किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में दूसरे समुदाय के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी शुक्रवार को पशुओं को खिलाने के लिए खेत में हरा चारा काट रही थी। आरोप है कि थाना क्षेत्र के गांव कादराबाद निवासी शाह आलम किशोरी के पास पहुंचा और छेड़छाड़ की।

सगे भाइयों पर मारपीट का आरोप, दो घायल

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव गागरपुर निवासी सतीश ने गांव के ही सगे चार भाइयों से थोड़े दिन पहले प्लाट खरीदा था। शनिवार की सुबह सतीश प्लाट में खेत से लाकर पराली रख रहा था। आरोप है कि पराली रखने के विरोध में चारों सगे भाई लाठी डंडों से सतीश के साथ मारपीट करने लगे। बचाने पहुंची सतीश के छोटे भाई दिनेश की पत्नी विमलेश के साथ भी मारपीट की गई।

धरनास्थल पर 5 किसानों का स्वास्थ्य बिगड़ा

भाकियू असली के बैनर तले सीएचसी गुन्नौर परिसर में 11वें दिन भी जारी रहा धरना

कार्यालय संवाददाता,संभल/ गुन्नौर

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक का सीएचसी गुन्नौर परिसर में धरना 11वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने समस्याओं को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस बीच पांच किसानों का स्वास्थ्य खराब हो गया। जिसकी जानकारी डॉक्टर को दी गई लेकिन गंभीरता नहीं दिखाई।

भाकियू असली अराजनैतिक के बैनर तले चल रहे धरने के दौरान किसानों ने आवाज उठाई। धरने पर बैठे महाराज सिंह, सोनपाल सिंह, नेम चंद, सूरजपाल और नेम सिंह का स्वास्थ्य खराब हो गया।

सूचना देने के बाद भी सीएचसी के जिम्मेदारों ने कोई कदम नहीं उठाया। राष्ट्रीय प्रमुख सचिव ऋषिपाल सिंह यादव ने कहा कि हादसे में घायल व्यक्ति की मौत मामले में भी प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। युवा मंडल प्रभारी मोरध्वज यादव ने कहा कि सीएचसी में इलाज के अभाव में जिन लोगों की मौत हुई है उनके परिजनों को डॉक्टर के वेतन से 5-5 लाख रुपये का मुआवजा, सरकार की ओर से एक सदस्य को नौकरी और 10-10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष कमलेश आर्य ने कहा कि 2 अक्टूबर से किसान धरना दे रहे हैं लेकिन प्रशासन सुध नहीं ले रहा है। जल्द ही थू-थू दिवस मनाया जाएगा।

इस दौरान सूरजपाल सिंह, देवेंद्र सिंह, महेश गिरी, महेंद्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, मलखान सिंह, मोहन सिंह, सतीश चंद, यशपाल यादव, ब्रह्म सिंह, ब्रजकुमार आदि रहे। अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की ब्लॉक अध्यक्ष स्नेहलता ने तथा संचालन रामकुमार ने किया।

गुन्नौर में नारेबाजी करते भाकियू असली के सदस्य। ● अमृत विचार

खेत से धान चोरी को लेकर दो पक्षों में मारपीट, 3 घायल

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में खेत से धान चोरी होने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें दंपति समेत तीन लोग घायल हो गए। एक पक्ष पर दूसरे पक्ष ने घर में घुसकर मारपीट करने के साथ ही नकदी और जेवर चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया।

थाना क्षेत्र के गांव परतापुर निवासी कन्हैया पुत्र मोहर सिंह के खेत धान की कटी फसल पड़ी है। आरोप है कि गांव के लालमन का बेटा गौरव खेत से एक कट्टा धान चोरी कर ले गया। कन्हैया ने घर पर जाकर शिकायत की तो मारपीट की गई। मारपीट में कन्हैया और उसकी पत्नी मोहर कली घायल हो गए। वहीं लालमन का कहना है कि बेटा गौरव चाचा दीनदयाल और फूफा वीरेंद्र के साथ गांव के पास तालाब में मछली पकड़ने गया था। गांव के ही कन्हैया ने गौरव पर धान चोरी का झूठा आरोप लगाया। आरोप है कि कन्हैया और उसके भाई ने लालमन के घर में घुसकर मारपीट की। जिससे लालमन घायल हो गया। घर से 2 लाख रुपये और सोने के जेवर चोरी कर ले जाने का आरोप भी लगाया।

धमकाने में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित 4 पर रिपोर्ट

संभल, अमृत विचारः जमीन के मामले को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारा एसडीएम कार्यालय पर धरना देने के अगले दिन जमीन मालिक की ओर से कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शर्मा सहित चार लोगों के खिलाफ धमकाकर रकम मांगने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

गांव मोहम्मदपुर टांडा निवासी देशराज ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि दस वर्ष पहले गांव के ही श्यामलाल से प्लाट खरीदा था। बैनामा कराने के बाद वह बाउंड्रीवाल कर प्लाट पर काबिज हो गया था। आरोप है कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शर्मा अपने भाई सुभाष शर्मा,एक अन्य सुधीश शर्मा सहित अपने कई साथियों को लेकर प्लाट पर पहुंचे और पांच लाख रुपये की मांग की। विरोध किया को विजय शर्मा ने कांग्रेस का जिलाध्यक्ष होने की बात कहते हुए निर्माण कार्य नहीं करने देने व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल अनुज तोमर ने बताया कि विजय शर्मा सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

डीएम व एसपी ने किया दशहरा मेला स्थलों का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : विजयदशमी पर शहर में दो प्रमुख स्थानों के अलावा अन्य गली-मोहल्लों में रावण के पुतला का दहन किया जाता है। शनिवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक पुलिस बल के साथ सीता रोड स्थित बगिया वाली मंदिर व रामबाग धाम का निरीक्षण किया। जहां बगिया वाली देवी मंदिर परिसर में रावण दहन के आसपास गंदगी से डीएम ने नाराजगी जताई। नगर पालिका के जेई को मौके पर बुलाकर तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए।

शनिवार की दोपहर एक बजे जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार अधिकारियों के साथ सीता रोड स्थित बगिया वाली देवी मंदिर परिसर पर पहुंचे। यहां रावण के पुतले व मेले स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मेले व रावण के पुतले स्थल पर गंदगी के ढेर देख कर डीएम ने नाराज जताई। तुरंत ही नगर पालिका के जेई केके अग्रवाल को मौके पर बुलाया। कहा कि तुरंत ही मेला स्थल का साफ-सफाई कराई। इसके बाद सफाई का कार्य आरंभ कराया गया। डीएम व एसपी ने मंदिर संचालक मुनीष शर्मा से जानकारी की। मेला स्थल के आस-पास के दुकानदारों से वार्ता की। इसके बाद दोनों ही अधिकारियों ने बगिया वाली देवी मंदिर में पहुंच पूजा-अर्चना की। अधिकारियों का काफिला रामबाग धाम पर पहुंचा। यहां भी रावण के पुतले व मेले स्थान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एडीएम प्रदीप वर्मा, एएसपी श्रीशचंद, एसडीएम नीतू रानी, सीओ संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह आदि मौजूद रहे।

- **रामबाग धाम व बगिया वाली देवी मंदिर पहुंच परखी व्यवस्था**
- **बगिया वाली देवी मंदिर परिसर में गंदगी देख नाराज हुए डीएम**

चन्दौसी में मेला स्थल पर निरीक्षण के दौरान दुकानदार से वार्ता करते डीएम व एसपी।

मेले में डीएम और एसपी ने देखे सुरक्षा प्रबंध

संभल , अमृत विचार : दशहरा के मौके पर संभल में चंदौसी मार्ग पर स्थित कुरुक्षेत्र तीर्थ मैदान पर लगे दशहरा मेले में पहुंचे डीएम और एसपी ने सुरक्षा एवं अन्य इंतजामों का जायजा लिया। डीएम ने अधीनस्थों को जरूरी निर्देश दिए। कहा कि हर इंतजाम बेहतर होना चाहिए। मेला देखने आने वालों को किसी तरह की कोई समस्या न हो। डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई शनिवार को दोपहर कुरुक्षेत्र तीर्थ मैदान में आयोजित हुए दशहरा मेले में पहुंचे और मेला परिसर में सुरक्षा प्रबंध देखे। श्रीराम लीला कमेटी के अध्यक्ष संजय गुप्ता पोली और अन्य से जानकारी ली। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम विनय कुमार मिश्र, तहसीलदार रवि सोनकर, ईओ नगर पालिका डॉ.मणिभूषण तिवारी, कोतवाल संभल अनुज कुमार तोमर आदि रहे। दशहरा मेले को लेकर पुलिस प्रशासन की व्यवस्था दुरुस्त रही।

सार संक्षेप

सजा लो घर को गुलशन सा...

चन्दौसी, अमृत विचार : स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से बहजोई रोड पर उन्नति इन्क्लेव कॉलोनी में संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित दीनदयाल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, अनुज शर्मा, प्रबोद दुबे, मीरा दुबे, बृजेंद्र शर्मा, जेएन मिश्रा, राजीव मिश्रा, आलोक दुबे, कल्पना वार्ष्णेय ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व श्री सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने सजा लो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं। अजय सक्सेना ने राम जी की वंदना, सीता जी की वंदना, वीर हनुमान तेरी बार-बार वंदना सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र शर्मा, राकेश चौबे, संजीव शर्मा, गंगाराम शर्मा, गुलशन अरोरा, रमेश ग्रेवाल, सुभाष चंद्र शर्मा, सर्वेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, कपिल शर्मा, पीएन शर्मा, प्रवीण मोहन तिवारी आदि मौजूद रहे।

खाद्य विभाग की छापेमारी पर रोष जताया

चन्दौसी, अमृत विचार : अखिल भारतीय व्यापार मंडल की बैठक में खाद्य व जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी को लेकर रोष जताया गया। वक्ताओं ने कहा कि अगर छापेमारी बंद नहीं हुई तो संगठन आंदोलन करेगा। फव्वारा चौक स्थित एक प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि खाद्य विभाग शहर व बाहरी क्षेत्रों में व्यापारियों के यहां वस्तुओं का सैंपिल के नाम पर उत्पीड़न कर रहा है। अधिकारी व्यापारियों पर दबाव बना रहे है। इसी प्रकार जीएसटी विभाग भी छापेमारी कर व्यापारियों को परेशान कर रहा है।बैठक में प्रेम ग्रोवर, शाह आलम मंसूरी, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, वसीम अख्तर, राजू चढ्डा, सुशील अग्रवाल, चिंटू शर्मा, सचिन आदि मौजूद रहे।

बुखार पीड़ित महिला की मौत,गांव में और भी बीमार

संभल/कैलादेवी, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र में बुखार पीड़ित महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। गांव में सैकड़ों लोग बुखार से पीड़ित हैं। पंवासा क्षेत्र में महिला सहित पांच लोगों की बुखार से अब तक मौत हो चुकी है। थाना क्षेत्र के गांव सारंगपुर निवासी गंभीर की पत्नी सुनीता (33 वर्ष) को दस दिन पहले बुखार आया था। गांव के झोलाछाप डॉक्टर की दवा से फायदा नहीं हुआ तो परिजनों ने सुनीता को उपचार के लिए नखासा थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर कला में स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन बुधवार को लेकर सुनीता को मुरादाबाद निजी अस्पताल पहुंचे। यहां उपचार के दौरान सुनीता की मौत हो गई। ग्रामीण जोगिंद्र ने शनिवार को बताया कि गांव में 500 से अधिक लोग बुखार से पीड़ित हैं। जानकारी होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 15 दिन पहले गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों को दवा दी थी। कैंप में सभी ग्रामीणों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई थी। जबकि निजी लैब पर जांच कराई तो कई ग्रामीणों की जांच रिपोर्ट में मलेरिया, टाइफाइड व डेंगू पाया गया।

रंगदारी वसूलने का आरोपी कथित पत्रकार गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक से रंगदारी में दस हजार रुपये लेने के आरोपी कथित पत्रकार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दस हजार की नकदी व कार बरामद की गई है। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बैटला निवासी मेडिकल स्टोर संचालक इब्राहीम ने शुक्रवार को कथित पत्रकार कपिल ठाकुर,मैहराजुल हसन व गजेंद्र के खिलाफ दस हजार रुपये रंगदारी वसूलने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने कपिल ठाकुर को गिरफ्तार कर उसके पास से निशान कंपनी की कार व दस हजार की नकदी बरामद कर ली। इस मामले में कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव कैशोपुर भंडी निवासी मैहराजुल हसन व गुन्नौर के गांव निवासी गजेंद्र की पुलिस तलाश कर रही है। इब्राहीम का आरोप है कि उसके द्वारा पहले दर्ज कराऐ गए रंगदारी के मुकदमे में कपिल ठाकुर व मैहराजुल हसन दो माह पहले जेल से छूटकर आए थे। तभी से मैहराजुल हसन व कपिल ठाकुर फैसले का दबाव बनाते हुए मुकदमे में खर्च हुए एक लाख रुपये मांग रहे थे। कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि कपिल ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्रेमिका से शादी नहीं कराई तो मां व भाई से मारपीट

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में प्रेमिका से शादी करने के लिए मां ने मना किया तो बेटा नाराज हो गया। युवक ने अपनी मां व भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नूरियो सराय निवासी सोमपाल की पत्नी पुष्पा देवी ने शनिवार को बताया कि बेटे का बिरादरी की ही किसी युवती के साथ कई माह से प्रेम प्रसंग चल रहा है। युवक ने अपनी प्रेमिका के साथ शादी करने का मन बनाकर इस बारे में मां पुष्पा देवी से बातचीत की। जानकारी होने की वजह से पुष्पा देवी ने बेटे की शादी उसकी प्रेमिका के साथ करने से मना कर दिया। जिसके बाद मां बेटे में विवाद बढ़ गया। विवाद इतना बढ़ा कि युवक ने मां से संपत्ति का बंटवारा करने की मांग की। विवाद के बाद युवक ने मां पुष्पा देवी के साथ मारपीट की। बचाने पहुंचे युवक ने अपने भाई सचिन के साथ भी मारपीट की। मारपीट की वजह से सचिन व पुष्पा देवी घायल हो गए। जिसके बाद मां बेटा कोतवाली आ गए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने पुष्पा देवी व सचिन का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

महिलाओं ने की गंगा देवी मंदिर पर पूजा-अर्चना

चन्दौसी, अमृत विचार : नवरात्र के बाद महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। देवी मंदिर पर पहुंच महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर जात लगाई। बताया गया कि नवरात्र के बाद माता रानी की जात लगाने की परंपरा है। मोहल्ला लोधियान, खुर्जा गेट व मौर्य बस्ती की महिलाएं हर वर्ष शारदीय नवरात्र के उपरांत विजयदशमी पर कलश यात्रा निकाली है। शनिवार को भी महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जो विभिन्न मार्गों से होती हुई कैथल गेट स्थित श्रीदेवी गंगा मंदिर पर पहुंच संपन्न हुई। मंदिर में पहुंच महिलाओं ने विधि विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना कर घर-परिवार की खुशहाली की मन्नतें मांगी। इसके बाद माता रानी की जात लगाई। कलश यात्रा में रेखा, ऊषा, भागवती, शांति, गुड्डो, शिवानी, हीराकली, लाड़ो, महारानी, ओमवती, सुषमा, माया, सरस्वती, मुन्नी, नन्ही, मीना, कमलेश, पूनम, सविता, रामश्री, तारवती, सोमवती आदि शामिल रही।

नवरात्र पर हुआ भंडारा

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव भुलावई में नवरात्र पर नवमी के दिन हवन पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें पंडित राजेश कुमार शर्मा ने माता रानी की चौकी को बनाकर पूजन कराया। इसके बाद हवन आरंभ हुआ और भक्तों ने विश्व कल्याण के लिए आहुतियां दी। आरती के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंच भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मोहल्ला मोती में अर्द्धनारीश्वर मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा नवरात्र में स्थापित की गई थी। रविवार को हवन व पूजन के बाद नगर में भ्रमण कराया जायेगा। जिसके बाद नरौरा गंगा घाट पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन होगा।

हनुमान जी की सिंदूरी लीला देख प्रसन्न हुए दर्शक

चन्दौसी, अमृत विचार : श्री बारह सैनी रामलीला नाट्य परिषद की ओर से विजयदशमी पर रामबाग धाम स्थित रंगमंच पर श्रीराम राज्याभिषेक व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। पहले दृश्य में दिखाया गया है कि भगवान राम सीता माता के साथ सिंहासन पर विराजमान होते हैं। माता सीता हनुमान को उनके कार्यों से प्रसन्न होकर उन्हें भोजन पर आमंत्रित करती हैं। हनुमान जी उनका सारा भोजन चट कर जाते हैं और सीता माता घबरा कर श्रीराम राम के पास पहुंचती है और सहायता मांगती है। तब श्रीराम सीता माता को तुलसी दल का एक पत्ता परोसने के लिए देते हैं। तुलसी का सेवन करते ही हनुमान जी की भूख शांत हो जाती है। इसके बाद हनुमान जी माता सीता को सिंदूर लगाते हुए देखकर सिंदूर की महिमा पूछते हैं, तो सीता माता द्वारा बताने पर वह पूरे शरीर पर सिंदूर लगा लेते हैं और दरबार में पहुंचते हैं। श्रीराम प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं कि जो भी भक्त मंगलवार के दिन हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाएगा या सहायता करेगा, उसे हनुमान की कृपा के साथ मेरी भी कृपा प्राप्त होगी।

कमरे में फंदे से लटका मिला महिला का शव

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव कमरे में फंदे से लटका मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते मायके वाले भी बेटी की ससुराल आ गए। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर निवासी धर्मेंद्र की शादी फरवरी माह में बदायूं जिले में जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव नाधा निवासी बड़े भाई पुष्पेंद्र की साली कमलेश के साथ हुई थी। शनिवार की शाम धर्मेंद्र ने कमरे में पहुंचकर देखा तो कमलेश दुपट्टे के फंदे पर झूल रही थी। पत्नी को फंदे पर देखकर धर्मेंद्र ने शोर मचा दिया। शोर को सुनकर मुहल्ले के लोग व अन्य परिजन भी मौके पर आ गए। आनन फानन में फंदा खोलकर परिजनों ने कमलेश को नीचे उतारा और उपचार के लिए जुनावई स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंच गए। यहां डॉक्टर ने कमलेश को मृत घोषित कर दिया। मौत होने की सूचना मिलने पर रोते बिलखते मायके वाले भी कमलेश की ससुराल आ गए। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि परिजनों ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराने से मना किया है और पंचनामा भरकर महिला का शव परिजनों को सौंप दिया है।

आसपास-उत्तराखंड

बाजार से लौट रही महिला को किया बेसुध, नकदी व जेवर छीने

कार्यालय संवदादाता, बदायूं

- **महिला का आरोप, आइजीआरएस पर शिकायत करने पर पुलिस ने किया फर्जी निस्तारण**

अमृत विचार : दो व्यक्तियों ने बाजार से घर जा रही महिला के मुंह पर रुमाल लगा दिया। जिसपर नशीला पदार्थ लगा था। महिला बेसुध हो गई। व्यक्तियों ने महिला के रुपये, सोने के कुंडल, पायल छीन लीं और उसे ई-रिक्शा पर बैठाकर भाग गए।

महिला ने आइजीआरएस पर शिकायत की तो पुलिस ने झूठी आख्या लगाकर शिकायत निस्तारित कर दी। पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला ब्राह्मपुर निवासी उर्मिला पत्नी आसाराम ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि 20 सितंबर को दोपहर लगभग डेढ़ बजे वह चांदी की तोड़िया सही कराने और अन्य सामान की खरीदारी करने के लिए पांच हजार रुपये लेकर बाजार गई थीं। बाजार से पहले मछली खरीदीं। जिसके बाद सराफा बाजार में तोड़िया रिपेयर कराकर राजाराम महिला इंटर कॉलेज के सामने वाली गली से वापस आ रही थीं। रास्ते में दो व्यक्ति पीछे से आए और उनके मुंह पर रुमाल मार दिया। जिससे महिला बेसुध हो गई। दोनों व्यक्ति महिला के पांच हजार रुपये और सोने कुंडल उतारकर, तोड़िया छीन लिए। महिला को ई-रिक्शा में बैठा दिया। ई-रिक्शा चालक महिला को गोपाल टॉकीज वाली पुरानी चुंगी पर उतारकर चला गया। कुछ समय के बाद होश में आने पर महिला ने अपने बेटे संजीव को फोन किया। जो महिला को घर लेकर गया। महिला ने परिजनों को आपबीती बताई। परिजनों ने चेक कराया तो घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। महिला ने पुलिस के अलावा आइजीआरएस पर शिकायत की। 27 सितंबर की रात पौने 9 बजे दो सिपाही महिला के घर पर आए। महिला के घर के सामने किराए पर रहने वाले विनय से एक कागज पर लिखवाकर महिला से अंगूठा लगवा लिया। महिला अनपढ़ है। 30 सितंबर को महिला ने बेटे से आइजीआरएस के निस्तारण के बारे में जानकारी कराई तो पता चला कि पुलिस ने शिकायत का फर्जी निस्तारण कर दिया है।

ब्रेन हेमरेज से मुरादाबाद के हेड कांस्टेबिल की मौत

आसफपुर, अमृत विचार : थाना फैजगंज बेहटा की आसफपुर पुलिस चौकी पर तैनात मुरादाबाद निवासी हेड कांस्टेबिल चलती बाइक से नीचे गिर गए। उनकी मौत हो गई। शनिवार को पुलिस परेड ग्राउंड में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ।

एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, एसपी देहात केके सरोज ने शव को कंधा दिया। पुष्प अर्पित किए और हेड कांस्टेबिल के परिवार से संवेदनाएं व्यक्त की। आसफपुर चौकी के हेड कांस्टेबिल भोजराज शर्मा की शुक्रवार की नमाज के चलते क्षेत्र के गांव दूनपुर की एक मस्जिद पर ड्यूटी लगी थी। नमाज के बाद वह बाइक से वापस चौकी लौट रहे थे।

गंगा स्नान को गए दिव्यांग युवक की डूबने से मौत

संवाददाता, उसहैत (बदायूं)

- **शनिवार को उसहैत क्षेत्र के पथरामई गंगा घाट पर हादसा**

अमृत विचार : विजय दशमी पर्व पर स्नान करने के लिए गंगा घाट गया दिव्यांग युवक डूब गया। उसे डूबता देखकर ग्रामीण गंगा में कूदे।

काफी देर के बाद युवक को बाहर निकाला जा सका लेकिन तब तक दिव्यांग युवक की मौत हो चुकी थी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। मौत के बाद परिवार में कोहराम है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। विकास क्षेत्र उसावां क्षेत्र के गांव खेड़ा जलालपुर निवासी दिव्यांग बसंत (40) के एक हाथ में कोहनी के नीचे का हिस्सा नहीं है। शनिवार को वह गंगा स्नान करने के लिए उसहैत के पथरामई गंगा घाट गए थे। स्नान करने के दौरान गंगा में बसंत का पैर फिसल गया। वह गंगा में बह गए और गहराई में चले गए। दिव्यांग युवक को डूबता देखकर गंगा घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ग्रामीणों ने दिव्यांग को बचाने के लिए गंगा में छलांग लगा दी। गंगा में दिव्यांग की तलाश की। सूचना मिलने पर दिव्यांग के परिजन और थाना प्रभारी विवेक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आसपास के गांवों से गोताखोरों को बुलाया। काफी समय के बाद दिव्यांग युवक को गंगा से बाहर निकाला गया। उसकी मौत हो गई थी। मृतक की मां दिल्ली में रहती है। ग्रामीणों ने युवक की मां को सूचना दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

लाइनमैन ने ग्रामीणों को धमकाया शिकायत वापस लेने का दबाव

संवाददाता, दातागंज(बदायूं)

- **लाइनमैन ने नौ लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा, इनमें से सात को छोड़ दिया**

अमृत विचार : म्याऊं क्षेत्र के गांव अंगेसी में बिजली चोरी की चेकिंग करने पहुंचे लाइनमैन ने नौ लोगों को बिजली चोरी में पकड़ा, इनमें से सात को छोड़ दिया। जबकि दो लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की कार्रवाई करते हुए उन्हे धमकाया।

इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने जेई से शिकायत की है। शिकायत करने वालों को लाइनमैन डरा धमका रहे हैं। म्याऊ बिजली घर पर तैनात दो लाइनमैन शनिवार को ग्राम अंगेसी में बिजली चोरी की चेकिंग करने पहुंचे। गांव में नौ ग्रामीणों को बिजली चोरी करते पकड़ा, इनमें से सात को ले देकर छोड दिया, जबकि दो लोगों को बिजली चोरी करने पर उनके खिलाफ कार्यवाही करने की धमकी दी। आरोप है दो लोगों से पैसे नहीं मिल पाने के चलते उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। इस मामले की शिकायत ग्रामीणों ने जेई बाल कृष्ण से की। उसके बाद दोनो लाइनमैन फिर गांव पहुंच गए। शिकायत करने वालों को धमकाया।

शिकायत वापस लेने का दबाव डाला। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त दोनो लाइनमैन ही गांव में बिजली चोरी कराते हैं। पैसे नहीं मिलने पर कार्यवाही की धमकी देते हैं। जेई बालकृष्ण ने कहा कि इस मामले की जांच की जाएगी। यदि बिजली चोरी करते ग्रामीण पकड़े गए हैं तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। लाइनमैन से जवाब मांगा जाएगा।

सैर-सपाटा | पर्यटकों की भीड़ उमड़ने से नगर में बनी जाम की स्थिति

वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार हुई सरोवर नगरी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचारः वीकेंड पर सरोवर नगरी पहुंचे सैलानियों से रौनक बनी रही। पर्यटन स्थल पूरे दिन सैलानियों से गुलजार रहे। शहर में शनिवार को पर्यटकों की आमद बढ़ने से पर्यटन कारोबारी खुश नजर आए।

नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटकों ने शहर के स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, वाटर फॉल, हनुमानगढ़ी व सरिताताल का दीदार किया। पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही इन पर्यटक स्थलों में बनी रही।

मालरोड में भी चहल कदमी करने वाले सैलानियों की भीड़ रही। नौका विहार करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। पर्यटकों की आमद के बाद दिन भर शहर में जाम की स्थिति बनी रही जिससे नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने शाम के समय सूर्यास्त का आनंद उठाने के लिए हनुमानगढ़ी क्षेत्र में काफी संख्या में सैलानी पहुंचे हुए थे। होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि नवरात्रि के बाद तीन दिन की छुट्टियां हैं।

जिसके चलते शहर में पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। तीन दिन तक शहर के अधिकांश बड़े होटल 80 प्रतिशत तक फुल हैं। शहर के साथ साथ पंगोट, मुक्तेश्वर, रामगढ़, भीमताल, सातताल, कैंची धाम व भवाली में भी सैलानियों की भीड़ बढ़ गई है।

पर्यटको ने चिड़िया घर, स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, केव गार्डन में जम कर मस्ती की। साथ ही पर्यटकों ने नैनीताल के मौसम का भी लुत्फ उठाया। विकेंड होने के चलते पर्यटक अधिक संख्या में नैनीताल पहुंचे।

नैनीताल में शनिवार को नौकायन करते पर्यटक। ● अमृत विचार

एक नजर

आदमपुर में जलता रावण का पुतला।

राम के बाण से अंहकारी रावण का हुआ अंत

आदमपुर, अमृत विचार : दशहरा पर बुराई का प्रतीक रावण का पुतला धू-धूकर जला। आदमपुर में स्थित रावण पुतला दहन स्थल पर मेले लगा। राम-रावण युद्ध देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। राम के बाण से रावण के पुतले का दहन हुआ। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, डालचंद सिंह, अरुण सिंघल सुभाष गोयल, धर्मवीर सैनी, हरि प्रकाश राणा, पवन अग्रवाल, देशराज सिंह धीरज सिंह रमेश सैनी आदि मौजूद रहे।

माता रानी के भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

नौगांवा सादात, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव बिलनी में सैनी समाज के लोगों ने माता रानी चामुंडा देवी का विशाल भंडारा किया। नवरात्रों के दिनों में 9 दिन तक चामुंडा देवी पर पूजा अर्चना मां दुर्गा का पाठ का आयोजन किया गया। शनिवार दोपहर पूजा अर्चना करने के बाद विशाल भंडारा किया गया। इसमें भक्तों ने माता रानी का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान परम सिंह सैनी, ओम प्रकाश सिंह, चंद्रपाल सिंह, बलराम सिंह, रोहतास सिंह सैनी, देवेश कुमार सैनी, रघुनाथ सिंह, अर्जुन सिंह, महिपाल सिंह, होराम सिंह सैनी, कुसुम, रीता, रीना, शकुंतला, श्यामो देवी, बबीता, बबली आदि मौजूद रहे।

आज नगर में 6 घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

अमरोहा, अमृत विचार : नगर में बिजली के जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया जाएगा। कार्य में बाधा उत्पन न हो, इसके लिए रविवार को 6 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सुबह 7 बजे से 12 बजे तक बिजली आपूर्ति नहीं दी जाएगी। उपखंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि रविवार को 33 केवी बिजली लाइन के जर्जर तारों को बदलने का काम आरडीएसएस योजना के तहत किया जाएगा। कार्य में बाधा उत्पन न हो, इसके लिए क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को बंद रखा जाएगा। उन्होंने सभी बिजली उपभोक्तओं से अनुरोध किया है कि वे कटौती से पहले घरों के कार्य समय से पूरा कर लें।

अमरोहा में रामलीला मैदान पर मेले में उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

अमरोहा में रावण के पुतले पर तीर चलातीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, साथ में एसपी कुंवर अनुपम सिंह। ● अमृत विचार

मंडी धनौरा में जलता रावण का पुतला।

रावण की नाभि में तीर लगते ही गूंजे जयकारे

रामलीला मैदान पर राम-रावण के बीच युद्ध देखने के लिए उमड़ी भीड़, जला पुतला

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिले भर में शनिवार शाम बुराई के प्रतीक रावण, भाई कुंभकर्ण और बेटे मेघनाद के पुतले नाभि में तीर लगते ही धू-धू कर जल उठे। लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाया। भगवान राम के हाथों रावण का वध होते ही मेलास्थल पर जय श्रीराम के जयकारे गूंजे। डीएम-एसपी ने पुतलों का दहन किया। लोग प्रतीकात्मक रावण की जली हुईं अस्थियों को बला भगाने के लिए घर लेकर लौटे।

श्री धार्मिक रामलीला कमेटी की ओर से विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में मनाया गया। जगदीश सरन हिंदू इंटर कॉलेज के सामने मैदान पर विजयदशमी का पर्व मनाया। शाम ढलते ही मेले में लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। मेले में कलाकारों ने कई पारंपरिक भजनों पर नृत्य किया। इस दौरान आतिशबाजी हुई। रावण के पुलता दहन से पहले मेला समितियों की ओर से मैदान में राम रावण का युद्ध कराया गया। इस दौरान दोनों ओर की सेनाओं में भी भीषण युद्ध हुआ। इस बीच राम ने रावण पर तीर चलाया। इससे रावण रूपी बुराई का हमेशा के लिए अंत हो गया। मेघनाथ के 20 फीट ऊंचे पुतले का दहन एसडीएम सुधीर कुमार व सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने किया। 25 फीट ऊंचे कुंभकर्ण के पुतले का दहन एडीएम बृजेश कुमार त्रिपाठी व एएसपी राजीव कुमार सिंह ने किया। इसके बाद आखिर में रावण के 10 सिर वाले 30 फिट ऊंचे पुतले का दहन भगवान श्री राम एवं डीएम निधि गुप्ता वत्स व एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने किया। उनके साथ पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल भी मौजूद भी रहे। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारियों ने आकर्षक व मनमोहक आतिशबाजी का प्रदर्शन किया।

पुतला दहन होते ही लोग दर्शकदीर्घा से मैदान की ओर दौड़ पड़े। इन्हें रोकने में पुलिसकर्मी भी असमर्थ रहे। लोग जले रावण के पुतले की प्रतीकात्मक अस्थियां अपने-अपने घर ले गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर की नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा शशि जैन ने की। इस दौरान कमेटी के संरक्षक रमेश कालू, रविराज सरन, अजय कुमार, विनोद गुप्ता, करुणेश गोयल, विशाल गोयल, शार्दुल अग्रवाल, कुंवर विनीत अग्रवाल, संजीव सैनी, प्रेम नारायण रघुवंशी, अमित रस्तोगी, संजीव गोयल, डॉ. जीपी सिंह, अजय चतुर्वेदी, अरविंद अग्रवाल, कपिल शर्मा, अनुज शर्मा, राजीव आर्य, सुनील गुप्ता, मनु कमल गुप्ता, मनुज गोयल, संजीव रघुवंशी, मनोज माहेश्वरी, हर्ष महेश्वरी, अरूण सरन, सुमित सरन, अंकित बंसल, अभय आर्य, सुबोध रस्तोगी, दीपक बंसल, रमन रघुवंशी, करण रघुवंशी, कपिल वर्मा, रामगोपाल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

राम-रावण के बीच युद्ध का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

एएसपी ने दशहरा मेले का किया निरीक्षण

अमरोहा, अमृत विचार : अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार एवं सीओ अरुण कुमार ने पुलिस बल के साथ दशहरा मेला स्थल का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया और पुलिस कर्मियों को जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शनिवार को दशहरा मेले लगा। रामलीला स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। अपर पुलिस अधीक्षक एवं सीओ ने रावण दहन स्थल का जायजा लिया। मेला स्थल मार्ग पर वाहनों का संचालन 12 बजे के बाद बंद कर दिया गया। इस मार्ग आने जाने वाले वाहनों को मार्ग बदलकर चलाया गया। उधर नौगांव सादात के पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक यादव ने दशहरा मेला स्थल का निरीक्षण किया। वहां तैनात किए गए पुलिस कर्मियों को जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

अमरोहा में धू-धूकर जलता रावण का पुतला। ● अमृत विचार

मंडी धनौरा में रावण का पुतला जलाने की तैयारी करते विधायक राजीव तरारा व अन्य।

राम बाण लगते ही जले रावण कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : विजयदशमी पर राम-रावण युद्ध के बाद भगवान श्रीराम ने रावण का अंत कर असत्य पर सत्य की जीत का संदेश दिया। सत्य की जीत का प्रतीक विजयदशमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। रामलीला मंचन में रावण वध, कुंभकर्ण, मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया।

दशहरा पर रामलीला मैदान में मेले का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के ग्रामीण उमड़े। मेले में चाट पकौड़ी, झूलों का बच्चों, बड़े ने आनंद लिया। रामलीला मंचन में भगवान राम व रावण के बीच भीषण युद्ध होता है। रावण की नाभि में अमृत होने का खुलासा करते हैं। इस पर भगवान राम बाण से प्रहार कर रावण की नाभि के अमृत को सोख लेते हैं। भगवान राम ने जैसे ही रावण का वध किया तो हर ओर खुशियां छा जाती हैं। भगवान श्रीराम के जयकारों से रामलीला मैदान गूंज उठा। इस दौरान एसडीएम चंद्रकांता, विधायक राजीव तरारा, अजय गोयल, अशोक घरौटिया, रूपक अग्रवाल, अमित गर्ग, नरेंद्र सिंह, राकेश सैनी आदि मौजूद रहे।

रावण का अंत होते ही हुई बुराई पर अच्छाई की जीत

नौगांवा सादात, अमृत विचार : क्षेत्र में शनिवार को विजयदशमी मनाया गया। ग्राम बसेड़ा तगा, बिबड़ा खुर्द, नौगांवा सादात, पीला कुंड, जब्दी और ग्राम गजस्थल में मेलों का आयोजन किया गया। इन सभी स्थानों पर रावण के पुतलो में आग लगाई गई। मेले में बच्चों ने खेल खिलौने, झूले का आनंद लिया। राम रावण का युद्ध हुआ। राम ने रावण को अग्निबाण से मार गिराया और रावण के पुतले में आग लगा दी। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष शिवाल हैदर ने रावण के पुतले को आग लगाकर हिंदू-मुस्लिम एकता का उदाहरण पेश किया। यहां थमन सिंह चौहान, कैलाश यादव, सुरेश सिंह, वीरेंद्र सैनी, परम सिंह सैनी, रवि यादव, संजीव यादव, विमल चौहान आदि मौजूद रहे।

फीता काटकर दशहरा मेला का आरंभ करते पालिका के अध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी।

हसनपुर में धू-धूकर जला रावण।

रावण के पुतले का दहन, जयकारे गूंजे

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : रामलीला में रावण वध का सुंदर मंचन किया गया। अग्निबाण से रावण के पुतले का दहन होते ही लोगों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। जय श्री राम के जयकारों से मंच स्थल गूंज उठा। रावण का वध होते ही बुराई के प्रतीक का अंत हो गया।

नगर में झारखंड महादेव शिवाला के रामलीला मैदान पर मंदिर में चल रही रामलीला में कुंभकर्ण, मेघनाथ के वध के बाद श्री राम एवं रावण के बीच भयंकर युद्ध शुरू हो गया। जैसे ही श्री राम ने रावण के पुतले पर अग्निबाण से प्रहार किया तो वह धू-धूकर जलने लगा। भक्तों ने श्री राम के जयकारे लगाए। मेले में महिलाओं ने मीना बाजार में सामान की खरीदारी की। बच्चों ने खेल खिलौने खरीदे। जलेबी, चाट पकौड़ी का आनंद लिया। इससे पहले नगर पालिका के अध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने रामलीला मंचन एवं दशहरा मेला का फीता काटकर आरंभ किया। इस दौरान विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, इशांत सैनी, पंकज भटनागर, संजय सहदेव, राकेश अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, गिरधारी लाल सैनी, योगेंद्र शर्मा, विनोद भोज, जयप्रकाश सैनी, वेद प्रकाश यादव, प्रशांत शर्मा, लोकेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

विधि-विधान से किया दशहरा पूजन 34 स्थानों पर रावण के पुतल दहन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जिलेभर में शनिवार को विजयदशमी व दशहरा धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने घरों में विधि विधान से दशहरा पूजन कर परिवार में खुशहाली की कामना की। खील बताशों का प्रसाद वितरण किया। शस्त्र पूजन भी किया। शाम को जिले में 34 स्थानों पर रावण के पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे।

शनिवार को दशहरा के चलते सुबह से ही लोगों में उत्साह दिखा। घरों में चहल-पहल रही। बाजार में भी रौनक छाई रही। घरों में विधि विधान से दशहरा पूजन किया। भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का लोगों ने संकल्प लिया। भगवान श्री राम व शस्त्र पूजन भी किया। लोगों ने एक-दूसरे को विजयदशमी की शुभकामनाएं दीं। दोपहर बाद लोग मेला देखने के लिए पहुंचे। शहर में जेएस हिंदू इंटर कॉलेज के सामने स्थित रामलीला मैदान पर दशहरा मेले में भीड़ उमड़ी।

यहां रावण के पुतले का दहन किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। त्योहार के चलते मिठाइयों की जमकर बिक्री हुई। लोगों ने मेले में चांट पकौड़ी का आनंद लिया।

गजरौला में जलता पुतला।

रावण, कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतले जले

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : रेलवे स्टेशन व बस्ती में शनिवार को राम रावण युद्ध के बाद श्रीराम के बाण से रावण का वध हुआ। इस दौरान रावण, कुंभकर्ण, मेघनाद व लंका का प्रतीकात्मक पुतला धू-धू कर जला। मेले में लोगों की भीड़ रही। लोगों ने दुकानों पर खरीदारी की। खेल खिलौनों की दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिली। दोनों ही मेलों में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

बस्ती स्थित स्व. रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क व रेलवे स्टेशन बुध बाजार में रामलीला मंचन का आयोजन हो रहा है। शुक्रवार रात रामलीला में कुंभकर्ण की मृत्यु के बाद दर्शकों ने राम लक्ष्मण के जयकारे लगाए। शनिवार को दशहरा पर राम रावण युद्ध में श्री राम ने अपने बाण से रावण का वध किया। रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतलों को आगे लगाई। बस्ती में दशहरा मेले का उद्घाटन विधायक राजीव तरारा ने किया गया।

उन्होंने कहा कि रामलीला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इस मौके पर रामलीला परिषद के अध्यक्ष रामप्रकाश गर्ग, विपिन कौशिक, डॉ. आशुतोष भूषण शर्मा, सोनू गर्ग, डॉ. निरंजन प्रसाद गर्ग, जर्नादन कौशिक, प्रमोद सिंघल आदि मौजूद रहे। उधर, बुध बाजार स्थित दशहरा मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। युद्ध में रावण को पराजित करने के बाद श्री राम ने उसके पुतले को आग लगा दी। इससे रावण का पुतला धू-धूकर जल उठा। यहां सोनू कश्यप, अकेन्द्र कुमार रस्तोगी, प्रदीप कुमार वर्मा, चंद्र प्रकाश, प्रीतम सिंह, दीपक गुप्ता आदि मौजूद रहे। दोनों स्थानों पर पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

गजरौला में रावण के पुतले पर बाण चलाते राम रूपी कलाकार। ● अमृत विचार

विजयदशमी | विधि-विधान के साथ की पूजा अर्चना, एक-दूसरे को विजयदशमी की बधाई दी

क्षत्रिय समाज के लोगों ने किया शस्त्र पूजन

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : क्षेत्र में शनिवार को विजयदशमी पर क्षत्रिय समाज के लोगों ने शस्त्र पूजन किया। पूजा-अर्चना कर रक्षा का आशीर्वाद मांगा।

क्षेत्र के गांव रझौहा स्थित आईपीएस इंटर कॉलेज में क्षत्रिय समाज की एक बैठक हुई। इसमें क्षत्रिय समाज के लोगों ने एक दूसरे को विजयदशमी की बधाई दी और विधि विधान के साथ शस्त्रों का पूजन किया। किसान नेता काले सिंह ने बताया कि सनातन धर्म में प्राचीन काल से विजयदशमी पर शस्त्रों का पूजन किया जाता है। इस परंपरा को निभाते हुए क्षत्रिय समाज ने पूजन किया। इस मौके पर मास्टर महेंद्र सिंह, लाखन सिंह चौहान, टेकचंद चौहान, रामनिवास चौहान, मास्टर कमलेश सिंह, विजेंद्र एडवोकेट, करतार सिंह, राकेश चौहान, कैप्टन वीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

उधर, विजयदशमी पर नगर में लोगों ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। बहनों ने भाइयों का तिलक किया। दुर्गा पूजन के बाद विजयादशमी को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इससे हर साल अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर मनाया जाता है। विजयदशमी पर भगवान राम और मां दुर्गा की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन मां दुर्गा ने महिषासुर राक्षस का वध किया था और इसी दिन प्रभु श्री राम ने लंका के राजा रावण का भी वध किया था। शनिवार को घरों में विधि विधान से प्रियदर्शनी का पूजन किया गया।

शस्त्रों का पूजन करते क्षत्रिय समाज के लोग। ● अमृत विचार

विजयदशमी पर पूजन करते लोग।

बच्चों ने किया पुतला दहन

सैदनगली, अमृत विचार : नगर पंचायत के मोहल्ला चामुंडा मंदिर व बाजार में लव, प्रभात, कार्तिक, प्रशांत समेत अन्य बच्चों ने विजयदशमी पर रावण का पुतला बनाया और उसका दहन किया। यहां रिवंश वर्मा, अरू वर्मा, नितिन, नवीन, अदित्य, कपिल आदि रहे।

श्री राम जीवन के आधार हैं : आचार्य

संवाददाता, सैदनगली

अमृत विचार : नगर पंचायत क्षेत्र में नवयुवक रामलीला संघ की ओर से आयोजित रामलीला मंचन में बाली के वध का मार्मिक चित्रण किया गया। इसे देखने के लिए क्षेत्र के सैंकड़ों लोग रामलीला मैदान में जुट।

इससे पहले रामलीला मंच पर आचार्य प्रमोद कृष्ण ने कहा कि श्री राम हमारे जीवन के आधार हैं। हमें श्री राम के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए और अपने जीवन में उनकी शिक्षाओं को उतारना चाहिए। श्री राम ने पिता की आज्ञा का पालन कर 14 वर्ष का कठोर वनवास व्यतीत किया। वह हमारे आदर्श हैं। इसके अलावा आचार्य ने भजन, रामायण की चौपाइयां गाकर दर्शकों को तालियां बजाने और साथ में भजन गाने के लिए मजबूर कर दिया। रामायण की चौपाइयां और भजन सुनाकर लोग मंत्र मुग्ध हो गए। इसके बाद रामलीला में श्री राम और सुग्रीव की मित्रता का मंचन किया गया। कलाकारों ने बाली के अवैध कार्यों का मंचन और श्री राम द्वारा उसका वध का मंचन किया। बाद में हनुमान जी, सुग्रीव ने श्री राम और लक्ष्मण की वानरों, भालू की फौज बनवा कर सहायता की। इस दौरान रामलीला के अध्यक्ष डॉ. पुनीत गुप्ता, अतुल गुप्ता, सचिन गुप्ता, अनिल कुमार, अनिकेत, पीयूष वर्मा, अंकुर गुप्ता, राकेश गुप्ता, डॉ. रिचा, डॉ. विधि गुप्ता, हितेश रानी, परिषद शर्मा, दीप गुप्ता आदि रहे। दशहरे का मेला सैदनगली में 16 अक्टूबर को लगेगा। इसमें रावण और मेघनाथ के वध का मंचन किया जाएगा।

आचार्य प्रमोद कृष्णम को मूर्ति भेंट करते नवयुवक रामलीला संघ के पदाधिकारी।

दो बिजली कर्मियों की सेवाएं समाप्त

हसनपुर, अमृत विचार : फूलपुर बीझलपुर गांव में युवक को पीटने के मामले में कोतवाली पुलिस ने विद्युत निगम के 2 कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। विद्युत निगम ने दोनों बिजली कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर बीझलपुर निवासी बंटी पुत्र टीकम गुरुवार की रात गजरौला मार्ग पर स्थित बिजली घर पर आपूर्ति कटौती की शिकायत कर8ने गया था। इस दौरान बिजली घर पर तैनात बिजली कर्मचारियों ने युवक को बिजली घर में बंद कर मारापीटा था। इस घटना का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद बंटी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। इस पर पुलिस ने विद्युत संविदा कर्मचारी नरेश उर्फ धारा व प्रवीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। विद्युत निगम के एसडीओ प्रभव गौड़ ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर लाइन नरेश उर्फ धारा और प्रवीन की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।

एक नजर

बाइक सवार युवक 2 गैस सिलेंडर लेकर फरार

हसनपुर, अमृत विचार : नगर में गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी करने आए युवक के रिक्शा से बाइक सवार दो लोगों ने दो गैस सिलेंडर उतार लिए और लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला होली वाला निवासी भोला उर्फ विवेक शनिवार सुबह 10 बजे नगर के मोहल्ला लालबाग में गैस सिलेंडर की डिलीवरी करने के लिए गया था। इस दौरान बाइक सवार दो युवक उनके रिक्शे से दो गैस सिलेंडर उतार कर फरार हो गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी।

मेले में शिविर लगने के लिए तैयार की रूपरेखा

हसनपुर, अमृत विचार : दिनेश गौतम गैस एजेंसी के आवास पर शुक्रवार रात बैठक में पूठ गंगा मेले में लगने वाले शिविर को लेकर जाटव सभा के पदाधिकारियों ने रूपरेखा तैयारी की। मास्टर विनोद कुमार सागर व उनकी धर्मपत्नी रजनी देवी ने कलम भेंट कर सभी का उत्साह बढ़ाया। सभी ने मिलकर एकजुट रहने और बाबा साहब के विचारों पर चलने का निर्णय लिया। इस दौरान मास्टर रामवीर सिंह, दिनेश गौतम, मास्टर सोम सिंह, अजब सिंह एडवोकेट, लता सागर, संजय सहदेव, रवि जाटव, मुकेश उर्फ मुखिया, विजय गौतम, अंकुर सेठी, मोनू जिद्दी, लवी सागर, सुखपाल सिंह, मोनू सागर आदि मौजूद रहे।

सपा के जिला सचिव बनाए गए आलेमीन

अमरोहा, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के अनुमोदन पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सदर विधायक महबूब अली के कार्यालय पर कार्यकर्ताओ को पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। विधायक ने अलेमीन सैफी को जिला सचिव और वहाब सैफी को नगर अध्यक्ष बनाया। आमिर, आफताब सैफी को नगर अध्यक्ष लोहिया वाहिनी नियुक्त किया गया है। शनिवार को सदर विधायक महबूब अली के कार्यालय पर सपा की एक बैठक हुई। इसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री ने तीनों ही पदाधिकारी को संगठन को मजबूत करने और पार्टी के हित में जिम्मेदारी के साथ कार्य करने को कहा है। इसके बाद तीनों का स्वागत किया। उन्होंने विधायक को ईमानदारी से कार्य करने का भरोसा दिया है।

अलीगढ़ मार्ग पर खंदक में पलटा ट्रक

संवाददाता,मुबारिजपुर/आदमपुर

अमृत विचार : आदमपुर मोड़ के पास अलीगढ़ मार्ग पर छुट्टा पशु से बचाने के प्रयास में फलों से भरा ट्रक खंदक में पलट गया। हादसे नें चालक चोटिल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चालक ने बताया कि ट्रक ओडिशा से दिल्ली जा रहा था। जैसे ही अलीगढ़ मार्ग पर आदमपुर मोड़ के निकट पहुंचा तो छुट्टा पशु के बचने के प्रयास में ट्रक खंदक में पलट गया। फल मालिक ने बताया कि उसका अधिक नुकसान हुआ है।

वाहन से टकराई कार, चालक घायल: हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव बावनखेड़ी निवासी हबीब अपनी कार से शुक्रवार रात गाजियाबाद से घर लौट रहे थे। जैसी ही उनकी कार हसनपुर गजरौला मार्ग पर कोल्ड स्टोर के पास पहुंची तो आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई। इससे कार चालक घायल हो गया। कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने परिजनों को मामले की सूचना दी तो वे मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने घायल को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख मेरठ रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। कार को कब्जे में लिया गया है। अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

खंदक में पलटा पड़ा ट्रक। ● अमृत विचार

क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

वैश्विक काव्य तरंगिनी कार्यक्रम में कवियों ने रचनाएं सुनाकर लूटी वाहवाही

कविताएं समाज को बनाती हैं भावपूर्ण : डॉ. राजीव

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : वातायन यूरोप व मधुरम भारत के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वैश्विक काव्य तरंगिनी कार्यक्रम में रचनाकारों ने अपने काव्य पाठ से सबको मंत्र-मुग्ध कर दिया। कवियों व कवियित्रियों की रचनाओं को खूब वाहवाही मिली। कार्यक्रम में काव्यगत व साहित्यिक गतिविधियों के बढ़ावे के लिए विचार विमर्श किया गया।

शहर के हाइवे स्थित भजन ढाबा पर आयोजित कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन करके किया गया। अध्यक्षता रहीं कवयित्री ममता कालिया व विशिष्ट अतिथि डॉ. लक्ष्मीशंकर बाजपेयी समेत प्रो. जितेन्द्र श्रीवास्वत, डॉ. ओम निश्चल, अनिल शर्मा जोशी, अलका सिन्हा, डॉ. इला कुमार, ममता किरण, सुनीता पाहूजा ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम की संयोजक दिव्या माथुर व मधुरम की अध्यक्ष डॉ. मधु चतुर्वेदी ने भी अपने काव्य पाठ से सबको भाव विभोर कर दिया। घंटों तक चले इस कार्यक्रम में मधुरम के संरक्षक व श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने भी अपना काव्य पाठ किया।ॅ

उन्होंने कहा कि साहित्य ही समाज को सही दिशा देने में सक्षम है। कविताएं हमारे समाज को न केवल भावपूर्ण बनाती हैं, बल्कि वे एक दिशा भी देती हैं। हमारे देश के साहित्यकारों ने एक से बढ़कर एक साहित्यिक निधि हमारे के लिए प्रदान की है, ताकि हम उन शब्दों में जीवन की आशाओं को अनुभूत करें और आगे बढ़ें।

उन्होंने कहा कि यह सच है कि आजकल साहित्य का स्तर कमावेश कुछ गिरा भी है। मगर, अच्छे साहित्यकारों, अच्छे शब्दों और अच्छे गद्य और पद्य का समाज में हमेशा की सर्वोच्च स्थान रहा है।

काव्य तरंगिनी कार्यक्रम में शामिल कवि और कवयित्री। ● अमृत विचार

चर्चा

- काव्यगत और साहित्यिक गतिविधियों के बढ़ावे के लिए किया गया विचार विमर्श

ग्रामीणों ने रुकवाया सड़क निर्माण

ठेकेदार ने प्रधान के पति पर लगाया सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप

संवाददाता, बुरावली

अमृत विचार : बुरावली-उझारी को जोड़ने वाली 3 किलोमीटर लंबी सड़क वर्षों से जर्जर थी। शनिवार को गांव बुरावली में मुख्य बस स्टैंड पर सड़क साढ़े तीन मीटर बढ़ाई जा रही थी। जैसे ही कब्रिस्तान के पास सड़क डाली जा रही थी। तभी ग्राम प्रधान पति के जफर जुरीद और ग्रामीणों ने इसका विरोध कर निर्माण कार्य रुकवा दिया। कब्रिस्तान की भूमि पर सड़क डालने के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। बताया कि सड़क कब्रिस्तान की ओर एक मीटर बढ़ाकर डाली जा रही है। जबकि कब्रिस्तान को बचाकर आबादी की ओर बढ़ाकर डाली जानी चाहिए।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण का कार्य एक माह पहले शुरू हुआ था। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने फीता काटकर सड़क का शिलान्यास किया था। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क 7 मीटर चौड़ी बनाई जा रही है। इसके 16 करेड़ की धनराशि स्वीकृत हुई थी। यह मार्ग गांव बुरावली में हसनपुर-अलीगढ़ स्टेट हाईवे से फतेहपुर खादर, सोंहत, तरारा और उझारी के पास से गुजर रहे गंगा एक्सप्रेसवे के अंडरपास से होते हुए हसनपुर-संभल स्टेट हाईवे को उझारी से जोड़ता है। इस मार्ग पर चौधरी गयासुद्दीन महाविद्यालय, आश्रम पद्धति विद्यालय, जहूर आईटीआई कॉलेज समेत कई और विद्यालय भी स्थित हैं। रोजाना राहगीर, छात्र-छात्राओं का इस मार्ग पर आवागमन रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि नियमानुसार कार्य किया जाए। दोनों ओर से 3-3 मीटर सड़क बढ़ाकर डाली जाए। इस दौरान ग्राम प्रधान पति व प्रधान पक्ष के ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया और सड़क निर्माण रुकवा दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्राम प्रधान के पति व लोगों को शांत कराया। सड़क कार्य निर्माण सुचारू कराया। उधर, ठेकेदार अकरम अली ने प्रधान के पति के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। इसमें बताया कि उझारी-बुरावली रोड पर चौड़ीकरण का कार्य निर्माण कार्य चल रहा है। प्रधान व प्रधान के पक्ष के लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डालकर सड़क निर्माण कार्य रुकवा दिया। मजदूर व मुंशी से अभद्रता की। ठेकेदार ने आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उधर, प्रधान के पति जफर जुरीद का कहना है कि नियमानुसार सड़क निर्माण कराया जाए।

कब्रिस्तान के पास सड़क चौड़ीकरण का विरोध करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

कुमराला पुलिस चौकी से चंद कदम दूर चल रहा देह व्यापार, वीडियो वायरल

गजरौला, अमृत विचार : औद्योगिक नगरी की कुमराला पुलिस चौकी से चंद कदम दूर एक गेस्ट हाउस में देह व्यापार चल रहा है। शनिवार को सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें गेस्ट हाउस संचालक पुलिस से हमसाज होने की बात कहता सुना जा सकता है। वीडियो वायरल होने पर पुलिस के पास तक यह मामला पहुंच गया है।

बताया जा रहा है कि गजरौला में कई स्थानों पर देह व्यापार चल रहा है। इसमें हाईवे के किनारे एक घर के अलावा कुमराला चौकी से चंद कदम की दूरी पर संचालित गेस्ट हाउस में भी देह व्यापार चल रहा है। इसका एक वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में कमरे में कई युवतियां बिस्तर पर लेटी हुईं हैं। गेस्ट हाउस संचालक से पुलिस की सेटिंग से देह व्यापार होने की बात कह रहा है। तीन माह एसडीएम व सीओ ने छापेमारी कर गजरौला में संचालित कई गेस्ट हाउस को बंद कराया था। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

फड़ वालों को चेतावनी देते ईओ डॉ. बृजेश सिंह ● अमृत विचार

नगर में ईओ ने अतिक्रमण करने वालों को दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार के नेतृत्व में पालिका की टीम ने नगर के मुख्य बाजार में नाले, नाली व मार्ग के किनारे अतिक्रमण करने वाले लोगों को चेतावनी दी। अतिक्रमण नहीं हटाया तो कार्रवाई होगी।

ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि पालिका प्रशासन की ओर से समय समय पर अभियान चलाकर नगर में स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया जाता है। लेकिन कुछ क्षेत्रों में लोगों द्वारा पुनः अस्थायी अतिक्रमण कर लिया जाता है। इनमें फल, सब्जी, चाट-पकौड़ी के ठेले वाले, फड, स्टाल वाले शामिल हैं। व्यापारी संगठनों से हुई वार्ता में सहमति बनी थी कि नगर के मार्गों व शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त बनाने, नगर में अभियान चलाया जाएगा। सरकारी नाले, नाली, सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले को हटाकर पालिका द्वारा चयनित वेंडिंग जोन में स्थापित कराया जाएगा। शनिवार को पालिका की टीम ने फड़ लगाने वालों से अतिक्रमण न करने के लिए कहा। साथ ही उनसे पालिका द्वारा चयनित किए गए वेंडिंग जोन में ठेले आदि लगाने का आह्वान किया।

साइबर ठगों ने एक लाख रुपये ठगने का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- ठग बोले- दिल्ली सदर थाने के इंस्पेक्टर बोल रहे हैं, आपका बेटा पकड़ा गया है, एक लाख दो

अमृत विचार : साइबर ठगों ने पाकिस्तान के कंट्री कोड वाले नंबर से कॉल कर एक लाख रुपये ठगने का प्रयास किया। ठगों ने कहा कि वे दिल्ली के सदर थाने के इंस्पेक्टर बोल रहे हैं। आपका बेटा पकड़ा गया है, अगर इसे छुड़ाना है तो वह एक लाख रुपये लेकर थाने आ जाए।

यह मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र का है। मोहल्ले प्रजापति नगर में बलराज सिंह का परिवार रहता है। शुक्रवार दोपहर बाद वह घर पर ही थे। तभी उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई थी। पाकिस्तान के कंट्री कोड का नंबर देखकर वह घबरा गया। हालांकि उन्होंने कॉल को रिसीव कर लिया।

आरोप है कि कॉल करने वाले ने उनसे कहा कि वह दिल्ली के सदर थाने के इंस्पेक्टर बोल रहे हैं, उनका बेटा एक मामले में पकड़ा गया है, अगर उसे छुड़ाना हैं तो एक लाख रुपये लेकर थाने आ जाए। जबकि उस वक्त बलराज सिंह का बेटा विपिन कुमार घर में ही मौजूद था। यह बात सुनकर वह साइबर ठगों की साजिश को भाप गए और इसकी जानकारी अमरोहा देहात थाना पुलिस को दी। बलराज सिंह ने थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि इस मामले में जांच की जा रही है।

चैंपियनशिप में शामिल प्रतीक अनमोल।

राष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग में प्रतीक का हुआ चयन

उझारी/सैदनगली, अमृत विचार : नगर निवासी मनोज गुप्ता के बेटे प्रतीक अनमोल ने प्रदेश स्तरीय 10 मीटर की पिस्टल शटिंग चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए उसका चयन हुआ है। प्रतीक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय ने बताया कि 10 अक्टूबर को पिलखुवा में हुई 24 वीं यूपी स्टेट इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप की 10 मीटर पिस्टल शटिंग में प्रतीक अनमोल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। वह क्षेत्र के गांव भटपुरा में प्रशिक्षक नरेंद्र कुमार की देखरेख में शूटिंग का प्रशिक्षण ले रहा है।

सलेमपुर गोसाईं गांव में शोभायात्रा निकालते लोग। ● अमृत विचार

सलेमपुर में निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं में मां भगवती की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें शामिल झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। कलाकारों का नृत्य व अभिनय देखकर लोगों ने प्रशंसा की। क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं में स्थित चामुंडा मंदिर परिसर से शनिवार को आरंभ हुई शोभायात्रा का आरंभ ग्राम प्रधान ओमकार सैनी व जयदेव नगर ने किया। मां भगवती के रथ की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में मां काली, भगवान शंकर, राधा कृष्ण की झांकी भी शामिल रही। शोभायात्रा चामुंडा मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे गांव में धूमकर वापस हनुमान मंदिर पर आकर संपन्न हुई। इस दौरान विरेन्द्र पाल सिंह, संजीव कुमार, दिवेश कुमार, सचिन कुमार, नितिन कुमार, भरत सिंह, अजय सक्सेना, अमर सक्सेना, कपिल रहे।

गंगा नदी में केमिकल से सैकड़ों मछलियों और पक्षियों की मौत

संवाददाता, हसनपुर

- धौरिया के प्रधान और ग्रामीणों ने की पुलिस से शिकायत

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव धौरिया एतमाली में मछुआरों ने गंगा में केमिकल डाल दिया। इससे सैंकड़ों मछलियां और पक्षी मर गए। सुबह ग्रामीणों ने गंगा में मृत मछलियां और पक्षी पानी पर उतराते देखे। इसके बाद ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की।

यह घटना गांव धौरिया एतमाली में गंगा बांध के पास गंगा नदी की है। जहां शनिवार सुबह गंगा के पानी पर सैंकड़ों मृत मछलियां और पक्षी उतरा रहे थे। ग्राम प्रधान गोपाल, अचल सिंह, राजू जाटव, छज्जन, पूरन सिंह ने बताया कि सुबह जब ग्रामीण उधर से गुजरे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना के बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की।

ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि यहां मछुआरे मछली पकड़ने के लिए आते है। उन्हीं मछुआरों ने यहां गंगा के पानी में जहरीला केमिकल डाला है। इसकी वजह से सैंकड़ों मछलियां मर गई हैं। मृत पक्षियों में बगुले और अन्य पक्षी शामिल बताए जा रहे हैं।

महाराजा अग्रसेन के जयंती समारोह में होंगे भव्य कार्यक्रम

हसनपुर, अमृत विचार : महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह को भव्य रूप से मनाने के लिए अग्र बंधु तैयारी में जुटे हैं। अग्रवाल सभा की ओर से 15 एवं 16 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन की जयंती पर समारोह होगा।

श्री श्री 1008 महाराजाधिराज अग्रसेन का जयंती समारोह अग्रवाल सभा की ओर से मनाया जाएगा। युवा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुमित अग्रवाल ने बताया कि 15 अक्टूबर की सुबह अग्रवाल धर्मशाला से प्रभात फेरी आरंभ किया जाएगा। इसके बाद धर्मशाला पर ध्वजारोहण, यज्ञ, प्रसाद वितरण एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। नगर के बाईपास मार्ग स्थित मैथिली गार्डन में शाम 6 बजे संस्कृतिक कार्यक्रम व सह भोज होगा।

पुण्यतिथि सपा विधायक और कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि, कहा- समाज में बुराई के खिलाफ थे डॉ. राममनोहर

डॉ. राममनोहर लोहिया ने मजदूरों के लिए किया संघर्ष

संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

अमृत विचार : पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सदर विधायक महबूब अली के कैंप कार्यालय पर डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उन्हें श्रद्धांजलि भी दी।

सदर विधायक ने डॉ. राम प्रकाश लोहिया के चित्र पर फूल माला चढ़कर उनको श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन पर प्रकाश डाला। सपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि डॉ. लोहिया शिक्षा काल से ही देश की राजनीति में सक्रिय हो गए थे। उनका जीवन दलित, मजदूरों के लिए संघर्ष करते हुए बीता। इस मौके पर पूर्व एमएलसी परवेज अली, इकरार अंसारी, जुबेर सैफी, नासिर सिद्दीकी, नसीम खान, साजिद अली, रोमी सरताज मेंबर आदि उपस्थित रहे। उधर, गजरौला में सपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सपा नेता राहुल कौशिक के आवास अवंतिका पर जिला कोषाध्यक्ष विपिन कौशिक ने कहा कि डॉ. लोहिया ने महात्मा गांधी के साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में सहभागिता की थी। समाज में व्याप्त बुराई, गैर बराबरी के खिलाफ वह खुलकर लड़े। धर्म, जाति, भाषा, अमीरी, गरीबी, नर, नारी, रंग एवं क्षेत्र के आधार पर भेदभाव का विरोध किया। उनकी ही नीतियों पर चलकर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने देश-प्रदेश के विकास में अपना योगदान दिया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र यादव, जितांबर सिंह यादव, आलोक भारती, सचिन यादव, कामिल मंसूरी, इश्तियाक मलिक, शाहिद सैफी, खलील सैफी, सुनील यादव आदि रहे।

चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक महबूब अली व पूर्व एमएलसी परवेज अली।

गजरौला में डॉ. राम मनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा कार्यकर्ता।

सूचना

पहले मेरा नाम अस मौहम्मद / AS MOHAMMAD था जो कि ग़लत है। मेरा सही नाम आस मौ. / AAS MOHD. पुत्र आशक अली निवासी सीकरी खादर, भविष्य में मुझे इसी नाम पते से जाना पहचाना जाए।

H.M.M.P.G. College
(Code-638)
ऊमरी चौराहा (मुरादाबाद)
सम्बद्ध-एम.जे.पी.रू.वि.वि.बरेली

आवश्यकता

- एम.कॉम. :- 3 पद
  योग्यता :- नेट/पी.एच.डी.
- एम.ए. हिन्दी :-2 पद
  योग्यता :- नेट/पी.एच.डी.
- एम.ए. शिक्षा शास्त्र :-2 पद
  योग्यता :- नेट/पी.एच.डी.
- बी.एस.सी. गृह विज्ञान :- 3 पद
  योग्यता :- नेट/पी.एच.डी.
- कम्प्यूटर :- 2 पद
- क्लर्क :- 3 पद

प्रबन्धक - डॉ. सलीम अहमद
मो. 9719553393

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

कोर्स
- डी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- बी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM

प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश

सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (9210550404)
E-mail: rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

कोर्स
- डिप्लोमा इन एक्स रे टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन एमआरआई टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- डिप्लोमा इन एमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
- सर्टिफिकेट इन सैनिटेशन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM

प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश

सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (9210550404)
E-mail: bareillyrcps@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने भी किया गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा का स्वागत

योगी की अगुवाई में गोरखनाथ मंदिर से निकली विजयादशमी शोभायात्रा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: धर्म, सत्य और न्याय की विजय प्रतिष्ठा के पावन महापर्व विजयादशमी के अवसर पर शनिवार शाम गोरखनाथ मंदिर से निकली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा में आस्था के रथ पर सवार गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरे रास्ते श्रद्धा और समरसता के फूल बरसते रहे। उमंग, उल्लास व उत्साह की लहरों के बीच शोभायात्रा का रास्तेभर हुआ जोरदार अभिनंदन सामाजिक समरसता के ताने बाने को मजबूत करता रहा।

गोरक्षपीठाधीश्वर के नेतृत्व वाली इस पारंपरिक शोभायात्रा का अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी जबरदस्त उत्साह से भावपूर्ण स्वागत किया। फूलों से सजे नए रथ पर गोरखनाथ मंदिर के महंत के पारंपरिक परिधान में शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे गोरक्षपीठाधीश्वर का बुनकर (मुस्लिम) और सिंधी समाज के साथ ही सर्वसमाज के लोगों ने अभिनंदन किया। पीठाधीश्वर योगी ने उन्हें आशीर्वाद दिया, मंगलमय जीवन की कामना की और नौ दिन तक चले नवरात्र अनुष्ठान का प्रसाद दिया।

नाथ संप्रदाय की विश्व प्रसिद्ध गोरक्षपीठ के कई अनुष्ठान अद्भुत और विहंगम, अद्भुत हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख अनुष्ठान है विजयादशमी की शोभायात्रा। शनिवार को इस पावन पर्व पर शाम करीब चार बजे से गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गुरु गोरखनाथ का पूजन कर और

गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर में विजयादशमी पर श्री गोरखनाथ मंदिर के तत्वावधान में आयोजित भव्य विजय शोभायात्रा में भाग लेते हुए।

उनका आशीर्वाद लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ इस साल निर्मित नए रथ पर सवार हुए। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे।

नाथपंथ के विशेष वाद्ययंत्र नागफनी, तुरही, नगाड़े, काशी से आए डमरू दल, ढोल व बैंड बाजे की धुन और हनुमान दल के बालकों के हैरतंगेज करतब के बीच शोभायात्रा आगे बढ़ी। जगह-जगह स्वागत में कलाकारों के विविध लोक नृत्य समूची भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। पूरे रास्ते दोनों किनारे पर श्रद्धा से भाव विभोर लोग गोरक्षपीठाधीश्वर की एक झलक पाने को आतुर नजर आ रहे थे।

उर्दू अकादमी के निवर्तमान चेयरमैन चौधरी कैफुलवरा ने बुनकर समाज की तरफ से गोरक्षपीठाधीश्वर को फूल माला तथा केसरिया अंगवस्त्र देकर उनका अभिनंदन किया। कैफुलवरा के साथ चौधरी रुकनुद्दीन, चौधरी रज़ीउद्दीन, चौधरी ज़ैद, चौधरी हाफ़िज़, अयाज़ अहमद, चौधरी अनस, नफीस आदि ने गोक्षपीठाधीश्वर का अभिनंदन किया। इस दौरान रास्ते के दोनों तरफ बने मकानों पर बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं व बच्चे अपने स्मार्ट फोन में योगी की तस्वीर खींचते रहे। चौधरी कैफुलवरा ने बताया कि उनका परिवार पीढ़ियों से गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा का स्वागत करता है। बुनकर वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन अजीजुलहई के नेतृत्व में भी गोरक्षपीठाधीश्वर का अभिनंदन किया गया।

शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर पहुंची। यहां गोरक्षपीठाधीश्वर ने गोरक्षपीठ से जुड़े मानसरोवर मंदिर पर देवाधिदेव महादेव व अन्य देव विग्रहों की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। महादेव का अभिषेक भी किया। मानसरोवर मंदिर में पूजन के उपरांत योगी की शोभायात्रा मानसरोवर रामलीला मैदान में पहुंची। यहां चल रही रामलीला में उन्होंने प श्रीराम का राजतिलक किया। इसके साथ ही श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण व हनुमानजी का पूजन कर आरती भी उतारी।

पति यौन इच्छा पत्नी से व्यक्त नहीं करेगा तो कहां जाएगा

हाईकोर्ट ने दहेज के आरोपों को निराधार बताते हुए याचिका खारिज की

प्रयागराज, एजेंसी

अमृत विचार : इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति के खिलाफ दहेज के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि ये आरोप निराधार हैं और व्यक्तिगत विवादों से प्रेरित हैं। अदालत ने इस मामले में कहा कि नैतिक रूप से सभ्य समाज में व्यक्ति यौन इच्छा अपनी पत्नी से व्यक्त नहीं करेगा तो कहां जाएगा।

न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता ने प्रांजल शर्मा और दो अन्य के खिलाफ इस मामले को खारिज करते हुए कहा कि प्राथमिकी में प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों के बयान, दहेज के लिए उत्पीड़न के दावों का समर्थन नहीं करते। अदालत ने पाया कि प्राथमिक आरोप, दंपति के यौन संबंध से जुड़ी असहमतियों के आसपास केंद्रित हैं और ये विवाद दहेज की मांग से जुड़े नहीं हैं। अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट है कि पक्षों के बीच यह विवाद यौन संबंध स्थापित नहीं होने को लेकर है जिसकी वजह से विपक्षी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई

और दहेज की मांग को लेकर झूठे एवं मनगढ़ंत आरोप लगाए गए। अदालत ने प्रश्न किया कि नैतिक रूप से सभ्य समाज में व्यक्ति यौन इच्छा अपनी पत्नी से या पत्नी अपनी यौन इच्छा पति से व्यक्त नहीं करेगी तो वे कहां जाएंगे। प्राथमिकी में प्रांजल शुक्ला पर दहेज की मांग करने और पत्नी से गाली गलौज करने के साथ ही उसे अश्लील फिल्में देखने और अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया गया हैं।

अदालत ने कहा कि विश्वसनीय साक्ष्य से ये आरोप साबित नहीं हुए। इस मामले के तथ्यों के मुताबिक, मीशा शुक्ला का विवाह आवेदक प्रांजल शुक्ला के साथ हिंदू रीति रिवाज से सात दिसंबर, 2015 को हुआ था। मीशा ने अपने सास-ससुर मधु शर्मा और पुण्य शील शर्मा पर दहेज मांगने का आरोप लगाया। हालांकि, प्राथमिकी में यह भी स्पष्ट किया गया कि शादी से पहले दहेज की कोई मांग नहीं थी।

याचिकाकर्ता के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता विनय शरण ने कहा कि प्राथमिकी में लगाए गए आरोप और विपक्षी के बयान शारीरिक संबंध को लेकर हैं और विपक्षी (पत्नी) द्वारा बयान में मारपीट को लेकर जो आरोप लगाए गए हैं वे याचिकाकर्ता की यौन इच्छा पूरी नहीं करने के संबंध में हैं न कि दहेज की मांग के लिए। अदालत ने कहा कि प्राथमिकी और पीड़िता के बयान पर गौर करने से साफ है कि यदि कोई मारपीट की गई तो वह दहेज की मांग के लिए नहीं, बल्कि यौन इच्छा पूरी करने से मना करने के लिए की गई। अदालत ने तीन अक्टूबर को दिए अपने आदेश में शुक्ला के खिलाफ मामले को रद कर दिया। अदालत ने कहा कि हमारे विचार से मौजूदा प्राथमिकी कुछ और नहीं बल्कि दहेज की मांग को लेकर मनगढ़ंत कहानी है।

महाकुंभ में सड़क मार्ग से प्रयागराज तक होगी सुगम यात्रा

लखनऊ, अमृत विचार: महाकुंभ 2025 के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के देशभर से प्रयागराज पहुंचने की उम्मीद है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने 7 प्रमुख मार्ग चिह्नित किए हैं। इन मार्गों पर यातायात के सुगम प्रवाह के लिए विशेष योजनाएं बनाई जा रही हैं, ताकि श्रद्धालु बिना किसी अवरोध के कुंभ नगरी तक पहुंच सकें। जिन 7 प्रमुख मार्गों को चिन्हित किया गया है उसमें जौनपुर मार्ग से 21%, वाराणसी मार्ग से 16%, मिर्जापुर मार्ग से 12%, रीवां मार्ग से 18%, कानपुर मार्ग से 14%, लखनऊ मार्ग से 10% और अयोध्या-प्रतापगढ़ मार्ग से 9% श्रद्धालुओं के आवागमन की संभावना है। इन सात मार्गों को केंद्र में रखकर सरकार ने यातायात के लिए अलग-अलग योजनाएं बनाई हैं।

सामूहिक बलात्कार का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद, एजेंसी: जिले के ट्रोनिका सिटी थाना इलाक़े में एक नाबालिग किशोरी के साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार मामले में पुलिस ने शनिवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दो नाबालिग आरोपियों को भी हिरासत में ले लिया गया है।

लोनी क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सूर्यबली मौर्य ने शनिवार को बताया कि मामले के मुख्य आरोपी चांद को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले का चौथा आरोपी फ़रार हो गया है, जिसे पुलिस तलाश कर रही है। एसीपी ने घटना के संदर्भ में बताया कि 16 साल की एक नाबालिग लड़की के साथ उसके बॉय फ्रेंड और तीन अन्य आरोपियों ने नसामूहिक बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पीड़ित किशोरी ने ट्रॉनिका सिटी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि वह सादिकपुर निवासी चांद नामक युवक को पिछले डेढ़ साल से जानती थी। चांद ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। एसीपी मौर्य ने बताया कि गत सात अक्टूबर को पीड़िता को चांद ने अपने दोस्त के कार्यालय में बुलाया, जहां चांद ने उसके साथ बलात्कार किया, उसके अलावा तीन अन्य लोगों ने भी बारी-बारी से पीड़िता के साथ बलात्कार किया। आरोपियों ने उसे धमकी दी कि अगर वह अपने यौन शोषण के बारे में किसी के सामने खुलासा करेगी तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पीड़िता ने हिम्मत जुटाई और 10 अक्टूबर को ट्रोनिका सिटी पुलिस थाना पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की थी।

युवक की मौत के मामले में सरकार पुलिस पर करें सख्त कार्रवाई, पीड़ित परिवार की करें मदद: माया

लखनऊ, अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि अंबेडकर पार्क घूमने आए अनुसूचित वर्ग के युवक की मौत की घटना अति दुखद है। उन्होंने दोषी पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करने व पीड़ित परिवार की मदद करने की मांग की। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिए उन्होंने कहा कि मोहल्ला गंजरहा पुरवा रहने युवक की पुलिस बर्बरता से मौत हुई। इससे लोगों में रोष व्याप्त है।

10 साल की बेटी को लटकाकर पीटने के आरोप में पिता गिरफ्तार

ललितपुर, एजेंसी

- पिता ने बच्ची के पैर रस्सी से बांधकर उल्टा लटकाया
- किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला था

जिले में बान थाना क्षेत्र स्थित धमना गांव में 10 साल की लड़की को रस्सी से बांधकर उल्टा लटकाकर पिटाई करने वाले आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार किया। बान थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राजा दिनेश सिंह ने बताया कि धमना गांव में 10 साल की बच्ची के पैर रस्सी से बांधने और उल्टा लटकाकर पिटाई करने की घटना सात अक्टूबर की है। उन्होंने बताया कि किसी ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया था, जिसका संज्ञान लिया गया। उन्होंने बताया कि थाने में तैनात उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी पिता गोविंद दास रायकवार (45) को गिरफ्तार किया गया।

सिंह के अनुसार, आरोपी पिता को शुक्रवार को संबंधित अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में रायकवार ने बताया कि मामूली सी बात न मानने पर उसने बेटी के साथ मारपीट की थी। यह पूरी तरह से अमानवीय है।

अखिलेश ने डॉ. राममनोहर लोहिया की 57वीं पुण्यतिथि पर कहा

समाजवादी व्यवस्था से ही गरीबी मिटेगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को डॉ. राममनोहर लोहिया की 57वीं पुण्यतिथि पर उनको नमन करते हुए कहा है कि हम उनके सपनों का समाजवादी भारत बनाने का सपना पूरा करने का संकल्प लेते है। डॉ. राममनोहर लोहिन ने देश में हर तरह से भेदभाव के खात्में, और जाति तोड़ने का आव्हान किया था। हर स्तर पर हो रहे भेदभाव का विरोध किया था। समाजवादी व्यवस्था से ही गरीबी मिटेगी। पढ़ाई में भेदभाव मिटेगा।

उन्होंने कहा, डॉ. लोहिया की दाम बांधो नीति से ही महंगाई, गरीबी दूर होगी। लोहिया ने सप्तक्रांति के माध्यम से समाज में खुशहाली का

डॉ. राममनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते अखिलेश यादव।

रास्ता दिखाया था। अखिलेश ने यहां गोमती नगर स्थित लोहिया पार्क में पहुंचकर समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद एकत्र हजारों कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनसमुदाय को सम्बोधित कर रहे थे। पुण्यतिथि पर राजधानी लखनऊ में मुख्य कार्यक्रम लोहिया पार्क में हुआ। लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, गोमती नगर में विधायक रविदास मेहरोत्रा ने डॉ. लोहिया की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। प्रदेश के विभिन्न जनपदों और अन्य प्रदेशों में भी समाजवादी पार्टी के कार्यालयों में डॉ. राममनोहर लोहिया को श्रद्धांजलि दी गई।

सार-संक्षेप

अखाड़ा परिषद ने निर्मोही, अनी अखाड़ा के बहिष्कार का लिया निर्णय, जल्द बुलाई जाएगी बैठक

प्रयागराज, अमृत विचार : अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने निर्मोही अनी अखाड़ा के अध्यक्ष श्रीमहंत राजेंद्र दास के बहिष्कार का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अगर निर्मोही अखाड़ा उनके साथ रहेगा तो उसका भी बहिष्कार किया जाएगा। यही नहीं, इनके समर्थन में जितने अखाड़े खड़े रहेंगे, उनका भी बहिष्कार होगा। अखाड़ा परिषद से जुड़े अखाड़े उन्हें अपने किसी कार्यक्रम में नहीं बुलाएंगे, न उनके कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह निर्णय राजेंद्र दास दद्वारा वीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई 13 अखाड़ों की बैठक में अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्षों को लेकर अपशब्द कहने पर लिया गया है। इसका प्रस्ताव पारित करने के लिए प्रयागराज में जल्द अखाड़ा परिषद की बैठक बुलाई जाएगी। अखाड़ा परिषद मौजूदा समय दो गुटों में बंटा है। एक गुट के अध्यक्ष निरंजनी अखाड़ा के अध्यक्ष श्रीमदेत रवींद्र पुरी और महामंत्री महंत हरि गिरि हैं।

मूर्ति विसर्जन के दौरान करंट से दो लोगों की मौत

प्रतापगढ़, एजेंसी : प्रतापगढ़ में शनिवार को करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य झुलस गए। घटना जिला मुख्यालय से 60 किलोमीटर दूर शिवगढ़ तूरी गांव में उस समय हुई जब पांच लोगों का एक समूह हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय राय ने बताया कि रंजीत कुमार (36) और अरुण कुमार सिंह (46) को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि तीन अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

महंत विजय राम दास का इंदौर में निधन

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : बड़ा भक्तमाल परिवार के अंतर्गत आने वाले अयोध्या के प्रसिद्ध विजय भक्तमाल मंदिर के 65 वर्षीय महंत विजय राम दास महाराज का इंदौर मध्य प्रदेश में शनिवार देर सांय निधन हो गया। यह जानकारी बड़ा भक्तमाल मंदिर के उत्तराधिकारी महंत अवधेश दास महाराज ने देते हुए बताया कि वैष्णव परम्परा अनुसार रविवार को दस बजे साकेतवासी महंत विजय राम दास का अंतिम संस्कार सरयू तट पर होगा। विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने विजय राम दास महाराज के निधन को अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि वह विहिप केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल के सदस्य तथा मंदिर आंदोलन के ऐसे संत थे जो सदैव हर बैठक में सक्रिय रहे। उनके निधन से विहिप के सभी सदस्य दुखी हैं, ऐसे सेवाभावी संत का साकेत गमन अपूर्णनीय क्षति है।

नाबालिग से बलात्कार के आरोपी को 10 साल की सजा

महाराजगंज, एजेंसी : जिले की की एक अदालत ने 2023 में नाबालिग लड़की से बलात्कार के आरोपी एक व्यक्ति को दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सहायक लोक अभियोजक विजय नारायण सिंह ने शनिवार को बताया कि विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) विनय कुमार सिंह ने शुक्रवार को जिले के कोठीभार थाना क्षेत्र में लड़की से बलात्कार के लिए अमीन अली को दोषी ठहराया। न्यायाधीश ने दोषी पर 8,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, घटना 18 अगस्त, 2023 को हुई थी। पीड़िता की मां की पुलिस शिकायत के आधार पर अली के खिलाफ तहत मामला दर्ज किया गया।

निवेशकों को विकास गाथा सुनाएगा यूपी डायस्पोरा

लखनऊ, अमृत विचार : यूपी डायस्पोरा फोरम रविवार को दुबई में इन्वेस्टर मीट का आयोजन करने जा रही है। इसमें प्रदेश के हजारों लोग इकट्ठा होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल, विशिष्ट अतिथि यूपीडीएफ के चेयरमैन पंकज जायसवाल, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री भोला सिंह आदि शामिल हो रहे हैं। यूनाइटेड अरब अमीरात के पूर्व मंत्री हिज एक्सलेंसी डॉ मोहम्मद सईद अल किंदी एवं योगी प्रियव्रत अनिमेष विशिष्ट सम्मानित अतिथि होंगे।

वर्ग पहेली-220

बाएं से दाएं

2. जिसे तोड़ा-फोड़ा न जा सके, अखंड, अटूट।
6. 1. (पुराण) वाजश्रवा ऋषि का पुत्र जिसने मृत्युदेव से ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया था 2. आग, अग्नि।
8. कोई चीज़ दांत से खींच-खींचकर या लगभग नोंचकर खाना; चिचोड़ना

ऊपर से नीचे

1. 1. हलका स्पर्श, संपर्क 2. कोमल अनुभूति।
3. पिता, बाप।
4. पुश्तैनी, पैतृक, अच्छे कुल या वंश का।
5. 1. बार-बार पलक गिराना 2. आंखों को खोलना और बंद करना, पलकें उठाना और गिराना।
7. 1. एक प्रकार की बेल जिसमें सेम जैसी फलियां लगती हैं, कौंछ 2. उक्त बेल का फली जिसको छूने से खुजली होती है।



वर्ग पहेली -219 का हल

1 ल	ह	ल	हा		2 रो
भ					ज़ा
नी		3 जो		4 जा	
	5 म	हा	भा	ग	
6 ग	ग	री		र	
	रि			ण	
	7 बी	ए	ड		

सुडोकू-133

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1			2	5	7		9	
	5				4			
8		4	6		9	2		
4			1			3		
	3						4	
		6			3			5
		2	5		1	8		4
			9				7	
	4		3	6	8			1

सुडोकू - 132 का हल

5	1	2	6	7	8	3	9	4
4	6	8	3	2	9	1	7	5
7	9	3	4	5	1	2	8	6
1	3	4	2	8	7	5	6	9
8	7	5	9	3	6	4	2	1
6	2	9	5	1	4	8	3	7
2	5	1	7	6	3	9	4	8
9	8	7	1	4	2	6	5	3
3	4	6	8	9	5	7	1	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 अक्टूबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 09.08 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 14 अक्टूबर 02.51 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज व्यापार में उन्नति के अवसर मिलेंगे, किंतु आप अपनी योजनाओं को लेकर थोड़े कन्फ़्यूज भी हो सकते हैं। धार्मिक यात्रा होने की सम्भावना है। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति विश्वास बनाए रखें।

वृष — आज अपने व्यक्तिगत कार्यों को प्रोफेशनल जीवन से अधिक महत्व देंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करने के लिए दिन उत्तम है। प्रेम संबंधों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। परिजनों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

मिथुन — आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण करने का दबाव रहेगा। अपने व्यवहार में लचीलापन बनाए रखें। जल्दबाजी में कोई कार्य न करें। वैवाहिक जीवन में थोड़ी उथल-पुथल होने की सम्भावना है। आपके ऊपर काफी जिम्मेदारियां रहेंगी।

कर्क — आज विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना है। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका दायरा मजबूत होगा। व्यवसाय में आप कड़े निर्णय ले सकते हैं। धन लाभ के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे।

सिंह — आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। आपके ऊपर पुराने ऋण को चुकाने का दबाव हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आप कुछ नया सीखने को लेकर प्रेरित हो सकते हैं। संपत्ति के क्रय-विक्रय से बेहतरीन लाभ मिलेगा।

कन्या — आज इवेन्ट मैनेजमेंट से जुड़े लोगों का काम बढ़ने वाला है। बच्चों की परवरिश में काफी समय देंगे। गुप्त शत्रुओं की वजह से कार्यक्षेत्र में कुछ समस्या हो सकती है। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। दूसरों के झगड़ों में मध्यस्थता न करें।

तुला — आज विद्यार्थियों को शिक्षा में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। संतान का व्यवहार आपके प्रति आज्ञाकारी रहेगी। आय के नए स्रोत विकसित होने के योग बन रहे हैं। महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों से आपको बड़ा लाभ हो सकता है।

वृश्चिक — आज मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी। जॉब में आपको ओवरटाइम करना पड़ सकता है। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र की राजनीति के कारण आपको समस्या होगी। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी।

धनु — आज नजदीकी व्यक्तियों के साथ किसी गंभीर विषय पर चर्चा करेंगे। शाम को आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि आप जिनके साथ अच्छा करें वही आपको महत्व न दें। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आपको सफलता मिलेगी।

मकर — आज नए कारोबार की शुरुआत करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आपकी इच्छाशक्ति आपके लिए विपरीत परिस्थितियों में ढाल के रूप में काम करेगी। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। फाइनेंस और लोन से जुड़े हुए अटके काम शुरू हो सकते हैं।

कुंभ — आज बेरोजगार लोगों को अपनी जॉब की चिंता हो सकती है। हालांकि कॉलेज विद्यार्थियों को प्लेसमेन्ट आदि के माध्यम से जॉब मिलने की संभावना बन रही है। संपत्ति विवादों का समाधान निकल सकता है। अपने निर्णयों को दूसरों पर आरोपित न करें।

मीन — आज आयात-निर्यात के कारोबार में तेजी आएगी। जॉब में अधिकारी वर्ग आपकी अनदेखी कर सकते हैं। अपनी जीवनशैली को सुधारने के लिए धन खर्च करेंगे। साहित्य और लेखन की तरफ आपकी रुचि बढ़ सकती है। प्रेमी जन को कोई महंगा गिफ्ट दे सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कोहराम — सुबह : 09.00
- थैंक गॉड — शाम : 06.00

&pictures
- खिलाड़ी 786 — सुबह : 11.02
- खट्टा मीठा — रात : 08.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.40 बजे

SONY PIX
- ओलिम्पस हेज फॉलेन — सुबह : 10.51
- द लेजेंड ऑफ टार्जन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- पड़ोसन — दोपहर : 12.00
- फुकरे 3 — रात : 08.40

ZEE ACTION
- जनता की अदालत — सुबह : 11.39
- कार्तिकेय 2 — रात : 07.30

जोक्स ऑफ द डे

भिखारी – साहब 20 रु. दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी – लेकिन कॉफी तो 10 रु. की आती है।
भिखारी – मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ मे है न।
आदमी – अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी – नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

पत्नी – मैं रोज पूजा करती हूं। काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति – एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तुझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

जरूरत पड़ने पर हथियारों का करेंगे प्रयोग

विजयादशमी पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की पश्चिम बंगाल के सुकना सैन्य स्टेशन पर शस्त्र पूजा

- बोले- भारत ने कभी भी किसी देश पर घृणा या बुरी नीयत से हमला नहीं किया

नई दिल्ली, एजेंसी

विजयादशमी पर पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के सुकना में 33 कोर मुख्यालय में शस्त्र पूजा करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत ने कभी किसी देश पर घृणा या द्वेष के कारण आक्रमण नहीं किया, लेकिन अगर इसके हितों को खतरा हुआ तो हम बड़ा कदम उठाने में संकोच नहीं करेंगे। विजयादशमी पर सिंह ने पश्चिम बंगाल के सुकना सैन्य स्टेशन पर शस्त्र पूजा की।

उन्होंने कहा कि यह अनुष्ठान स्पष्ट संकेत है कि यदि आवश्यकता हुई तो हथियारों व उपकरणों का उपयोग होगा। सुकना स्थित 33 कोर को त्रिशक्ति कोर के नाम से जाना जाता है। यह सिक्किम सेक्टर में चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है। रक्षा मंत्रालय ने सिंह के हवाले से कहा कि भारत ने कभी भी किसी देश पर घृणा या बुरी नीयत से हमला नहीं किया। हम तभी लड़ते हैं जब हमारी अखंडता और संप्रभुता का अपमान होता है या उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश होती है, जब धर्म, सत्य और मानवीय मूल्यों के विरूद्ध युद्ध छेड़ा जाता है, यही हमें विरासत में मिला है। उन्होंने कहा कि यदि हमारे हितों को खतरा है तो हम बड़ा कदम उठाने में संकोच नहीं करेंगे। रक्षा मंत्री ने एक्स पर इस अनुष्ठान की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत में विजयादशमी पर शस्त्र पूजन की पुरानी परंपरा रही है। आज सुकना, दार्जिलिंग में 33 कोर हेडक्वार्टरस में की शस्त्र पूजा। मंत्रालय ने कहा कि सेना में यह महत्वपूर्ण समारोह - शस्त्र पूजा-राष्ट्र की संप्रभुता के रक्षक के रूप में हथियारों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम में थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, मनोनीत रक्षा सचिव आरके सिंह, पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र तिवारी, सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन, त्रिशक्ति कोर के कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

बीकेआई आतंकी वधावा समेत छह के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली। एनआईए ने अप्रैल में पंजाब में विहिप नेता विकास प्रभाकर की हत्या के मामले में प्रतिबंधित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के पाकिस्तान स्थित प्रमुख वधावा सिंह और पांच अन्य आतंकियों के खिलाफ शुक्रवार को आरोपपत्र दाखिल किया। विकास बग्गा के नाम से पहचाने जाने वाले प्रभाकर की 13 अप्रैल 2024 को पंजाब के रूपनगर जिले के नंगल में उनकी दुकान में बीकेआई के आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। एनआईए के अनुसार, आरोपपत्र में वधावा सिंह उर्फ बब्बर के साथ दो अन्य फरार आरोपी और तीन गिरफ्तार आरोपियों को हत्या का मुख्य अपराधी बताया गया है।

विहिप नेता की हत्या का मामला

भाजपा आतंकियों की पार्टी : खरगे

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी

- कांग्रेस को अर्बन नक्सल गिरोह संबंधित मोदी की टिप्पणी पर किया पलटवार

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनकी पार्टी को अर्बन नक्सल गिरोह द्वारा चलाये जाने संबंधी प्रधानमंत्री मोदी की हालिया टिप्पणी को लेकर उन पर पलटवार करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा आतंकवादियों की पार्टी है। खरगे ने आरोप लगाया कि वे लिंचिंग करते हैं और लोगों को पीटते हैं तथा एससी/एसटी समुदायों के लोगों पर अत्याचार करते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए भाजपा की कर्नाटक इकाई के वरिष्ठ नेता और विधानपरिषद सदस्य (एमएलएसी) एन रविकुमार ने कहा कि देश में आतंकवाद और नक्सली गतिविधियों में 80-90 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने इस विषय पर सर्वेक्षण और बहस कराने की चुनौती दी कि आतंकियों का समर्थक कौन है? रविकुमार ने केंद्र की मोदी सरकार के 10 साल की तुलना मनमोहन सिंह के दस साल के शासनकाल से करते हुए यह बात कही।

खरगे ने मोदी की टिप्पणियों पर कहा कि मोदी हमेशा से यह कहते रहे हैं। यहां तक कि वह अब भी यह कहते हैं। अब तक वह चुप बैठे थे, थोड़ा अब जान आने के बाद वह अर्बन नक्सल बोल रहे हैं। वह प्रबुद्ध और प्रगतिशील लोगों को अर्बन नक्सल बोल रहे हैं, वह कांग्रेस को ऐसा (अर्बन नक्सल) बोल रहे हैं। खरगे ने कहा कि भाजपा लिंचिंग, लोगों को मारने में शामिल हैं, अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों के मुंह में पेशाब करते हैं, आदिवासियों से बलात्कार करते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी को तो कोई हक नहीं है, जहां भी उनकी पार्टी की सरकार है, वहां अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों के लोगों पर, खास तौर पर आदिवासियों पर अत्याचार होते हैं।

कांग्रेस हरियाणा के नतीजों का कर रही विश्लेषण

कलबुर्गी (कर्नाटक)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि पार्टी हरियाणा विधानसभा चुनाव नतीजों का विश्लेषण कर रही है और हार के कारणों का पता लगाने के लिए बूथवार रिपोर्ट मांगी है। खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए हरियाणा में हार के कारणों का पता लगाने पर विशेष ध्यान दे रही है। साथ ही उन्होंने इस संभावना से इनकार किया कि उत्तरी राज्य के नतीजों का असर आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर पड़ेगा।

एक नजर

ओडिशा में देवी दुर्गा के 10 लाख के आभूषण चोरी

जाजपुर (ओडिशा)। ओडिशा के जाजपुर जिले में एक दुर्गा पूजा पंडाल से चोरों ने करीब 10 लाख रुपये के सोने और चांदी के आभूषण चुरा लिए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कोरेई थाना क्षेत्र के बरुदेई मंदिर में शनिवार तड़के यह घटना हुई। पुलिस के अनुसार, जब पुजारी और पूजा समिति के सदस्य तड़के करीब तीन बजे मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने पाया कि आभूषण गायब थे और मंदिर का मुख्य द्वार खुला हुआ था। कोरेई पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात करीब दो बजे की चोरी हुई। शिकायत के अनुसार, चोरों ने देवी दुर्गा और अन्य देवताओं के मुकुट, हार, त्रिशूल, झुमके जैसे सोने और चांदी के आभूषण चुरा लिए हैं।

ऑनलाइन व्यापार घोटाले की जांच सीबीआई को

गुवाहाटी। केंद्र ने सीबीआई को असम में करोड़ों के कथित ऑनलाइन व्यापार घोटाले से जुड़े 41 मामलों की जांच करने का निर्देश दिया है। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने इस संबंध में शुक्रवार को अधिसूचना जारी की। असम के मुख्यमंत्री कार्यालय ने शनिवार को एक्स पर यह जानकारी साझा की, जिसके अनुसार मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने इन मामलों की त्वरित जांच के लिए सीबीआई को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को मुआवजा देने का आदेश

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने 2013 में मोटरसाइकिल दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति के परिवार को 23.54 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। एमएसीटी अध्यक्ष और प्रधान जिला न्यायाधीश एसबी अग्रवाल ने प्रतिवादियों, टेम्पो के मालिक और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस को 7.5% वार्षिक ब्याज के साथ मुआवजा देने का आदेश दिया। चार अक्टूबर के आदेश की प्रति शनिवार को उपलब्ध कराई गई। मृतक व्यक्ति के परिवार की ओर से अधिवक्ता पीवी राव उपस्थित हुए जबकि वाहन का मालिक उपस्थित नहीं हुआ और मामला एकपक्षीय रूप से उसके खिलाफ तय किया गया। अधिवक्ता राव ने न्यायाधिकरण को बताया कि मृतक साबिर हारून सालदुरकर 28 नवंबर 2013 को अपनी मोटरसाइकिल पर दापोली से हरने की ओर जा रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई।

हरियाणा सीएम को धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

जींद। हरियाणा के जींद जिले में जुलाना में व्हाट्सएप ग्रुप पर मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी देने के लिए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान जींद के देवरार निवासी अजमेर के रूप में हुई है। जींद एसपी सुमित कुमार ने बताया कि अजमेर ने 8 अक्टूबर को राज्य में मतगणना के दिन व्हाट्सएप ग्रुप पर जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि जैसे ही मामला पुलिस के संज्ञान में आया प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और उसे गिरफ्तार किया गया।

प्रदर्शन कर रहे एक और चिकित्सक अस्पताल में भर्ती

कोलकाता, एजेंसी

आरजी कर मामला

- अनिश्चितकालीन अनशन में शामिल हुए दो और डाक्टर, संख्या हुई 11

कोलकाता स्थित आरजीकर अस्पताल में दो महीने पहले महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मामले में न्याय की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे एक और कनिष्ठ चिकित्सक की तबीयत खराब होने के बाद शनिवार को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि उत्तर बंगाल चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के कनिष्ठ चिकित्सक आलोक वर्मा अनशन पर बैठे लोगों में शामिल हैं और वह दूसरे चिकित्सक है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले अनिकेत महतो को तबीयत खराब होने पर आरजीकर अस्पताल के ईसीयू में भर्ती कराया गया था। रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान के परिचय पांडा और कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की अलोलिका घोरुई भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं। इससे राज्य भर में अनशन पर बैठे चिकित्सकों की कुल संख्या 11 हो गई, जिनमें अस्पताल में भर्ती दो चिकित्सक भी हैं। चिकित्सकों ने पांच अक्टूबर को अनशन शुरू किया था।

प्रदर्शनकारियों ने सीबीआई कार्यालय तक किया मार्च

कोलकाता। चिकित्सकों, वकीलों और नागरिक समाज के सदस्यों समेत सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को सॉल्ट लेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में स्थित सीबीआई कार्यालय तक मार्च निकालकर महिला चिकित्सक के मामले में निष्पक्ष और न्याय की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने सीबीआई जांच पर भी आश्चर्य व्यक्त किया, जिसने आरोपपत्र में पुलिस के जांच निष्कर्षों की पुष्टि की है। पुलिस ने संजय रॉय को एकमात्र अपराधी बताया गया था, जो अब हिरासत में है।

उपराज्यपाल ने 200 नए पीजीटी पदों को मंजूरी दी

नई दिल्ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को स्नातकोत्तर शिक्षकों (पीजीटी) के लिए 200 अतिरिक्त पदों के सृजन को मंजूरी दे दी। राज निवास द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर निर्धारित ये पद दिल्ली के शिक्षा निदेशालय के तहत सरकारी स्कूलों में नियमित आधार पर भरे जाएंगे और वेतन मैट्रिक्स स्तर 8 (47,600- 1,51,100 रुपये) के मुताबिक होंगे। इसका उद्देश्य गैर-स्थायी पदों से जुड़े पक्षपात, भ्रष्टाचार, आरक्षण मानदंडों के उल्लंघन व उत्पीड़न जैसे मुद्दों को कम करना है।

टक्कर से पहले ट्रेन ने बदला ट्रैक डेटा-लॉगर वीडियो से चला पता

नई दिल्ली, एजेंसी

तमिलनाडु हादसा

- शुक्रवार की देर रात यात्री ट्रेन खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी

चेन्नई के पास यात्री ट्रेन के खड़ी मालगाड़ी से टकराने के एक दिन बाद, विशेषज्ञों और यूनियन नेताओं ने कहा कि डेटा-लॉगर वीडियो के अनुसार, मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस को मुख्य लाइन से गुजरने के लिए हरी झंडी दी गई थी लेकिन यह एक लूप लाइन पर चली गयी जिस पर पहले से ही मालगाड़ी खड़ी थी। मैसूर-दरभंगा बागमती एक्सप्रेस, शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे चेन्नई रेल मंडल के कावरापेट्टई रेलवे स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे नौ यात्री घायल हो गए। डेटा लॉगर एक उपकरण है जो स्टेशन क्षेत्र में अन्य चीजों के अलावा ट्रेनों की गतिविधियों और सिग्नल संबंधी पहलुओं को रिकॉर्ड करने के लिए रखा जाता है।

गुजरात में निर्माण स्थल पर मिट्टी धंसने से पांच मजदूरों की मौत

मेहसाणा। गुजरात के मेहसाणा जिले में शनिवार को निर्माण स्थल पर मिट्टी धंसने से पांच मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना जिला मुख्यालय से लगभग 37 किलोमीटर दूर कडी कस्बे के पास हुई।

- फैक्टरी के लिए भूमिगत टैंक बनाने को कई मजदूर खोद रहे थे गड्ढा

कडी थाने के निरीक्षक प्रह्लाद सिंह वाघेला ने बताया कि जसलपुर गांव में एक फैक्टरी के लिए भूमिगत टैंक बनाने के वास्ते कई मजदूर गड्ढा खोद रहे थे, इस दौरान मिट्टी धंस गई और वे उसके नीचे जिंदा ही दब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और बचाव टीम ने राहत कार्य करते हुए पांच शव बरामद कर लिए हैं। वहीं गड्ढे में तीन से चार अन्य मजदूरों के दबे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है।

भाजपा को हराने के लिए चलना होगा साथ : ओवैसी

हैदराबाद। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अकेले भाजपा को नहीं हरा सकती। ओवैसी ने कहा कि यदि उन्हें हराना है तो सबसे पुरानी पार्टी को सभी को साथ लेकर चलना होगा। तेलंगाना के विकाराबाद में उन्होंने कहा कि यदि वक्फ संशोधन विधेयक बन गया तो देश में सामाजिक अस्थिरता व्याप्त होगी। हरियाणा चुनाव में कांग्रेस की हार पर ओवैसी ने कहा कि खरगे के नेतृत्व वाली पार्टी कैसे हार गई? भाजपा ने कैसे जीत लिया?

खान-विजयन में जुबानी जंग एक नाटक

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- यूडीएफ ने कहा- राज्यपाल और मुख्यमंत्री फिर से कर लेगें समझौता

कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की राज्य के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) से जारी जुबानी जंग को शनिवार को नाटक करार दिया और कहा कि वे फिर से समझौता कर लेंगे।

राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन ने कहा कि राज्यपाल और माकपा कानून का उल्लंघन करने के लिए एक साथ आते हैं और जब राज्य सरकार संकट में होती है तो लड़ाई शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा कि उनके बीच पहले भी कई बार ऐसी लड़ाइयां हो चुकी हैं। हर बार वे एक-दूसरे से समझौता कर लेते हैं। इसलिए, यह सब नाटक है। हमने पहले भी यही कहा है। सतीशन ने कहा कि एक बार जब राज्य के मंत्रिमंडल ने विधानसभा सत्र आहूत करने का फैसला कर लिया और राज्यपाल ने उसे मंजूरी दे दी, तो कोई अध्यादेश नहीं लाया जा सकता। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हालांकि, इस बार विधानसभा सत्र आहूत किए जाने और राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षर किए जाने के बाद सरकार अध्यादेश लेकर आई। इसलिए, उन दोनों ने कानून का उल्लंघन किया।

कारोबार/कृषि

एक नजर

डॉलर के मुकाबले रुपया हुआ कमजोर

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने पर कहा कि किसी देश की मुद्रा का पतन, अर्थव्यवस्था के पतन का प्रतीक है। भाजपा अर्थव्यवस्था की बदहाली पर झूठे आंकड़ों की कितनी भी मोटी परत बिछा दें लेकिन दुनिया के सामने सच खुल ही जाता है। जब सरकार यह कह रही है कि 5 ट्रिलियन डालर की इकोनामी है, अगर हमारी अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है तो हंगर इन्डेक्स पर हम कहां खड़े हैं।

दुबई में आज विकास गाथा सुनाएगा यूपी डायस्पोरा

लखनऊ। यूपी डायस्पोरा फोरम रविवार को दुबई में इन्वेस्टर मीट करने जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल, विशिष्ट अतिथि यूपीडीएफ के चेयरमैन पंकज जायसवाल, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री भोला सिंह, डॉ अशोक तिवारी, सुनीत रस्तोगी आदि शामिल होंगे।

मुरादाबाद मंडी

दालें : दाल चना : 75-78 रुपये मसूर : 60-68 रुपये मलका : 62-68 रुपये अरहर : 140-150 रुपये उड़द : 100-110 रुपये धोआ उड़द : 110-130 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 95-105 रुपये मूंग साबुत : 90-105 रुपये चना देसी : 60-70 रुपये चना कावली : 90-130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125-130 रुपये लोबिया लाल : 90-110 रुपये लोबिया सफेद : 80-100 रुपये।

मेंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-955 फ्लैग-1060 डीएमओ-810 बोल्ड-1130
चन्दौसी : शिवालिक- 950 फ्लैग- 1060 बोल्ड- 1110 डीएमओ- 880

सर्राफा

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	78,350
चांदी आभूषण	92,700

15.39 लाख करोड़ की 208 परियोजनाओं की सिफारिश

पीएम गतिशक्ति : वर्ष 2021 गठित नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप ने की अनुशंसा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सड़क 101, रेलवे 73, शहरी विकास 12 और तेल एवं गैस मंत्रालय से संबंधित चार परियोजनाएं शामिल

पीएम गतिशक्ति पहल के तहत अब तक सड़क और रेलवे सहित विभिन्न मंत्रालयों की 15.39 लाख करोड़ की 208 बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी के लिए सिफारिश की गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन परियोजनाओं की अनुशंसा 13 अक्टूबर, 2021 को शुरू की गई पीएम गतिशक्ति पहल के तहत गठित नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) द्वारा की गई है।

उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि इस पहल के तहत अब तक 15.39 लाख करोड़ की लागत की 208 परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया है। इस प्रणाली के उपयोग से कई लाभ हैं, जिसमें इन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने में लगने वाले समय और लागत में महत्वपूर्ण कटौती शामिल है। समूह द्वारा अनुशंसित परियोजनाओं में सड़क 101, रेलवे 73, शहरी विकास 12 और तेल एवं गैस मंत्रालय से संबंधित चार परियोजनाएं हैं।

परियोजनाओं का एनपीजी करती है मूल्यांकन

अंतर-मंत्रालयी एनपीजी हर पखवाड़े बैठक कर बहु-विधता, प्रयासों के समन्वय और परियोजना स्थल के विकास सुनिश्चित करने को बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मूल्यांकन करता है। लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए एकीकृत बुनियादी ढांचा विकसित करने को इसकी शुरुआत की गई थी। पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली सभी लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं एनपीजी के माध्यम से संचालित की जाती हैं।

वोलैटिलिटी : वित्तीय बाजार की विशेष पहचान

वोलैटिलिटी वित्तीय बाजारों का विशेष तत्व है, जो संपत्तियों के मूल्यों में उतार-चढ़ाव को मापता है। यह उच्च और निम्न स्तर के परिवर्तन के साथ निवेशकों को अवसर और जोखिम दोनों देता है। ऐतिहासिक व इम्प्लाइड वोलैटिलिटी जैसे प्रकार निवेशकों को बाजार की दिशा को समझने में मदद करते हैं। जबकि उच्च वोलैटिलिटी अवसर पैदा करती है, वहीं यह नुकसान भी बढ़ाती है। सही जानकारी के साथ, निवेशक इसका प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकते हैं। हम वोलैटिलिटी के कार्यप्रणाली, लाभ, और जोखिमों का अध्ययन करेंगे...



वोलैटिलिटी के प्रकार

- **ऐतिहासिक वोलैटिलिटी :** यह पिछले समय में संपत्ति के मूल्य में परिवर्तन का मापन है। इसे चार्ट और ग्राफ से देख सकते हैं। उच्च ऐतिहासिक वोलैटिलिटी मतलब मूल्य में बड़े बदलाव हुए हैं।
- **इम्प्लाइड वोलैटिलिटी :** यह भविष्य में मूल्य परिवर्तनों की अपेक्षा है, जिसे विकल्पों के बाजार में देख सकते हैं। उच्च इम्प्लाइड वोलैटिलिटी संकेत है कि अधिक अनिश्चितता संभावित हैं।

यह कैसे काम करता है?

- **मौसम की स्थिति :** जब बाजार में आर्थिक आंकड़े, जैसे रोजगार रिपोर्ट, जीडीपी वृद्धि, या ब्याज दरों में परिवर्तन होते हैं, तो इससे वोलैटिलिटी में वृद्धि हो सकती है।
- **राजनीतिक घटनाएं :** चुनाव, नीतियों में बदलाव, या अंतरराष्ट्रीय घटनाएँ भी वोलैटिलिटी को प्रभावित करती हैं।
- **बाजार की भावना :** निवेशकों का मनोबल और निवेश की धारणा भी मूल्य में तेजी ले आने या गिराने में भूमिका निभाती है।

जोखिम

- **नुकसान :** उच्च वोलैटिलिटी के दौरान कीमतें गिर सकती हैं, जिससे निवेशकों को हानि होती है। यदि निवेशक गलत समय पर खरीदता या बेचता है, तो उसे नुकसान होता है।
- **भावनात्मक निर्णय :** बाजार की अनिश्चितता निवेशकों को भावनात्मक निर्णय लेने के लिए प्रेरित कर सकती है, जो दीर्घकालिक रणनीतियों के लिए हानिकारक होता है।
- **लिक्विडिटी :** उच्च वोलैटिलिटी के दौरान, कुछ संपत्तियों की लिक्विडिटी कम होती है, जिससे निवेशकों को उचित मूल्य पर संपत्तियों को खरीदने या बेचने में कठिनाई हो ती है।

वोलैटिलिटी के लाभ

- **ट्रेडिंग का मौका :** वोलैटिलिटी उच्च होने पर व्यापार से लाभ उठाने के लिए अवसर मिलते हैं। ट्रेडर्स तेजी से कीमतों में उतार-चढ़ाव का फायदा उठाकर मुनाफा कमा सकते हैं।
- **विकल्पों का उपयोग :** निवेशक वोलैटिलिटी का लाभ उठाकर विकल्पों (आप्शन) की रणनीतियों का उपयोग कर सकते हैं, जैसे कि कॉल और पुट विकल्प खरीदना, जिससे वे संभावित नुकसान से बच सकते हैं।
- **रिस्क प्रबंधन :** वोलैटिलिटी को ध्यान में रख निवेशक पोर्टफोलियो को संतुलित कर जोखिम कम कर सकते हैं।

आंध्र, राजस्थान को वित्त आयोग अनुदान की पहली किस्त जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार केंद्र सरकार ने ग्रामीण स्थानीय निकायों को राशि की जारी

केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश और राजस्थान में ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को 2024-25 के लिए 15वें वित्त आयोग अनुदान की पहली किस्त जारी कर दी है।

पंचायती राज मंत्रालय ने बयान में यह जानकारी दी। आंध्र प्रदेश को 395.50 करोड़ रुपये का अप्रयुक्त अनुदान और 593.26 करोड़ की सशर्त अनुदान मिला है। राजस्थान को 507.11 करोड़ का अप्रयुक्त अनुदान और 760.67 करोड़ का सशर्त अनुदान जारी किया गया। अप्रयुक्त अनुदान से पंचायतों को संविधान की 11वीं अनुसूची के तहत कृषि और ग्रामीण आवास से लेकर शिक्षा और स्वच्छता तक 29 विषयों से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इन निधियों का उपयोग वेतन या स्थापना लागतों के लिए नहीं किया जा सकता है। सशर्त अनुदान का इस्तेमाल स्वच्छता, खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति के रखरखाव और जल प्रबंधन जैसे कार्यों के लिए होगा।

जेप्टो ने नवरात्रि में एक लाख से ज्यादा डांडिया छड़ी बेची

नई दिल्ली। जेप्टो के सह-संस्थापक और सीईओ आदित पलिचा ने लिंक्डइन पर जानकारी दी कि तेजी से उपभोक्ता सामान पहुंचाने वाले इस मंच ने एक नवरात्रि के दौरान एक लाख से ज्यादा डांडिया स्टिक बेचीं। उन्होंने लिंक्डइन पर लिखा कि क्या दिन है! 2024 की नवरात्रि अपने उपयोगकर्ताओं, विक्रेताओं, ब्रांड और जेप्टो इस्तेमाल करने वालों के जरिये भारत की विविधता की खूबसूरती को देखते हुए संपन्न हो रही है। जरूरी वस्तुओं से लेकर त्योहारी चीजों तक, हमें नौ अविश्वसनीय दिनों में भारत के उत्सव का हिस्सा बनाने के लिए धन्यवाद। उन्होंने बताया कि इस दौरान उसने एक लाख से ज्यादा डांडिया छड़ी बेचीं। उन्होंने आगे कहा कि व्रत के अनुकूल चिप्स, कट्टू और राजगिरा आटे की बिक्री पिछले साल की नवरात्रि की तुलना में काफी बढ़ गई।

इंटर्नशिप के लिए सरकारी पोर्टल अब उम्मीदवारों के पंजीकरण को खुला

नई दिल्ली, एजेंसी

- योजना के लिए 21-24 वर्ष के अभ्यर्थी आवेदन के लिए पात्र, दो दिसंबर से शुरू होगी इंटर्नशिप

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए अब अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। शनिवार को पंजीकरण के लिए समर्पित पोर्टल लाइव हो गया है। इस योजना के लिए 21-24 वर्ष की आयु के अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र हैं। लगभग 800 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली योजना की पायलट परियोजना के अनुसार, इंटर्नशिप दो दिसंबर से शुरू होगी।

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को एक्स पर कहा कि यह योजना युवाओं के कौशल को सुनिश्चित करने के लिए एक परिवर्तनकारी पहल है, जो उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाएगी। इस योजना के तहत भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने तक इंटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा। इस योजना की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024 में की थी। इसे मंत्रालय द्वारा विकसित ऑनलाइन पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.पीएमइंटर्नशि.एमसीए.जीओवी.आईएन से क्रियान्वित होगा। मंत्रालय के अनुसार, पिछले सप्ताह पोर्टल पर तेल, गैस एवं ऊर्जा, यात्रा एवं होटल तथा वाहन सहित 24 क्षेत्रों में 80,000 से अधिक अवसर जोड़े गए हैं।

करोड़ों की परियोजनाओं के लिए गोदरेज ने जोड़े 6 भूखंड

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज ने मजबूत मांग के बीच अपनी विस्तार योजना के तहत 9,650 करोड़ की आवासीय परियोजनाओं के विकास के लिए जुलाई-सितंबर तिमाही में छह नए भूखंड जोड़े हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है।

दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), पुणे और बेंगलुरु में इसकी महत्वपूर्ण उपस्थिति है। आवास कारोबार का विस्तार करने के लिए, गोदरेज प्रॉपर्टीज सीधे खरीद के माध्यम से भूमि का अधिग्रहण करती है और साथ ही संयुक्त विकास के लिए भूमि मालिकों के साथ साझेदारी भी करती है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा कि उसने चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में आठ नए भूखंड जोड़े हैं, जिनका कुल अनुमानित बिक्री योग्य क्षेत्रफल 1.1 करोड़ वर्ग फुट है और कुल अनुमानित बुकिंग मूल्य क्षमता लगभग 12,650 करोड़ रुपये है।

शंघाई मास्टर्स में माचाक ने अल्काराज को हराया

शंघाई, एजेंसी

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के 12 मैचों के विजय अभियान पर रोक लगाते हुए थॉमस माचाक ने शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में उन्हें 7-6, 7-5 से हरा दिया। दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी चेक गणराज्य के माचाक का सामना अब सेमीफाइनल में इटली के यानिक सिनेर से होगा।

पिछले सप्ताह अल्काराज ने चीन ओपन के फाइनल में सिनेर को हराया था। सिनेर ने क्वार्टर फाइनल में रूस से दानिल मेदवेदेव को 6-1, 6-4 से मात दी। वहीं वुहान ओपन में एरिना सबालेंका ने दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी युलिया पुतिनत्सेवा को 1-6, 6-4, 6-0 से हराकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। अमेरिकी ओपन चैंपियन सबालेंका वुहान में 14 मैच जीत चुकी है। उन्होंने 2018 में खिताब जीता और 2019 में उसे बरकरार रखा। इसके बाद पांच साल तक कोरोना महामारी के कारण वुहान ओपन नहीं खेला गया। अमेरिका की कोको गाफ ने 17वीं रैंकिंग वाली मार्टा कोस्तियुक को 6-4, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना 45वीं रैंकिंग वाली मागडा लिनेट से होगा जिन्होंने डारिया कासात्किना को 6-2, 6-3 से मात दी। पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किंवेन ने लैला फर्नांडिज को 5-7, 6-3, 6-0 से हराया जबकि छठी रैंकिंग वाली जैस्मीन पाओलिनी ने एरिका आंद्रीवा को 6-3, 6-2 से मात दी।



<< जीत के बाद जश्न मनाते थॉमस माचाक

पाइपर्स को हराकर फाइनल में पहुंचे कांटिनेंटल किंग्स

लंदन। गत चैंपियन त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स ने अल्पाइन एसजी पाइपर्स को 9-7 से हराकर लगातार दूसरी बार टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब कांटिनेंटल किंग्स का सामना पीबीजी अलास्कन नाइट्स से शनिवार को होगा। इस मुकाबले से पहले एसजी पाइजर्स के 18 मैच प्वाइंट और 81 गेम प्वाइंट थे जबकि किंग्स के 15 मैच प्वाइंट और 90 गेम प्वाइंट थे।

पहले बोर्ड पर किंग्स के अलीरजा फिरोजा का सामना पाइपर्स के मैग्नस कार्लसन से था। पाइपर्स की शुरूआत शानदार रही लेकिन तीसरे बोर्ड पर तैमूर रादजाबोव ने रिचर्ड रैपोर्ट से ड्रॉ खेला। किंग्स की वालेंटिना गुनिना ने कैटरीना लागनो को हराया जबकि कार्लसन ने फिरोजा को मात दी। वेइ यि ने आर प्रज्ञानानंदा से ड्रा खेला और कोस्तियुनिक ने होउ यिफान को ड्रॉ पर रोका। निर्णायक मुकाबले में किंग्स के जावोखिर सिंदारोव ने डेनियल डी को हराया।

ओलंपियाड स्वर्ण विजेता वंतिका की नजरें ग्रैंडमास्टर खिताब पर

लंदन, एजेंसी

शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण पदक विजेता वंतिका अग्रवाल की नजरें अब ग्रैंडमास्टर बनने पर है और उनका यह सपना अगले साल की शुरूआत में पूरा हो सकता है। उत्तर प्रदेश के नोएडा की रहने वाली वंतिका की अब तक की राह आसान नहीं थी लेकिन उनके करियर में उनकी मां का बड़ा योगदान रहा है । उन्होंने वंतिका को हर चुनौती का सामना करके दक्षिण भारत के दबदबे वाले इस खेल में अपनी छाप छोड़ने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने बहुराष्ट्रीय कंपनी की अपनी नौकरी छोड़कर बेटी के सपने पूरे किए।

वंतिका ने हाल ही में बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग की ब्रांड दूत 21 वर्ष की वंतिका ने कहा इस स्तर तक पहुंचना आसान नहीं था क्योंकि उत्तर भारत में पढाई पर ज्यादा जोर रहता है। हांगझोउ एशियाई खेलों में महिला टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने वाली वंतिका ने उत्सुकतावश शतरंज खेलना शुरू किया था। उन्होंने बताया मैने कराटे क्लास में भाग लिया और थोड़ा भरतनाट्यम भी सीखा। 7 साल की उम्र से मुझे शतरंज में मजा आने लगा। पहले टूर्नामेंट में मुझे ईनामी राशि भी मिली थी।

खेल डायरी

हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस में भारत के कप्तान होंगे उथप्पा

नई दिल्ली। विश्व कप विजेता विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा अगले महीने हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे। आयोजकों ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय टीम में केदार जाधव, स्टुअर्ट बिन्नी, मनोज तिवारी और शाहबाज नदीम भी हैं। बल्लेबाज भरत छपली और विकेटकीपर श्रीवत्स गोस्वामी भी भारत के लिए खेलेंगे। छह खिलाड़ियों की टीम वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन एक से तीन नवंबर तक किया जाएगा। हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस सात साल बाद आयोजित किया जा रहा है। इस साल ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड समेत 12 टीमें भाग लेंगी। दक्षिण अफ्रीका गत चैंपियन है। भारत का पहला मैच एक नवंबर को पाकिस्तान से होगा जिसके एक दिन बाद यूएई से खेलना है।

अयहिका, सुतीर्था ने युगल में पक्का किया पहला पदक

अस्ताना। भारत की अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप महिला युगल वर्ग में भारत का पहला पदक पक्का कर लिया। पिछले साल एशियाई खेलों में चीन की विश्व चैम्पियन टीम को हराकर कांस्य जीतने वाली मुखर्जी बहनों ने दक्षिण कोरिया की किम नायोंग और ली युन्ही को 10-12, 11-7, 11-9, 11-8 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना जापान की मीवा हारिमोतो और मियू किशारा से होगा। पुरूष एकल में मानव ठक्कर और मानुष शाह ने प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 60वीं रैंकिंग वाले मानव ने दुनिया के 14वें नंबर के खिलाफ दक्षिण कोरिया के जांग वूजिन को 5-11, 11-9, 5-11, 11-9, 11-7 से हराया। वहीं मानुष ने 23वीं रैंकिंग वाले दक्षिण कोरिया के अन जेह्यून को 11-9, 11-5, 11-6 से हराया। हरमीत देसाई अंतिम 32 में 30वीं रैंकिंग वाले लिम जोंगहुन से हार गए। भारत के अनुभवी खिलाड़ी अचंत शरत कमल को 506वीं रैंकिंग वाले मोहम्मद अल्कासाब ने शुक्रवार को हरा दिया था।

अखिल भारतीय वन खेल मीट 16 से 20 तक

रायपुर। अखिल भारतीय वन खेल मीट 2024 का 27वां सत्र यहां 16 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होगा जिसमें 3000 से अधिक प्रतियोगी भाग लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर समापन समारोह का हिस्सा होंगी। टूर्नामेंट का आयोजन वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढावा देना और वन तथा वन्य जीवन के संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाना है। टूर्नामेंट के दौरान 23 खेलों में 301 स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

उत्तर प्रदेश एकादश बना केडी सिंह हॉकी का विजेता

लखनऊ। आक्रामक और तालमेल भरी हॉकी की बदौलत उत्तर प्रदेश एकादश ने शनिवार को 42वीं केडी सिंह अखिल भारतीय आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता में सीएजी को रोमांचक मुकाबले में 4-3 से हरा कर खिताब पर कब्जा कर लिया। तीस साल के बाद यह पहला मौका है जब मेजबान टीम ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विजय का परचम लहराया है। विजेता टीम को ट्राफी और दो लाख रुपये की ईनामी राशि से अलंकृत किया गया। यूपी की ओर से आशु मौर्य ने पेनल्टी कार्नर के जरिये दो शानदार गोल किया जबकि राहुल राजभर और अजीत यादव ने एक एक गोल किया वहीं सीएजी के लिये मनीष यादव ने दो और आमिद खान पठान ने एक गोल किया। मैच के नौवें मिनट में मनीष यादव ने पेनल्टी कार्नर के जरिये पहला गोल कर सीएजी को बढ़त दिलाई। यूपी ने पलटवार करते हुये 12वें मिनट में पेनल्टी कार्नर हासिल किया और आशु मौर्य ने इस अवसर को गोल में तब्दील कर अपनी टीम को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। मैच के 20वें मिनट में आमिद पठान ने शानदार यूपी की रक्षा पंक्ति को छकाते हुये शानदार फील्ड गोल कर सीएजी को एक बार फिर बढ़त दिला दी। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने आक्रामक रुख अपनाते हुए सीएजी पर जबरदस्त पलटवार किया, नतीजन 31वें मिनट में आशु ने पेनल्टी कार्नर से और 33वें मिनट में राहुल राजभर ने फील्ड गोल कर अपनी टीम को एक बार फिर आगे खड़ा कर दिया वहीं 47वें मिनट में अजीत यादव ने फील्ड गोल कर यूपी के स्कोर को 4-2 कर दिया। मैच के आखिरी लम्हो में सीएजी के मनीष यादव ने पेनल्टी कार्नर के जरिये एक और गोल कर जीत हार के अंतर को कम करने का प्रयास किया मगर वह यूपी को खिताब पाने से रोकने में असफल रहे।

भारतीय बल्लेबाजों की आंधी में उड़ा बांग्लादेश

सैमसन के शतक से भारत की 133 रन से जीत, सूर्या ने बनाए 75 रन, टी-20 श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की

हैदराबाद, एजेंसी

संजू सैमसन के पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शतक की मदद से भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में शनिवार को 133 रन से जीत दर्ज करके श्रृंखला 3-0 से झोली में डाली। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 297 रन बनाए जो इस प्रारूप में उसका सर्वोच्च स्कोर था। बांग्लादेश की टीम जवाब में सात विकेट पर 164 रन ही बना सकी।

भारत के लिये तेज गेंदबाज मयंक यादव ने 32 रन देकर दो और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने 30 रन देकर तीन विकेट लिए। बांग्लादेश के लिये तौहीद हृदय ने 42 गेंद में 63 और लिटन दास ने 25 गेंद में 42 रन बनाये लेकिन बाकी बल्लेबाज नहीं चल सके। इससे पहले भारत ने टी-20 क्रिकेट के इतिहास का दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया। भारत ने अफगानिस्तान द्वारा 2019 में देहरादून में आयरलैंड के खिलाफ बनाए गए तीन विकेट पर 278 रन के स्कोर को पीछे छोड़ा। टी-20 क्रिकेट में सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड नेपाल के नाम है जिसने 314 रन बनाये थे। इससे पहले टी-20 क्रिकेट में भारत का सर्वोच्च स्कोर पांच विकेट पर 260 रन था जो 2017 में श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में बनाया था। भारत के लिये सैमसन ने सिर्फ 47 गेंद में 11 चौकों और आठ छक्कों की मदद से 111 रन बनाए जो रोहित शर्मा (35 गेंद) के बाद किसी भारतीय का दूसरा सबसे तेज टी-20 शतक है। कप्तान सूर्यकुमार ने 35 गेंद में 75 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 173 रन की साझेदारी की।

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (4) जल्दी आउट हो गए। इसके बाद सैमसन और सूर्यकुमार ने मोर्चा संभाला। सैमसन ने तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद को दूसरे ही ओवर में लगातार चार चौके जड़े। दसवें ओवर में लेग स्पिनर रिशाद हुसैन को सैमसन ने लगातार पांच छक्के लगाए। सैमसन ने 40 गेंद में अपना शतक पूरा किया। सूर्यकुमार ने 23 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। सैमसन को मुस्ताफिजूर ने आउट किया जबकि सूर्यकुमार को महमूदुल्लाह ने आखिरी टी-20 शिकार बनाया। आखिर में हार्दिक ने 18 गेंद में 47 और रियान पराग ने 13 गेंद में 34 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 70 रन जोड़कर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

297 रन भारतीय टीम ने बनाए जो टी-20 में दूसरा सर्वोच्च स्कोर

47 रनों की तेजतर्रार पारी खेलकर हार्दिक ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

111 रन 47 गेंदों में बनाकर संजू सैमसन बने दूसरे सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज

2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों में रोहित शर्मा ने लगाया था शतक

स्कोर बोर्ड

भारत : 297/6 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
संजू सैमसन का मेहदी बो मुस्ताफिजूर	111	47	11/8
अभिषेक शर्मा का मेहदी बो तंजीम	4	4	1/0
सूर्यकुमार का रिशाद बो महमूदुल्लाह	75	35	8/5
रियान पराग का दास बो तस्कीन	34	13	1/4
हार्दिक पंड्या का रिशाद बो तंजीम	47	18	4/
रिंकू सिंह नाबाद	8	4	0/1
नीतिश कुमार रेड्डी का मेहदी बो तंजीम	0	1	0/0
वॉशिंगटन सुंदर नाबाद	1	1	0/0

अतिरिक्त : 17, गेंदबाजी : मेहदी हसन 4-0-45-0, अहमद 4-0-51-1, तंजीम 4-0-66-3, मुस्ताफिजूर 4-0-52-1, रिशाद 2-0-46-0, महमूदुल्लाह 2-0-26-1

बांग्लादेश : 164/7 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
परवेज हुसैन इमोन का रियान बो मयंक	0	1	0/0
तंजीद हसन का रियान बो सुंदर	15	12	3/0
नजमुल शंटो का सैमसन बो बिश्नोई	14	11	1/1
लिटन दास का वर्मा बो बिश्नोई	42	25	8/0
तौहीद हृदय नाबाद	63	42	5/3
महमूदुल्लाह का रियान बो मयंक	8	9	1/0
मेहदी हसन का रियान बो रेड्डी	3	9	0/0
रिशाद हुसैन बो बिश्नोई	0	4	0/0
तंजीम हसन साकिब नाबाद	8	8	1/0

अतिरिक्त : 11, गेंदबाजी : मयंक 4-0-32-2, पंड्या 3-0-32-0, सुंदर 1-0-4-1, नीतिश 3-0-31-1, बिश्नोई 4-1-30-3, वरुण 4-0-23-0, अभिषेक 1-0-8-0

हॉकी इंडिया लीग में यूपी रूद्रास के मुख्य कोच होंगे पॉल वान

लखनऊ। हॉकी इंडिया लीग की लखनऊ टीम यूपी रूद्रास ने नीदरलैंड के पॉल वान आस को शनिवार को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया।

नीदरलैंड को पेरिस ओलंपिक महिला हॉकी का स्वर्ण पदक दिलाने वाले पॉल सहायक कोच थॉमस टिचेलमैन और तकनीकी निदेशक सेड्रिक डिसूजा के साथ काम करेंगे। पॉल ने कहा भारत के पास हॉकी प्रतिभाओं का शानदार पूल है और पेरिस ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन से यह साबित भी हुआ। मैं यूपी रूद्रास टीम का हिस्सा बनकर

काफी रोमांचित हूं। हमारा लक्ष्य ऐसा माहौल बनाना है जिसमें युवा प्रतिभायें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी चमक बिखेर सकें। फ्रेंचाइजी के मालिक यदु स्पोटर्स ने कहा कि वे मेजर ध्यानचंद, केडी सिंह बाबू जैसे लीजैंड देने वाले प्रदेश की हॉकी में योगदान देना चाहते हैं।

चोटिल ऑस्ट्रेलिया से जीतना चाहेगा भारत

शारजाह, एजेंसी

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम महिला टी-20 विश्व कप में रविवार को करो या मरो के मुकाबले में चोटों से प्रभावित ऑस्ट्रेलिया को बड़े अंतर से हराकर अपना नेट रनरेट बेहतर करना चाहेगी। श्रीलंका पर बड़े अंतर से जीत दर्ज करके भारत ने सेमीफाइनल में प्रवेश की संभावना प्रबल कर ली है हालांकि पहले मैच में उसे न्यूजीलैंड ने हराया था दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के तीन मैचों में छह अंक है और उसका नेट रनरेट प्लस 2.786 है। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में प्रवेश तय कर लिया है जबकि बाकी स्थान के लिए भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान दौड़ में है।

गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पाकिस्तान को हराया लेकिन कप्तान एलिसा हीली फील्डिंग के दौरान पैर में चोट लगा बैठी और तेज गेंदबाज टायला

महिला टी-20 विश्व कप

व्लाएमिंक के कंधे की हड्डी खिसक गई। उनका शनिवार को स्कैन कराया जायेगा और रविवार के मुकाबले में उनका खेल पाना मुश्किल है। वहीं, भारत ने श्रीलंका को 82 रन से हराया जो टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे बड़ी जीत है। इससे भारत की अंतिम चार में पहुंचने की संभावना भी प्रबल हुई।

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराया

शारजाह। न्यूजीलैंड ने महिला टी-20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के मैच में शनिवार को यहां श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। श्रीलंका की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 115 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने 17 .3 ओवर में दो विकेट पर 118 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर (53) के शानदार अर्द्धशतक एवं एमेलिया कर के नाबाद 34 रनों की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां खेले गए आईसीसी महिला विश्वकप के 15वें मैच श्रीलंका को आठ विकेट से हरा दिया। श्रीलंका के 115 रनों के स्कोर के जवाब में न्यूजीलैंड ने दो विकेट पर 118 रन बनाकर मैच आठ विकेट से जीत लिया।

बॉलीवुड हलचल

31 साल के एक्टर से इश्क लड़ाएंगी वामिका

नई दिल्ली। वामिका गब्बी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने करीना कपूर खान और शाहिद कपूर की सुपरहिट फिल्म जब वी मेट के साथ छोटा सा रोल निभाकर अपना फिल्मी करियर शुरू किया था। वामिका गब्बी ने 6 साल तक बॉलीवुड में सफलता हासिल करने के लिए लव आज कल, मौसम, बिट्टू बॉस और सिक्स्टीन जैसी फिल्मों में छोटे-मोटे किरदार निभाए। जब यहां बात नहीं बनी तो वह पंजाबी फिल्मी इंडस्ट्री चली गईं और वहां उन्होंने अपने लिए एक नया रास्ता अपनाया। वामिका गब्बी ने साउथ फिल्मों में भी काम किया है। उन्हें सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी तब्बू स्टारर बॉलीवुड फिल्म खूफिया से मिली, जिसमें बोल्ड किरदार निभाकर उन्होंने दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। अब उनके हाथ एक और बॉलीवुड फिल्म लग गई है, वो भी विकास बहल के साथ। वामिका गब्बी को क्वीन निर्देशक विकास बहल की अगली फिल्म में लीड रोल मिला है। इस फिल्म में वह जया बच्चन और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ लीड रोल निभाती नजर आएंगी। 31 साल के सिद्धांत के साथ वामिका की रोमांटिक केमिस्ट्री दिखेगी, जबकि जया बच्चन उनकी मां का किरदार निभाएंगी।

विलेज रॉकस्टार्स 2 ने बुसान फिल्म महोत्सव में जीता पुरस्कार

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता रीमा दास की फिल्म विलेज रॉकस्टार्स 2 ने बुसान अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2014 में किम जी-सेयोक पुरस्कार जीता है। महोत्सव के 29वें संस्करण में जी-सेयोक प्रतियोगिता में चयनित आठ फिल्मों में से विलेज रॉकस्टार्स 2 एकमात्र भारतीय फीचर फिल्म थी। यह फिल्म अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराही गई और राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित फिल्म विलेज रॉकस्टार्स का सीक्वल है। विलेज रॉकस्टार्स का टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2017 में प्रीमियर हुआ और यह वर्ष 2029 के अकेडमी पुरस्कार के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि थी। वर्ष 2017 में स्थापित किम जी-सेयोक पुरस्कार, दिवंगत किम जी-सेयोक की स्मृति में दिया जाता है, जिन्होंने अपना जीवन एशियाई सिनेमा की खोज और विकास के लिए समर्पित कर दिया। यह पुरस्कार दो फिल्मों को दिया जाता है जो एशियाई सिनेमा की समकालीन स्थिति को सबसे अच्छी तरह से दर्शाती हैं। रीमा दास ने एक बयान में कहा कि एशियाई सिनेमा के विकास के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाली शख्सियत के सम्मान में किम जी-सेयोक सम्मान प्राप्त करना वास्तव में एक सौभाग्य की बात है। विलेज रॉकस्टार्स 2 एक किशोर लड़की की अपने संगीतमय सपने की निरंतर खोज की कहानी है। फ्लाइंग रिवर फिल्म्स और अकंगा फिल्म एशिया द्वारा निर्मित इस फिल्म में भनिता दास, बसंती दास, जुनुमोनी बोरो, बोलोरम दास और मनबेंद्र दास मुख्य भूमिका में हैं। विलेज रॉकस्टार्स 2 का भारत में प्रीमियर दक्षिण एशिया प्रतियोगिता में मामी मुंबई फिल्म महोत्सव 2024 में होगा। यह महोत्सव 19 से 24 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा।

अनिल ने नई फिल्म वनवास की घोषणा की

नई दिल्ली। बॉलीवुड फिल्म गदर 2 के निर्देशक अनिल शर्मा की अगली फिल्म 'वनवास' होगी। फिल्म के निर्माताओं ने शनिवार को इसकी घोषणा की। शर्मा 2001 में आई गदर : एक प्रेम कथा और उसकी सीक्वल गदर 2 की शानदार सफलता के बाद वनवास फिल्म बना रहे हैं। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वनवास की पहली झलक दिखाई गई है। इसमें नाना पाटेकर और शर्मा के बेटे उत्कर्ष शर्मा नजर आ रहे हैं। यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जी स्टूडियोज ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में कहा कहानी जिंदगी की कहानी जज्बात की। कहानी अपनों के विश्वास की पूरे परिवार के संग देखिए परिवार की फिल्म, वनवास, जल्द ही आपके नजदीकी सिनेमाघरों में आ रही है।

पेरू ने उरूग्वे को एक गोल से हराकर चखा जीत का स्वाद

लीमा (पेरू)। पेरू ने उरूग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर में पहली जीत दर्ज की। पेरू के लिए एकमात्र गोल मिगुल अराउजो ने 88वें मिनट में हेडर पर किया।

क्वालीफाइंग दौर में आठ मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी पेरू की टीम ने 2017 के बाद पहली बार क्वालीफायर में उरूग्वे को हराया है। अब पेरू नीचे से एक स्थान ऊपर आ गया है जबकि चिली आखिरी स्थान पर है। उरूग्वे तीसरे स्थान पर है जबकि अर्जेंटीना शीर्ष पर और कोलंबिया दूसरे स्थान पर है । शीर्ष छह टीमें 2026 में उत्तरी अमेरिका और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में खेलेंगी। उरूग्वे का सामना अब मंगलवार को इक्वाडोर से होगा जबकि पेरू की टक्कर चौथे स्थान पर काबिज ब्राजील से होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

दिल्ली मुख्यमंत्री आतिशी को बंगला आवंटित होने के बाद भी विवाद जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से शनिवार को जारी बयान में आरोप लगाया गया है कि आप सरकार 6,फ्लैगस्टाफ रोड बंगले के आवंटन के संबंध में नियमों और प्रक्रियाओं की अवहेलना कर तथा तथ्यों को छिपाकर लोगों को गुमराह करने के लिए सर्वाधिक कुटिल और द्वेषपूर्ण हरकत में संलिप्त रही। मुख्यमंत्री आतिशी को बंगला आवंटित होने के एक दिन बाद उपराज्यपाल कार्यालय ने उन पर भी इस कवायद में शामिल रहने का आरोप लगाया।

अरविंद केजरीवाल नौ साल तक मुख्यमंत्री के रूप में जिस बंगले

- बंगले के नए सिरे से आवंटन पर आप, भाजपा और उपराज्यपाल कार्यालय में तकरार

में रहे, उसे खाली करने तथा नए सिरे से आवंटन को लेकर आप, भाजपा और उपराज्यपाल कार्यालय में तकरार जारी है। उपराज्यपाल कार्यालय ने आरोप लगाया कि केजरीवाल द्वारा बंगले की चाबी सौंपे जाने और आतिशी को आवंटित किए जाने के 48 घंटे में ही आप, मंत्रियों और यहां तक कि मुख्यमंत्री ने नियमों और प्रक्रियाओं को तोड़-मरोड़ कर, इस संबंध में तथ्य छिपाकर और उपराज्यपाल को खरी खोटी सुनाकर दिल्ली एवं देश के लोगों को गुमराह करने की कुटिल और द्वेषपूर्ण हरकत की। वहीं, मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के सूत्रों ने कहा कि उपराज्यपाल कार्यालय का बयान देखकर दुख हुआ, जो जनता द्वारा चुनी गई सरकार पर अपशब्दों और आरोपों से भरा हुआ है। आप सरकार पिछले कुछ महीनों में उपराज्यपाल द्वारा रोके गए सभी कार्यों को फिर से शुरू करने के लिए युद्ध स्तर पर काम करने में व्यस्त है।

मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या

मुंबई, एजेंसी

- बाबा को गोली लगने के बाद गंभीर हालत में लीलावती अस्पताल में कराया गया था भर्ती
- बाबा सिद्दीकी को उनके बेटे जीशान के दफ्तर बांद्रा खेरवाड़ी सिग्नल के पास मारी गई गोली

मुंबई में राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना के समय उन्हें गंभीर हालत में लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाबा सिद्दीकी को उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के दफ्तर के पास, बांद्रा खेरवाड़ी सिग्नल पर बदमाशों ने उनको गोली मारी है।

बाबा सिद्दीकी को पेट में दो गोलियां लगी थीं। घटनास्थल पर कुल तीन गोलियां चलाई गईं, जिनमें से दो उनके पेट में लगीं है। वारदात के बाद मुंबई पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है ताकि मामले की तह तक पहुंचा जा सके। बाबा सिद्दीकी मुंबई में अल्पसंख्यक वर्ग के प्रमुख नेताओं थे। उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र कांग्रेस से इस्तीफा देकर अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी में शामिल हुए थे। वे 1999, 2004 और 2009 में बांद्रा पश्चिम सीट से तीन बार विधायक रह चुके हैं और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भी रहे हैं।

उत्साह का सिंदूर खेला...

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के बोलपुर में विजयादशमी के अवसर पर, दुर्गा पूजा उत्सव के अंतिम दिन, सिन्दूर खेला में भाग लेते समय महिलाएं एक-दूसरे को सिन्दूर लगाती हैं। ● एजेंसी

एक नजर

ओक्लाहोमा में गोलीबारी में एक की मौत, 12 घायल

ओक्लाहोमा सिटी। ओक्लाहोमा इवेंट सेंटर में आयोजित एक पार्टी में गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। ओक्लाहोमा सिटी पुलिस विभाग की प्रवक्ता कैप्टन वैलेरी लिटिलजॉन ने एक ईमेल में बताया कि दक्षिण-पश्चिम ओक्लाहोमा सिटी में शनिवार रात करीब साढ़े 12 बजे एक निजी स्थल के अंदर और बाहर कई राउंड गोलीबारी की गई। प्रवक्ता ने बताया कि कम से कम दो लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा उन्होंने पीड़ितों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

पुत्तूर में निजी बस खाई में गिरी, चालक की मौत

मंगलुरु। कर्नाटक के मंगलुरु के पुत्तूर इलाके में शनिवार तड़के एक निजी बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बस चालक की पहचान भरत के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय बस में केवल चालक और परिचालक ही सवार थे। उन्होंने बताया कि परिचालक को मामूली चोटें आयी हैं।

पख्तूनख्वा में हमला, 11 यात्रियों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक यात्री वाहन पर अज्ञात बंदूकधारियों की गोलीबारी में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी जबकि छह अन्य घायल हो गये। उपायुक्त ने बताया कि अफगानिस्तान से सटे कुर्रम जिले के कांज अलीजाई क्षेत्र में बंदूकधारियों ने घात लगाकर इस यात्री वाहन पर हमला किया। उन्होंने बताया कि इस हमले में 11 यात्री मारे गये जबकि एक महिला समेत छह अन्य घायल हो गये।

अभिनेताओं के खिलाफ कोई स्पष्ट साक्ष्य नहीं

कोच्चि। केरल पुलिस ने शनिवार को कहा कि होटल में कुख्यात अपराधी और उसके साथियों की हाल में हुई गिरफ्तारी के बाद मादक पदार्थ मामले में अभिनेता श्रीनाथ भासी और प्रयाग मार्टिन के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के लिए कोई स्पष्ट सबूत नहीं है। गैंगस्टर ओम प्रकाश की गिरफ्तारी के बाद दोनों अभिनेताओं के नाम इस मामले में सामने आए हैं। कोच्चि शहर के पुलिस आयुक्त पुट्टा विमलादित्य ने बताया कि होटल में गैंगस्टर से मिलने गए 20 व्यक्तियों में से शेष लोगों को थाने में बुलाकर उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई स्पष्ट सबूत नहीं मिला है जिससे (अभिनेताओं के खिलाफ) कोई कार्रवाई शुरू की जा सके।

ईरान पर लगाए और प्रतिबंध

इजराइल पर किए बैलेस्टिक मिसाइल हमलों के जवाब में अमेरिका ने की कार्रवाई

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने इजराइल पर ईरान द्वारा एक अक्टूबर को करीब 180 मिसाइलें दागे जाने के जवाब में शुक्रवार को ईरान के ऊर्जा क्षेत्र पर नयी पाबंदियों की घोषणा की। ईरान ने कहा था कि इजराइल ने हाल के सप्ताह में लेबनान में हिजबुल्ला पर जो एक के बाद भीषण हमले किये, उसी के जवाब में उसने मिसाइलें दागीं। हिजबुल्ला को ईरान का समर्थन प्राप्त है। हिजबुल्ला तब से इजराइल पर रॉकेट दाग रहा है जब गाजा में लड़ाई शुरू हुई थी।

अमेरिका ने शुक्रवार को जिन पाबंदियों की घोषणा की है उनमें ईरान के तथाकथित जहाजों के गुप्त बेड़े तथा संबंधित कंपनियों पर प्रतिबंध शामिल है। ये जहाज और कंपनियां संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, हांगकांग और अन्य भूभागों में फैली हैं तथा वे कथित रूप से एशिया में खरीददारों के वास्ते ईरानी तेल की ढुलाई में लगी हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने ईरान से पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री और ढुलाई का इंतजाम करने के आरोप में सूरीनाम, भारत, मलेशिया और हांगकांग स्थित कंपनियों का एक नेटवर्क भी नामित किया है। वर्तमान अमेरिकी कानून ईरान के ऊर्जा क्षेत्र के साथ-साथ ईरानी तेल खरीदने, बेचने और ढुलाई करने वाली विदेशी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार देता है, लेकिन ऊर्जा प्रतिबंध अक्सर एक नाजुक मुद्दा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि नए प्रतिबंध ईरान को उन वित्तीय संसाधनों से और वंचित करेंगे जिसका उपयोग वह अपने मिसाइल कार्यक्रमों के वास्ते तथा आतंकवादी संगठनों का सहयोग करने के लिए करता है क्योंकि ये आतंकवादी संगठन अमेरिका, उसके मित्रों एवं सहयोगियों के लिए खतरा पैदा करते हैं। इन दंडात्मक कदमों का लक्ष्य उन्हें अमेरिकी वित्तीय तंत्र का इस्तेमाल करने तथा अमेरिकी नागरिकों को उनके साथ कारोबारी संबंध बनाने से रोकना है।

180 मिसाइलें ईरान ने एक अक्टूबर को इजराइल पर थे दागे, इजराइल ने भी लेबनान में किए भीषण हमले

ईरान बोला- इजराल की मदद करने वाले नतीजा भुगतेंगे

बेरूत। ईरान ने इजराइल और लेबनान में जारी लड़ाई के बीच अरब देशों और मिडिल ईस्ट में अमेरिका के सहयोगियों को चेतावनी जारी की है। अमेरिकी अखबार के मुताबिक, ईरान ने डिप्लोमैटिक चैनल पर यह धमकी दी है। ईरान ने कहा कि अगर किसी भी देश ने इजराइल को उस पर हमला करने में मदद की या अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल करने दिया, तो उसे खामियाजा भुगतना होगा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में आशंका जताई गई है कि इजराइल ईरान के तेल भंडारों या परमाणु ठिकानों को निशाना बना सकता है। इधर इजराइल ने 48 घंटे में दूसरी बार लेबनान में यूएन पीस कीपिंग फोर्स पर हमला किया है। हमले के बाद इजराइल ने कहा कि सेना को इस इलाके में खतरे की जानकारी मिली थी। अटैक से पहले यूएन कर्मचारियों को वॉर्निंग दी गई थी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि वे इजराइल से अपील करते हैं कि वह हिजबुल्लाह से लड़ाई के बीच यूएन पीसकीपर्स पर हमला करना बंद करे।

इजरायल ने शुरू कर दिया मिशन, ईरान पर बड़ा साइबर अटैक

तेहरान। इजरायल से तनाव के बीच ईरान के ऊपर शनिवार को बड़ा साइबर हमला हुआ है, जिसमें इसके परमाणु संयंत्रों को भी निशाना बनाया गया है। साइबर हमले से ईरानी सरकार की तीनों शाखाओं पर असर पड़ा है। ये हमला ऐसे समय में हुआ है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, देश के सुप्रीम काउंसिल ऑफ साइपरस्पेस के पूर्व सचिव फिरोजाबादी ने इन हमलों की पुष्टि की है। फिरोजाबादी के हवाले से कहा गया है कि ईरान की सरकार की लगभग तीनों शाखाओं- न्यायपालिका, विधायिका और कार्यकारी शाखा- पर भारी साइबर हमला हुआ है। उनकी जानकारी चुरा ली गई है। हमारे परमाणु संयंत्रों को भी साइबर हमलों को निशाना बनाया है। साथ ही ईंधन वितरण, सिटी नेटवर्क, परिवहन नेटवर्क, बंदरगाह नेटवर्क और इसी तरह के अन्य नेटवर्क को निशाना बनाया गया है।

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस ने की मोदी की ऊर्जा की प्रशंसा

लंदन। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने एक नए संस्मरण में बदलाव के वाहक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की है। इस संस्मरण में उन्होंने अपने उतार-चढ़ाव से भरे राजनीतिक जीवन का उल्लेख करते हुए याद किया कि कैसे भारतीय नेता के साथ पहली मुलाकात में उन्हें एक आलौकिक ऊर्जा महसूस हुई थी। ब्रिटेन में इस सप्ताह बुक स्टोर पर बिक्री के लिये उपलब्ध अन्लीश्ड, में एक पूरा अध्याय भारत के साथ ब्रिटेन के संबंधों पर केंद्रित है।

हिंद-प्रशांत के संदर्भ में भारत-ब्रिटेन की मजबूत मित्रता पर बार-बार जोर देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत के साथ उचित मुक्त-व्यापार समझौते की दिशा तय करने का श्रेय खुद को दिया है, क्योंकि उन्हें मोदी के रूप में बिल्कुल सही साझेदार और मित्र मिल गया है। जॉनसन ने ब्रिटेन और भारत नामक अध्याय में मोदी के साथ अपनी पहली मुलाकात का जिक्र किया है जब वे लंदन के मेयर थे, तब मोदी ने टेम्स नदी के किनारे सिटी हॉल स्थित कार्यालय का दौरा किया था। किसी कारणवश, हम लोग टावर ब्रिज के पास वाले प्लाजा में अंधेरे में उनके समर्थकों की भीड़ के सामने खड़े हो गए। उन्होंने मेरा हाथ पकड़कर उठाया और हिंदी में कुछ कहा और मैंने उनकी अनोखी आलौकिक ऊर्जा को महसूस किया।

कराची हवाई अड्डे के पास हुए धमाके में विदेशी एजेंसी का हाथ

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान के कराची हवाई अड्डे के पास हुए हालिया धामाके की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में संकेत मिला है कि यह हमला किसी विदेशी खुफिया एजेंसी की सहायता से किया गया था। मीडिया में शनिवार को छपी खबर में यह जानकारी दी गई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) द्वारा आतंकवाद निरोधी अदालत को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि आत्मघाती बम धमाके के जरिये पाकिस्तान-चीन संबंधों को नुकसान पहुंचाने की साजिश के तहत चीनी इंजीनियरों को निशाना बनाया गया।

गत रविवार को बलूच विद्रोही समूह द्वारा चीनी श्रमिकों के काफिले को निशाना बनाकर किये गए आत्मघाती हमले में दो चीनी नागरिक मारे गए थे और 17 अन्य लोग घायल हो गए थे। जिन्ना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट रविवार रात को हुए विस्फोट में संदिग्ध आत्मघाती हमलावर भी मारा गया। ट्रिब्यून के मुताबिक प्रारंभिक रिपोर्ट में इस हमले के लिए बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को जिम्मेदार ठहराया गया है। साथ ही संकेत दिया है कि यह हमला एक विदेशी खुफिया एजेंसी की सहायता से किया गया।



- सीटीडी के अनुसार आत्मघाती धमाके से चीनी इंजीनियरों को बनाया गया निशाना
- रिपोर्ट में हमले के लिए बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को ठहराया गया है जिम्मेदार

खबर में कहा गया है कि यह संकेत मिलता है कि किसी अज्ञात आतंकवादी ने विस्फोटक लगाने से पहले अपना वाहन चीनी नागरिकों के काफिले के पास खड़ा किया था। विस्फोट की आवाज सुनकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और वहां पुलिस और रेंजर्स कर्मियों सहित कई लोग घायल अवस्था में मिले। चीनी नागरिक शहर के बाहरी इलाके में पोर्ट कासिम इलेक्ट्रिक पावर कंपनी में काम कर रहे थे और जब उनके काफिले पर हमला हुआ तब वे घर लौट रहे थे।

तबाही का तूफान

अमेरिका में तूफान मिल्टन ने कहर मचा दिया है। फ्लोरिडा में इस तूफान का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला है। यहां करीब 20 लाख लोग अपने घरों को छोड़कर चले गए हैं। जबकि 4,300 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया है। तूफान मिल्टन फ्लोरिडा के पश्चिमी तट से टकराया है तूफान की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि फ्लोरिडा में कई बड़ी-बड़ी इमारतें ताश के पत्तों की तरह बिखरी हुई नजर आ रही हैं। तूफान के बाद ऐसी कई तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें अमेरिकी घरों की छत पूरी तरह से गायब हो चुकी है और घरों के अंदर का सामान यहां-वहां बिखरा पड़ा है। ● एजेंसी

सैन्य भर्ती के लिए पंजीकरण नहीं करने वालों की खोज

कीव। यूक्रेन के सैन्य भर्ती अधिकारियों ने राजधानी कीव में सैन्य पंजीकरण दस्तावेजों की जांच के सिलसिले में रेस्तरां, बार और एक कंसर्ट हॉल पर छापा मारा और उन पुरुषों को हिरासत में लिया, जो नियम का पालन नहीं कर रहे थे। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह खबर दी।

यूक्रेन के रॉक बैंड ओकियन एल्जी के संगीत कार्यक्रम के बाद अधिकारी कथित तौर पर कीव के पैलेस ऑफ स्पोर्ट्स स्थल पर पहुंचे। मीडिया संगठनों द्वारा प्रसारित वीडियो में कंसर्ट हॉल के दरवाजे के बाहर कुछ अधिकारी खड़े नजर आ रहे हैं, जो अंदर से बाहर आ रहे लोगों को पकड़ रहे हैं। इस फुटेज में अधिकारी कुछ पुरुषों को जबरन हिरासत में लेते हुए जान पड़ते हैं। शॉपिंग केंद्र गुडवाइन और लोकप्रिय रेस्तरां एवलॉन में भी ऐसी जांच की गई।

कमला हैरिस के समर्थन में ए आर रहमान ने 30 मिनट का प्रस्तुति वीडियो किया रिकॉर्ड

- रहमान ने भारतीय-अफ्रीकी मूल की हैरिस का किया समर्थन

वाशिंगटन, एजेंसी

प्रसिद्ध संगीतकार ए आर रहमान ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के समर्थन में अपने संगीत कार्यक्रम का 30 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड किया है, जिससे पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले हैरिस के प्रचार अभियान को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। रहमान दक्षिण एशिया के पहले बड़े कलाकार हैं, जिन्होंने भारतीय-अफ्रीकी मूल की हैरिस का समर्थन किया है।

एशियन अमेरिकन पैसिफिक आइलैंडर्स (एएपीआई) विक्ट्री फंड के अध्यक्ष शेखर नरसिम्हन ने कहा कि इस प्रस्तुति के साथ ही ए आर रहमान उन नेताओं और कलाकारों के समूह में शामिल हो गए हैं जो अमेरिका में प्रगति और प्रतिनिधित्व का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक संगीत कार्यक्रम से कहीं अधिक है, यह हमारे समुदायों के लिए कार्रवाई का आह्वान है कि वे उस भविष्य के निर्माण की कवायद में शामिल हों और वोट करें जिसे हम देखना चाहते हैं। एएपीआई विक्ट्री फंड ने घोषणा की कि विश्व विख्यात संगीतकार और गायक रहमान ने हैरिस के 2024 के राष्ट्रपति अभियान के समर्थन में 30 मिनट का विशेष वीडियो रिकॉर्ड किया है। इस वीडियो का एएपीआई विक्ट्री फंड के यूट्यूब पर 13 अक्टूबर को प्रसारण किया जाएगा। 30 मिनट के इस कार्यक्रम में रहमान के कुछ सबसे पसंदीदा गाने शामिल होंगे, जिनमें कमला हैरिस की ऐतिहासिक उम्मीदवारी और एएपीआई समुदाय के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालने वाले संदेश भी शामिल होंगे।

राष्ट्रपति के लिए जरूरी मानकों पर खरी उतरती हैरिस

वाशिंगटन। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के चिकित्सक ने शनिवार को पत्र में कहा कि हैरिस की सेहत बहुत अच्छी है और वह राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी निभाने के लिए जरूरी शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य मानकों पर खरी उतरती हैं। अमेरिकी सेना में कर्नल और उपराष्ट्रपति के चिकित्सक डॉक्टर जोशुआ सिमंस ने पत्र में लिखा कि हैरिस (59) की जीवनशैली स्वस्थ और सक्रिय है और पिछले अप्रैल में उनकी सबसे हालिया शारीरिक जांच सामान्य रही थी। उन्होंने दो पृष्ठ के पत्र में लिखा कि वह राष्ट्रपति पद के कर्तव्यों को सफलतापूर्वक निभाने के लिए आवश्यक शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य मानकों पर खरी उतरती हैं।

जम्मू-कश्मीर में 90 विधायकों में से 70% से अधिक स्नातक

श्रीनगर, ,एजेंसी

- भाजपा के छह विधायक पेशेवर डिग्री वाले स्नातक और चार स्नातकोत्तर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए चुने 90 विधायकों में से 70 प्रतिशत से अधिक ने न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक बताई है और इनमें से तीन के पास डॉक्टरेट की डिग्री है। गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, हाल में हुए विधानसभा चुनावों में विजयी रहे डॉक्टरेट डिग्री धारक तीनों विधायक भाजपा के नेता हैं।

भाजपा के छह विधायक पेशेवर डिग्री वाले स्नातक और चार स्नातकोत्तर हैं। कुल 42 सीट के साथ चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के विधायक दल में 16 पेशेवर डिग्री वाले स्नातक और पांच स्नातकोत्तर हैं। भाजपा के आठ विधायकों ने 10वीं को उच्चतम शैक्षणिक योग्यता घोषित किया है, जबकि नेकां में ऐसे विधायकों की संख्या सिर्फ एक है। भाजपा के दो विधायक ऐसे हैं जिन्होंने कक्षा-10 की परीक्षा पास नहीं की है, जबकि इस श्रेणी में नेकां का एक विधायक है। भाजपा के चार विधायक ऐसे हैं जिन्होंने कक्षा-12 की परीक्षा पास की है, जबकि नेकां के ऐसे विधायकों की संख्या छह है। नए विधानसभा सदस्यों की शैक्षिक योग्यता के समग्र विश्लेषण से पता चलता है कि चार विधायकों ने कक्षा-10 की परीक्षा पास नहीं की है।

मानहानि में शशि थरूर की याचिका पर होगी सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय सोमवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री को निशाना बनाकर की गई थरूर की कथित शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया था। याचिका पर सुनवाई करते हुए 10 सितंबर को उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस सांसद के खिलाफ दायर मानहानि मामले में निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत ने इस मामले में शिकायतकर्ता भाजपा नेता राजीव बब्बर और दिल्ली पुलिस को याचिका पर जवाब तलब किया था।

खगोल विज्ञान | तारों व आकाशगंगाओं के व्यवहार व प्रतिक्रिया समझने के लिए महत्वपूर्ण खोज

एक लाख किमी रफ्तार से छिटके हैं इस निहारिका के तारे

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : खगोलविदों ने ऐसी निहारिका खोज निकाली है, जिसके तारे एक लाख किमी रफ्तार से छिटके हैं। यह निहारिका युवा तारा समूह है। इसका नाम आर136 है। तारों के साथ आकाशगंगाओं के व्यवहार व उनकी प्रतिक्रिया समझने के लिहाज से यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

तारों की दुनिया अनोखी और अजूबी है। सही बात तो यह भी है कि हम अपने तारे सूर्य को भी अभी तक समुचित रूप से नही समझ पाए हैं। ज्ञातब्य हो सूर्य इन दिनों बेहद उग्र हो चला है और विस्फोटों के साथ आग उगल रहा है। जिसका असर पृथ्वी पर ऑरोरा के रूप में नजर आ रहा है तो कभी ब्लैक आउट के रूप में। बहरहाल तारों को अपनो से दूर भगाती निहारिका में पिछले दो मिलियन वर्ष से जबरदस्त हलचल है। खोजकर्ताओं के अनुसार इस निहारिका में दो विस्फोटों में 55 विशाल तारे 100,000 किमी प्रति घंटा से अधिक गति से बाहर निकल चुके हैं। खोजकर्ताओं ने इन तारों की खोज के लिए यूरोपीय गैया स्पेस टेलीस्कोप के डेटा का उपयोग किया है। इस सप्ताह विज्ञान पत्रिका नेचर में यह खोज प्रकाशित हुई है। वैज्ञानिको का कहना है कि तारों के छिटकने की स्थिति गतिमान नवजात तारों के निकट टकराव के परिणामस्वरूप उत्पन्न होती है। इस युवा निहारिका ने पिछले कुछ मिलियन वर्षों में अपने सबसे विशाल तारों में से एक तिहाई को बाहर फेक दिया है। इस भीषण खगोलीय घटना का सिलसिला 1.8 मिलियन साल पहले शुरू हुआ था। तब इस निहारिका का निर्माण हुआ था। पहली घटना के दो लाख साल बाद दूसरा विस्फोट हुआ। पहली बार एक ही तारा समूह से निकलने वाले उच्च गति वाले तारों की इतनी बड़ी संख्या देखी गई है। यह निहारिका बहुत ही विशेष समूह है। जिसमें ज्ञात सबसे विशाल हजारों तारों का द्रब्यमान हमारे सूर्य के द्रव्यमान से 300 गुना अधिक है।

निहारिका आर136 से छिटकते तारों की प्रतीकात्मक तस्वीर।

ज्ञात सबसे बड़ी निहारिका है

नैनीताल : इस निहारिका में सैकड़ों हजारों तारे हैं। यह पाँच मिलियन प्रकाश वर्ष के दायरे में अभी तक कि ज्ञात सबसे बड़े तारा-निर्माण क्षेत्र का हिस्सा है। इस खोज से पता पुष्टि होती है कि एक तिहाई विशाल तारे अपने जीवन के आरंभ में ही अपने जन्म क्षेत्र से बाहर निकल जाते हैं और अलग क्षेत्रों में अपना प्रभाव डालते हैं। यूरोपियन अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिको ने यह खोज की है।